
# राजस्थान पत्रिका

कोच गंभीर और रोहित का मास्टरस्ट्रोक @स्पोर्ट्स





वोटर लिस्ट में गड़बड़ी-भाषा विवाद पर संसद में हंगामा @इंडिया-वर्ल्ड

पत्रिका अखबार हर दिन लोगों के घर के दरवाजे खोलता है और पढ़ने के बाद मन के दरवाजे खोलता है।

## काम की तीन खबरें ईपीएफओ 3.0 में होंगे कई बदलाव, टीडीएस रिटर्न अब होगा आसान

### ईपीएफओ 3.0

## अब एक आधार नंबर पर एक ही यूएएन जारी होगा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** जल्द ही आधार के जरिए कर्मचारियों के पीएफ खाते की पहचान होगी। ईपीएफओ 3.0 के तहत एक आधार कार्ड पर एक ही यूनिवर्सल अकाउंट नंबर (यूएएन) जारी होगा। इसका मकसद पीएफ से फंड निकासी की प्रक्रिया को आसान बनाना है। इससे किसी कर्मचारी के नौकरी छोड़ने या दूसरी नौकरी पाने पर दो यूएएन नंबर नहीं होंगे। योजना के मुताबिक, अगर पहले से यूएएन है तो नया नंबर जारी नहीं होगा। शेष@पेज10

### दो या अधिक यूएएन मिला सकेंगे

1 दो या उससे अधिक यूएएन नंबर वाले दावेदार जब पीएफ निकासी के लिए आवेदन करते हैं तो सिस्टम को यह पता नहीं चलता कि वह किस खाते से धनराशि निकासी के लिए दावा कर रहे हैं।

2 दो यूएएन नंबर होने पर ईपीएफओ की सुविधाओं का लाभ नहीं मिलता है। यदि कोई कर्मचारी इस स्थिति में है तो वह दोनों यूएएन को विलय कर परेशानियों से बच सकता है।

### जीएसटी

अप्रेल से नया नियम

## चोरी रोकने के होंगे उपाय

**नई दिल्ली@पत्रिका.** जीएसटी डेटा की चोरी और फर्जीवाड़ा रोकने के लिए एक अप्रेल से जीएसटी में पंजीकृत सभी यूजरों के लिए मल्टी फैक्टर ऑथेंटिकेशन (एमएफए) नियम लागू होने जा रहा है। एमएफए के तहत वन टाइम पासवर्ड (ओटीपी) के बिना यूजर लॉग-इन नहीं कर पाएंगे। इसलिए सभी यूजर जीएसटी पोर्टल पर अपने फोन नंबर को अपडेट कर लें ताकि ओटीपी पाने में दिक्कत न हो।

**ई-वे बिल के नियम में भी बदलाव :** शेष@पेज10

### टीडीएस

## अगर कट रहा ज्यादा टीडीएस तो 15 मार्च तक भरें फॉर्म-13

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** कमाई पर ज्यादा टीडीएस कट रहा है और हर साल टैक्स रिफंड की झंझट से बचना चाहते हैं, तो फॉर्म-13 भरना बेहतर उपाय हो सकता है। आयकर विभाग ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए यह फॉर्म जारी किया है, जिससे करदाताओं को कम या शून्य टीडीएस कटौती की सुविधा मिल सकती है। चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अंतिम तिथि 15 मार्च 2025 है। वर्ष 2025-26 के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

### किसे भरना चाहिए

1 वेतनभोगी कर्मचारी, जिनकी कुल कर देनदारी टीडीएस कटौती से कम है।

2 वरिष्ठ नागरिक, जिनकी आय पेंशन, ब्याज या किराए से आती है।

3 वे लोग जो किराए, डिविडेंड या अन्य निवेश स्रोतों से आय प्राप्त कर रहे हैं।

4 व्यवसायी व स्वतंत्र पेशेवर, जो वार्षिक आय पर टीडीएस को कम करना चाहते हैं।

5 जिनकी आय निवेश से आती है, लेकिन वे अधिक टीडीएस से बचना चाहते हैं।

**आशंका दूर:** एनजीटी को सौंपी गई सीपीसीबी की नई रिपोर्ट में दावा

## महाकुंभ में स्नान के लिए उपयुक्त थी गंगा-यमुना के पानी की गुणवत्ता

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान गंगा और यमुना के पानी की गुणवत्ता श्रद्धालुओं के स्नान के लिए उपयुक्त थी। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) को सौंपी रिपोर्ट में यह दावा किया है। रिपोर्ट सांख्यिकीय विश्लेषण पर आधारित है।

रिपोर्ट के मुताबिक सांख्यिकीय विश्लेषण इसलिए जरूरी था, क्योंकि एक ही स्थान से अलग-अलग तिथियों और एक ही दिन में अलग-अलग स्थानों से एकत्र किए गए नमूनों की जांच में भिन्नता पाई गई। इससे समग्र पानी की गुणवत्ता स्पष्ट नहीं होती थी। सांख्यिकीय विश्लेषण से एकत्र डेटा का आकलन किया गया। बोर्ड ने 12 जनवरी से प्रति सप्ताह दो बार गंगा में पांच स्थानों और यमुना में दो स्थानों पर पानी की निगरानी की।

### पहले अलग थी रिपोर्ट

**पहले** बोर्ड ने 17 फरवरी को एनजीटी को सूचित किया था कि महाकुंभ के दौरान प्रयागराज में विभिन्न स्थानों पर फीकल कोलीफॉर्म का स्तर बढ़ जाने से पानी नहाने योग्य नहीं था। तब विपक्ष ने नदियों के पानी की गुणवत्ता पर सवाल उठाए थे।

### सांख्यिकीय विश्लेषण

**रिपोर्ट** के मुताबिक पहले के नमूनों में अंतर के कारण विभिन्न निगरानी स्थानों के जल गुणवत्ता डेटा का सांख्यिकीय विश्लेषण किया गया। इनमें ऐसे 10 स्थान शामिल हैं, जहां सामूहिक स्नान किया गया। सभी स्थानों पर जल दूषित करने के कारक औसतन मानदंडों के भीतर पाए गए।

भूपेश बघेल और बेटे चैतन्य के 14 ठिकानों पर ईडी की छापेमारी @ छत्तीसगढ़ पेज

**बिहार में दिनदहाड़े**

## ज्वेलरी शोरूम में 22 मिनट में 25 करोड़ की लूट



**आरा@पत्रिका.** बिहार के आरा में हथियारबंद अपराधियों ने एक नामी कंपनी के ज्वेलरी शोरूम से सोमवार को करीब 25 करोड़ रुपए का माल लूट लिया। अपराधी ग्राहक बनकर घुसे और हथियार के बल पर लाइसेंसी रायफल छीनकर गार्ड को एक तरफ बैठा दिया। विरोध करने पर एक सेल्समैन की पिटाई की गई। करीब 22 मिनट में वे दो मंजिला शोरूम का सारा माल समेटकर रफूचक्कर हो गए। बदमाश शोरूम के कर्मचारियों और ग्राहकों के मोबाइल फोन भी साथ ले गए। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

**प्लान चौपट:** प्रत्यर्पण से बचने की कोशिशों को लगा झटका

## ललित मोदी 'न घर के न घाट के', रद्द होगा वानुआतु का पासपोर्ट

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** आइपीएल के पूर्व चेयरमैन ललित मोदी का हाल 'न घर के रहे न घाट के' जैसा हो गया है। दक्षिण प्रशांत महासागर के द्वीप देश वानुआतु की नागरिकता लेते ही उसे झटका लगा। वानुआतु के प्रधानमंत्री जोथम नापत ने सोमवार को नागरिकता आयोग को ललित मोदी का पासपोर्ट फौरन रद्द करने का आदेश दिया। इससे मोदी का वानुआतु में बसने का सपना टूट गया है। अगर वह यहां बस जाता तो उसे भारत लाना आसान नहीं होता, क्योंकि वानुआतु के साथ प्रत्यर्पण संधि नहीं है।

वानुआतु डेली पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक न्यूजीलैंड में भारत की उच्चायुक्त नीता भूषण ने कुछ अन्य द्वीप देशों के साथ मिलकर ललित मोदी के वानुआतु पासपोर्ट को रद्द कराने में अहम भूमिका निभाई। मीडिया में मोदी के वानुआतु की नागरिकता लेने की खबरों के बाद वहां की सरकार को पता चला कि वह भारत का भगोड़ा कारोबारी है। इसके बाद उसका पासपोर्ट रद्द करने का फैसला किया गया। शेष@पेज10

### भारतीय नागरिकता छोड़ने के लिए किया था लंदन में आवेदन

**ललित** मोदी ने 7 मार्च को अपना भारतीय पासपोर्ट वापस करने के लिए आवेदन दिया था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा था कि लंदन के भारतीय उच्चायोग में यह आवेदन किया गया। हम कानून के तहत उसके खिलाफ मामला आगे बढ़ाना जारी रखेंगे।

### मनी लान्ड्रिंग-टैक्स चोरी मामलों में वांटेड



**आइपीएल** की 2007 में शुरुआत करने वाला ललित मोदी मनी लान्ड्रिंग और टैक्स चोरी के आरोपों को लेकर विभिन्न एजेंसियों की जांच के घेरे में है। भारत कई बार ब्रिटेन से उसके प्रत्यर्पण की मांग कर चुका है।

**विदेशी** मुद्रा उल्लंघन से जुड़े मामलों में आयकर और ईडी अधिकारियों की पूछताछ के बाद वह मई 2010 में ब्रिटेन भाग गया था। तब से वह लंदन में रह रहा है।

**आइपीएल** 2010 के फाइनल के बाद मोदी को बीसीसीआइ से निलंबित कर दिया गया था। उस पर दो नई फ्रेंचाइजी, पुणे और कोच्चि की बोली में हेराफेरी के आरोप लगे थे। बीसीसीआइ की जांच में उसे 2013 में दोषी ठहराया गया।

**कहां है वानुआतु...** दक्षिण प्रशांत महासागर का छोटा-सा द्वीप देश वानुआतु उत्तरी ऑस्ट्रेलिया से 1,750 किलोमीटर दूर है। वहां की आबादी करीब तीन लाख (पुड्डुचेरी से भी कम) है। वहां गोल्डन पासपोर्ट स्कीम के तहत अमीर लोग पैसे देकर नागरिकता हासिल कर सकते हैं। वानुआतु के पासपोर्ट से 120 देशों में वीजा फ्री एंट्री मिलती है। इस देश में इनकम और कॉर्पोरेट टैक्स नहीं है।




**ट्रेनों में टोटा:** होली पर घर जाना आसान नहीं, एसी में जाने वालों की संख्या छह साल में 18 से 38 करोड़ हुई

## यात्री बढ़ गए एक करोड़, सीटें 5 लाख भी नहीं बढ़ीं

विजय कुमार झा
patrika.com

**जयपुर.** होली पर घर जाना है, ट्रेन में सीट नहीं है। रेलवे ने कई स्पेशल ट्रेनें चलाई हैं, फिर भी कन्फर्म टिकट नहीं मिल रहा। नॉन एसी डिब्बों में समस्या ज्यादा गंभीर है। यात्री एक करोड़ से भी ज्यादा बढ़ गए, जबकि ट्रेनों में सीटें पांच लाख भी नहीं बढ़ पाईं। एसी डिब्बों में सफर करने वालों की संख्या छह साल में 18 से 38 करोड़ हो गई है। रेलवे चाहता है कि ज्यादा लोग एसी में सफर करें। उसे एसी3 टायर में सफर करने वालों से ज्यादा कमाई हो रही है। वर्ष 2019-20 में एसी3 टायर से 11 करोड़ (कुल यात्रियों का 1.4 प्रतिशत) ने यात्रा की थी। इनकी संख्या 2024-25 में 26 करोड़ (कुल यात्रियों का 3.5 प्रतिशत) रही। शेष@पेज10

### एसी3 टायर के यात्री रेलवे के कमाऊ पूत




| | 2020 | 2021 | 2022 | 2023 | 2024 | 2025 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| यात्री | 11.34 करोड़ | 3.24 करोड़ | 10.31 करोड़ | 18.03 करोड़ | 31.10 करोड़ | 25.97 करोड़ |

### थर्ड एसी से ज्यादा बढ़ा स्लीपर का किराया

**एसी3-टायर** का औसत किराया अन्य क्लास की तुलना में कम बढ़ा है। 2019-20 की तुलना में 2024-25 में एसी3 टायर का किराया प्रति यात्री 7.4 प्रतिशत बढ़ा, जबकि एसी फर्स्ट क्लास के लिए यह बढ़ोतरी 25.38 प्रतिशत रही। वहीं स्लीपर क्लास के मामले में यह आंकड़ा 10.64 फीसदी रहा।

### वेटिंग 200 से ऊपर

*दिल्ली-पटना रूट की कई ट्रेनों के स्लीपर क्लास में 11 मार्च के लिए वेटिंग संख्या 200 के करीब मिली। विक्रमशिला एक्सप्रेस में 239 वेटिंग चल रही थी। बेंगलूरु-दानापुर, जयपुर-लखनऊ आदि रूट की ज्यादातर ट्रेनों का हाल यही था।*

| रूट | ट्रेन | 11 मार्च को स्लीपर में वेटिंग |
|---|---|---|
| दिल्ली-पटना | विक्रमशिला | 239 |
| बेंगलुरु-दानापुर | संघमित्रा | 197 |
| जयपुर-लखनऊ | जयपुर-गोमती नगर | 183 |
| मुंबई-कानपुर | अवध एक्सप्रेस | 116 |
| मुंबई-हावड़ा | कलकत्ता मेल | 159 |

## न्यूज विंडो

### संभल मस्जिद पर मांगा हलफनामा

**प्रयागराज@पत्रिका.** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआइ) के वकील को निर्देश दिया कि अगर वह दावा कर रहे हैं कि संरक्षित स्मारक (संभल की जामा मस्जिद) पर सफेदी करने की इजाजत नहीं दी जा सकती तो हलफनामा दाखिल करें।

### मोदी मॉरीशस यात्रा पर रवाना


**नई दिल्ली@पत्रिका.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को मॉरीशस यात्रा पर रवाना हुए। मोदी ने अपनी मॉरीशस की यात्रा को आपसी प्रगति और समृद्धि के साथ-साथ हिंद महासागर क्षेत्र में सुरक्षा एवं विकास के लिए महत्त्वपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा, 'मॉरीशस एक करीबी समुद्री पड़ोसी, हिंद महासागर में एक प्रमुख साझीदार है।

**सुप्रीम कोर्ट**

## 'विशेष शिक्षकों के खाली पद शीघ्र भरें'

**नई दिल्ली@पत्रिका.** सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया कि वे विशेष बच्चों के लिए शिक्षकों के स्वीकृत पदों को अधिसूचित करें और तुरंत उनकी चयन प्रक्रिया शुरू करें। तदर्थ आधार पर काम कर रहे शिक्षकों को योग्यता के आधार पर नियमित किया जाना चाहिए। जस्टिस सुधांशु धूलिया व जस्टिस के. विनोद चंद्रन की पीठ एक जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें विशेष आवश्यकता वाले छात्रों को पढ़ाने के लिए विशेष शिक्षकों की कमी पर प्रकाश डाला गया था।

## वाराणसी: संतों ने खेली मसान होली



**वाराणसी.** रंगभरी एकादशी पर सोमवार को मसान होली खेलते साधुओं को देखती विदेशी पर्यटक। मसान होली श्मशान की राख से खेली जाती है।

**महाराष्ट्र**

### शिर्डी में गोमांस की बिक्री पर प्रतिबंध

**मुंबई@पत्रिका.** शिर्डी में साईं बाबा देवस्थान अहिल्यानगर में गोमांस की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। अहिल्यानगर के पालकमंत्री राधाकृष्ण विखे पाटिल ने बताया कि आसपास के बूचड़खाने बंद कर दिए हैं। दर्शन के लिए भक्तों को टोकन देने की व्यवस्था शुरू की गई है।

**उत्तर प्रदेश**

### जीएसटी के डिप्टी कमिश्नर ने की खुदकुशी

**नोएडा@पत्रिका.** गाजियाबाद में तैनात जीएसटी विभाग के डिप्टी कमिश्नर संजय सिंह ने नोएडा की सोसायटी की 15वीं मंजिल से कूदकर खुदकुशी कर ली। वह सोसायटी के फ्लैट में रहते थे। कैंसर की अंतिम स्टेज के कारण वह लंबे समय से तनाव में थे। पुलिस को सुसाइड नोट नहीं मिला है।

**मुश्किल** दिल्ली आ रहा विमान शिकागो लौटा, यात्रियों को किराया लौटाया

## विमान में टॉयलेट जाम, 10 घंटे हवा में परेशान रहे 300 यात्री

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**शिकागो.नई दिल्ली.** अमरीका के शिकागो से दिल्ली आ रही एयर इंडिया की उड़ान को उस वक्त वापस लौटना पड़ा, जब विमान के 12 में से आठ टायलेट जाम होने के कारण उपयोग योग्य नहीं थे।

इस दौरान यात्रियों को 10 घंटे तक हवा में परेशान होना पड़ा। विमान में 300 यात्री सवार थे। घटना गत गुरुवार की है जब शिकागो से दिल्ली के लिए रवाना हुई एआइ126 उड़ान करीब साढ़े चार घंटे का सफर कर ग्रीनलैंड के ऊपर से गुजर रही थी। तब पता चला कि विमान के अधिकतर शौचालय जाम हो गए हैं, केवल बिजनेस क्लास का एक टायलेट उपयोग योग्य था। बाद में चालक दल ने विमान को पुनः लौटाने का निर्णय किया। शिकागो में यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचाने की वैकल्पिक व्यवस्था की गई या किराया लौटाया गया। कुछ यात्रियों ने घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर शेयर किया।

*साढ़े चार घंटे की उड़ान के बाद पता चला टॉयलेट काम नहीं कर रहे*



### इधर, एयरपोर्ट पर टली विमानों की टक्कर

**हैदराबाद@पत्रिका.** हैदराबाद एयरपोर्ट पर इंडिगो का विमान दूसरे विमान से टकराने से बाल-बाल बचा। इंडिगो की उड़ान 150 यात्री लेकर गोवा से विशाखापत्तनम जा रही थी। हैदराबाद में लैंडिंग के दौरान पायलट ने रनवे पर विमान खड़ा देखा तो विमान को वापस हवा में उठा लिया। उधर, मुंबई से न्यूयॉर्क जा रहे एयर इंडिया के विमान को सोमवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली। विमान की वापस मुंबई में लैंडिंग कराई गई। इसमें करीब 320 लोग सवार थे।



28 फरवरी की रिपोर्ट कुंभ स्थल पर प्रदूषण नियंत्रित मिला

# गंगा व सहायक नदियों को प्रदूषण रहित करने पर 6706 करोड़ खर्च

### लोकसभा में दी वन व पर्यावरण मंत्री यादव ने लिखित जानकारी

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com



**नई दिल्ली.** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ समाप्त हो चुका है, लेकिन संगम पर पानी के प्रदूषण को लेकर अब तक सवाल-जवाब चल रहे हैं। इस बीच लोकसभा में केन्द्रीय वन व पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने जानकारी दी है कि गंगा व सहायक नदियों को प्रदूषण रहित करने के साथ उनके पुनरुद्धार के लिए पिछले तीन साल में 6706 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। वहीं केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) की 28 फरवरी को एनजीटी को दी गई रिपोर्ट में कुंभ स्थल के पानी में प्रदूषण नियंत्रित मिला है।

दरअसल, महाकुंभ के पानी को लेकर काफी सियासत हुई। सरकार व विपक्ष के बीच वार-पलटवार हुआ। इस बीच सोमवार को सांसद आनंद भदौरिया व के.सुधाकरन के महाकुंभ के दौरान संगम स्थल पर पानी की गुणवत्ता और नमामि गंगे को लेकर लोकसभा में सवाल पूछा। इसके लिखित जवाब में मंत्री यादव ने कहा कि गंगा और सहायक नदियों के पुर्नद्धार के लिए जून 2014 से मार्च 2021 की अवधि के लिए नमामि गंगे कार्यक्रम शुरू हुआ था। बाद में इस कार्यक्रम को 31 मार्च 2026 तक बढ़ाया गया। उन्होंने बताया कि 2022-23 से 2024-25 तक 7900 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान किया गया। इसमें से 7421 करोड़ रुपए आवंटित किए गए। अब तक 6706.74 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं।

### नियमित की गई निगरानी

यादव ने बताया कि महाकुंभ के दौरान गंगा व यमुना नदी के पानी की गुणवत्ता की निगरानी नियमित की गई। सीपीसीबी ने प्रारंभिक रिपोर्ट 3 फरवरी को निगरानी रिपोर्ट पेश की। इसके बाद सीपीसीबी ने निगरानी क्षेत्र का दायरा बढ़ाते हुए इसकी संख्या दस कर दी। साथ ही प्रतिदिन दो बार निगरानी की जाने लगी। इसके बाद 28 फरवरी को विस्तृत रिपोर्ट पेश की गई। इसमें जैव रासायनिक ऑक्सीजन, फेकल कॉलीफॉर्म का औसत मध्यमान स्नान के पानी के लिए संबंधित मानदंड के भीतर बताया गया।

**नमामि गंगे पर खर्च राशि (करोड़ रुपए में)**

| वर्ष | बजट प्रावधान | जारी राशि | खर्च |
|---|---|---|---|
| 2022-23 | 2500 | 2200 | 2258.98 |
| 2023-24 | 2400 | 2400 | 2396.10 |
| 2024-25 | 3000 | 2801 | 2051.66 |

## एमएसएमई के विस्तार के लिए मोदी सरकार ने उठाए अहम कदम : राठौड़



**नई दिल्ली @ पत्रिका ब्यूरो.** राज्यसभा सांसद एवं राजस्थान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के विकास के लिए निरंतर कार्यरत है। केंद्र सरकार ने बजट 2025 में एमएसएमई की परिभाषा में संशोधन कर कई उद्यमों को इस दायरे में शामिल किया है, जिससे अधिक व्यवसायों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। मदन राठौड़ ने राज्यसभा में इसको लेकर सवाल किया।इसके लिखित जवाब में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने जानकारी दी कि उद्यम पोर्टल पर पंजीकृत सूक्ष्म उद्यमों के लिए 5 लाख रुपए की सीमा के साथ अनुकूलित क्रेडिट कार्ड की शुरुआत की गई है। साथ ही, क्रेडिट गारंटी कवर सीमा को 5 करोड़ से बढ़ाकर 10 करोड़ कर दिया गया है। इस पहल से अगले पांच वर्षो में 1.5 लाख करोड़ का अतिरिक्त ऋण प्रदान किया जाएगा।

**एमएसएमई क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए कई योजनाएं लागू:** मदन राठौड़ ने बताया कि मोदी सरकार एमएसएमई क्षेत्र में व्यापार के विस्तार और पूंजी तक आसान पहुंच के लिए कई योजनाएं चला रही हैं। इनमें प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, विशेष क्रेडिट लिंक्ड पूंजी सब्सिडी योजना, सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों के लिए क्रेडिट गारंटी योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, स्टैंड अप इंडिया और आत्मनिर्भर भारत योजना शामिल हैं। बजट 2025 में स्टार्टअप्स के लिए गारंटी कवरेज राशि को 10 करोड़ से बढ़ाकर 20 करोड़ रुपए कर दिया गया है। इसके अलावा, अच्छी तरह से संचालित निर्यातक एमएसएमई के लिए 20 करोड़ तक के सावधि ऋण पर क्रेडिट गारंटी दी गई है।

सांसद हनुमान बेनीवाल ने सरकार से की स्थायी समाधान की मांग

## जोजरी, बांडी और लूणी नदी में बढ़ते प्रदूषण का मामला लोकसभा में गूंजा



**नई दिल्ली@पत्रिका ब्यूरो.** नागौर से सांसद एवं राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के अध्यक्ष हनुमान बेनीवाल ने लोकसभा में राजस्थान के पाली, जोधपुर और बालोतरा जिलों में जोजरी, बांडी और लूणी नदी के बढ़ते प्रदूषण का मुद्दा उठाया। बेनीवाल ने लोकसभा में नियम 377 के तहत कहा कि इन नदियों में कपड़ा उद्योग सहित विभिन्न फैक्ट्रियों से निकलने वाले दूषित और रसायनयुक्त जल के कारण आसपास के गांवों की कृषि भूमि बंजर होती जा रही है। साथ ही, इसका गंभीर असर मानव और पशुधन के स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है। सांसद बेनीवाल ने आरोप लगाया कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद स्थानीय प्रशासन इस समस्या को लेकर गंभीर नहीं है, जिससे इन नदियों का अस्तित्व संकट में आ गया है। उन्होंने केंद्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री से मांग की कि केंद्र सरकार की एक विशेष टीम भेजकर स्थिति का आकलन किया जाए और ऐसी फैक्ट्रियों को सीज कर इस समस्या का स्थायी समाधान निकाला जाए।

**वहन पत्र विधेयक, 2024 छोटे व्यापारियों के लिए हितकर नहीं:** सांसद बेनीवाल ने लोकसभा में वहन पत्र विधेयक, 2024 पर चर्चा के दौरान सरकार की नीतिगत खामियों को उजागर किया। उन्होंने कहा कि यह विधेयक व्यापारिक प्रक्रिया, माल ढुलाई और आर्थिक व्यवस्था को प्रभावित करेगा, लेकिन इसमें छोटे व्यापारियों और मध्यम उद्योगों के हितों की अनदेखी की गई है।

अधिकारियों की हठधर्मिता पाठ्यपुस्तकों में पढ़ाने लायक

# सुप्रीम कोर्ट हैरान, हाई कोर्ट का आदेश 16 साल से ठंडे बस्ते में

### अधिकारी स्वयं को कानून से परे समझने लगे हैं, दंडित करने की सिफारिश

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**श्रीनगर.** वेतनवृद्धि और सेवा नियमित करने की मांगों के साथ सोमवार को प्रदर्शन करते पीएचई के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को रोकते पुलिसकर्मी।

नई दिल्ली. सुप्रीम कोर्ट जम्मू-कश्मीर में दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को नियमित करने के मामले में जम्मू-कश्मीर हाई कोर्ट का आदेश 16 साल तक ठंडे बस्ते में रखने के सरकारी रवैये पर चकित रह गया। अदालत ने सरकारी अधिकारियों के आचरण पर गहरी नाराजगी जताई और कहा कि ऐसे अधिकारियों को दंडित किया जाना चाहिए। जस्टिस सूर्यकांत व जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि कहा कि सरकारी अधिकारियों का यह रवैया स्वयं को कानून से ऊपर समझने का स्पष्ट उदाहरण है। सर्वोच्च अदालत ने कहा कि 'हम यह मानने के लिए बाध्य हैं कि वर्तमान मामला अधिकारियों की हठधर्मिता का एक स्पष्ट उदाहरण है जो पाठ्यपुस्तकों में पढ़ाए जाने लायक हैं कि कैसे अधिकारी स्वयं को कानून की पहुंच से परे मानते हैं।

अदालत ने कहा कि 'वास्तव में हम इस मामले को दोषी अधिकारियों पर कठोर जुर्माना लगाने के लिए उपयुक्त मानते हैं, साथ ही उनके खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की भी सिफारिश करते हैं। हालांकि, हम वर्तमान में ऐसा करने से खुद को रोक रहे हैं क्योंकि, अवमानना की कार्यवाही अभी हाई कोर्ट के समक्ष लंबित हैं।

इसलिए, हम विद्वान हाई कोर्ट से अनुरोध करते हैं कि वह अवमानना की कार्यवाही करें और यह सुनिश्चित करें कि कानून की गरिमा और पवित्रता अच्छी तरह से बनी रहे।' पीठ ने आगे कहा कि यह एक निर्विवाद तथ्य हैं कि दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को सरकारी अधिकारी बार-बार रहस्यमय आदेश पारित करके परेशान कर रहे हैं। अधिकारियों ने हाई कोर्ट के आदेश के वास्तविक महत्त्व और भावना की अनदेखी हो रही है।

### कर्मचारियों ने 2006 में लगाई थी याचिका

दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों ने 2006 में हाई कोर्ट में याचिका दायर कर अपनी सेवा को नियमित करने ओर एसआरओ 64/1994 के अनुसार वेतन भुगतान की मांग की थी, क्योंकि वे 14 से 19 वर्षो से काम कर रहे थे। हाई कोर्ट ने 2007 में कर्मचारियों के हक में फैसला सुनाया था। जम्मू-कश्मीर सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की, लेकिन शीर्ष अदालत ने पाया कि प्रशासन का आचरण प्रथम दृष्टया अवमाननापूर्ण है।

मध्यप्रदेश का भी यही हाल


### हाई कोर्ट के फैसलों पर भी कुंडली मारे बैठे हैं अधिकारी

**2015:** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने सरकार को कहा कि किसी भी तालाब के किनारे एक भी अतिक्रमण नहीं रहने चाहिए। यदि किसी भी तालाब के किनारे कोई अतिक्रमण है तो उसे 60 दिनों के भीतर हटाया जाए। अफसरों की लेटलतीफी का आलम यह है कि कई तालाब अब मैदान में तब्दील हो गए हैं। इस पर अवमानना याचिका लंबित है।

**2018:** हाईकोर्ट ने बिना परमिट चल रहे ऑटो रिक्शों पर रोक लगाने के निर्देश दिए। इस आदेश का पालन नहीं हुआ।

**2019:** मप्र हाईकोर्ट ने कहा कि खेल के मैदानों का अन्य गतिविधियों के लिए उपयोग न किया जाए। लेकिन जबलपुर में ही बड्डा दादा मैदान सर्कस ग्राउंड बना हुआ है।

**पत्रिका ने चला रखा है अभियान**




अदालती फैसलों की पालना नहीं होने के बारे में पत्रिका समूह के प्रधान संपादक गुलाब कोठारी ने लिखा था अग्रलेख।
क्यूआर स्कैन करें

**तिब्बती :** चीनी दूतावास के बाहर प्रदर्शन



**नई दिल्ली @ पत्रिका.** तिब्बती विद्रोह की बरसी पर चीनी दूतावास के बाहर निर्वासित तिब्बतियों ने प्रदर्शन किया। एक तिब्बती प्रदर्शनकारी को हिरासत में लेने की कोशिश करती पुलिस।

## हाईकोर्ट का शराब दुकानों की नीलामी पर रोक से इनकार

**नई दिल्ली/जयपुर @ पत्रिका.** हाईकोर्ट ने 1241 शराब दुकानों की मंगलवार को होने वाली नीलामी पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने याचिका लंबित होने के कारण याचिकाकर्ता को नीलामी के लिए अयोग्य नहीं मानने का आदेश दिया। वहीं याचिकाकर्ताओं की दुकानों की नीलामी को याचिका के निर्णय के अधीन रखा है। मुख्य न्यायाधीश एम.एम. श्रीवास्तव और न्यायाधीश भुवन गोयल की खंडपीठ ने सीता देवी व अन्य की याचिकाओं पर यह आदेश दिया। याचिकाकर्ता पक्ष के वरिष्ठ अधिवक्ता आर.बी. माथुर व अन्य ने कहा कि नई आबकारी नीति के अंतर्गत दुकानों के क्लस्टर बनाए गए हैं, जिसमें अधिकतम पांच दुकानों को रखा गया है। इसमें क्लस्टर की कोई दुकान नीलाम नहीं होने पर उसे क्लस्टर के दूसरे दुकान संचालक को देने का प्रावधान है। याचिकाओं में प्रावधान को चुनौती दी गई।


**सर्वे से खुलासा :** अकादमिक तनाव की चपेट में देश के छात्र

## हर 10वां छात्र आत्महत्या के विचार से ग्रस्त

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** भारतीय कॉलेज के छात्रों में आत्महत्या की प्रवृत्ति पर हाल ही में हुए एक बहु-राज्यीय सर्वेक्षण से यह खुलासा हुआ है कि पिछले साल 10 में से एक छात्र के मन में आत्महत्या के विचार आए थे। मेलबर्न विश्वविद्यालय, निम्हान्स (राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य एवं तंत्रिका विज्ञान संस्थान), बैंगलुरू और कई भारतीय मेडिकल कॉलेजों के शोधकर्ताओं के नेतृत्व में किए गए इस अध्ययन में नौ राज्यों के 30 विश्वविद्यालयों के 8,542 छात्रों का सर्वेक्षण किया गया।

12 फीसदी से अधिक छात्रों के मन में पिछले एक वर्ष के दौरान आया आत्महत्या का विचार



### 5% से ज्यादा छात्र कर चुके आत्महत्या का प्रयास

**इस** अध्ययन में यह सामने आया है कि पिछले वर्ष 12 प्रतिशत से अधिक छात्रों के मन में आत्महत्या के विचार आए थे, जबकि 5 प्रतिशत से अधिक ने आत्महत्या का प्रयास किया था। इसका मतलब है कि 40 छात्रों की कक्षा में, कम से कम पांच ने अपनी जान लेने के बारे में सोचा है। दो ने तो इसके लिए प्रयास भी किया होगा।

## शिक्षक संग 5 हजार छात्र बनेंगे सड़क सुरक्षा प्रहरी

**नई दिल्ली/जयपुर @ पत्रिका.** जागरूकता में कमी और लापरवाही के चलते सड़क हादसों में सबसे अधिक जान युवाओं ने गंवाई हैं। इसी बात को ध्यान में रखते हुए अब परिवहन विभाग सड़क सुरक्षा के लिए युवाओं को जागरूक कर रहा है।

सड़क हादसे रोकने के लिए एम्स दिल्ली की सहभागिता से परिवहन विभाग ने कवायद शुरू की है। इसके तहत राज्य के 4 कॉलेजों में बेसिक लाइफ सपोर्ट सिस्टम सेंटर तैयार किए गए हैं। वहीं, कॉलेजों में शिक्षक और छात्रों को सड़क सुरक्षा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। विभाग की ओर से अभी तक 50 से अधिक कॉलेजों में 650 शिक्षक और पांच हजार छात्रों को सड़क सुरक्षा का प्रहरी बनाया गया है।

### ऐसे हो रहे तैयार

परिवहन विभाग की सड़क सुरक्षा सेल शिक्षकों को बेसिक लाइफ सपोर्ट का प्रशिक्षण दे रही है। शिक्षकों को ट्रेनर के रूप में तैयार किया जा रहा है, जो आगे प्रशिक्षण दे रहे हैं। विभाग का उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा गुड सेमेरिटन तैयार करना है।

### इनका कहना है

सड़क सुरक्षा के लिए कॉलेज छात्रों को गुड सेमेरिटन के रूप में तैयार कर रहे हैं। राज्य में सबसे अधिक युवाओं की ही सड़क हादसों में मौत हुई है। युवा जागरूक होंगे तो हादसों में कमी आएगी।
**शुचि त्यागी,** आयुक्त एवं सचिव परिवहन विभाग

नाहरगढ़ वन अभयारण्य : सीमाओं को गुपचुप बदलने की तैयारी

# चहेतों को फायदे के लिए जंगल से खिलवाड़, विभाग का सर्वे शुरू

### पर्यावरणविदों का विरोध, होटलों और रिसॉर्ट्स को बचाने का आरोप

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

करीब 12 हजार हेक्टेयर भूमि शामिल

इको सेंसिटिव जोन में बदलाव पर घिरे अधिकारी

**नई दिल्ली/जयपुर.** शहर के आस-पास के ऑक्सीजोन को सरकार खत्म करने और चहेतों को फायदा देने की तैयारी में है। यदि सरकार की योजना सफल हुई तो नाहरगढ़ ईको सेंसिटिव जोन का नक्शा ही बदल जाएगा। जो वन और वन्य जीवों के साथ-साथ शहरवासियों के लिए भी नुकसानदायक होगा। सूत्रों की मानें तो होटल इंडस्ट्री को फायदा देने के लिए सरकार इस तरह का निर्णय लेने पर आमादा है। वन विभाग ने सीमा संशोधन को लेकर सर्वे भी शुरू कर दिया है।

दरअसल, नाहरगढ़ ईको सेंसिटिव जोन से प्रभावित जयपुर में कई होटल और रिसॉर्ट हैं। पर्यावरणविद् का दावा है कि सरकार इनको बचाना चाहती हैं और इसी वजह से सीमाओं में परिवर्तन करने की तैयारी चल रही है। जबकि, वन विभाग को अभयारण्य की सीमाओं में बदलाव का अधिकार ही नहीं है। सीमा का बदलाव केन्द्रीय पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ही कर सकता है।



नाहरगढ़ ईको सेंसिटिव जोन

**डीएफओ विजयपाल सिंह से सवाल जवाब**

**Q. दुबारा सीमांकन की जरूरत क्यों पड़ी ?**
**जवाब:** नक्शे की सीमाओं में असमानता के कारण ऐसा किया जा रहा है। इस वजह से कई मामले न्यायालय में चल रहे हैं।

**Q. होटल लॉबी को फायदा पहुंचाने के लिए यह बदलाव किया जा रहा है ?**
**जवाब:** ऐसा नहीं है। कई जगह सीमा गांव के अंदर तक है। सीमा से सटे कई गांव इससे बाहर हैं। इस तरह की कई दिक्कतें है। जिससे विवाद हो रहे हैं। ये सब देखते हुए ऐसा किया जा रहा है। इसमें किसी को फायदे जैसी कोई बात नहीं।

**Q. पारदर्शिता पर भी सवाल उठ रहे हैं ?**
**जवाब:** इस काम में पूरी पारदर्शिता रखी जाएगी। गजट नोटिफिकेशन के अनुसार सर्वे का काम शुरू किया गया है। जैसे यह काम पूरा होगा उसके बाद आगे का काम होगा। यह तय है कि, इसमें सब कुछ स्पष्ट रहेगा।

### 500 हेक्टेयर से ज्यादा भूमि अभी तक वन विभाग के नाम नहीं

**जानकारी** के अनुसार, नाहरगढ़ लेपर्ड सेंचुरी को वर्ष 1947 में आरक्षित वन क्षेत्र बनाया गया था। वर्ष 1980 में इसे सेंचुरी का दर्जा दिया गया। राजस्थान राजपत्र के अनुसार 1961 में आमेर के करीब 40 गांव की 12,374 हेक्टेयर भूमि शामिल की गई। वन विभाग की तथ्यात्मक रिपोर्ट में कहा गया कि गजट नोटिफिकेशन में आरक्षित वन क्षेत्र घोषित होने के बावजूद इन गांवों की पूरी भूमि वन विभाग के नाम नहीं की गई। इस संबंध में वन विभाग ने कई बार जिला प्रशासन को पत्र लिखा है। इसके बाद भी अभी तक केवल 11055 हेक्टेयर भूमि ही वन विभाग के नाम दर्ज है। करीब 511 हेक्टेयर भूमि अभी तक वन विभाग के नाम नहीं है।

## परकोटा में 19 व्यावसायिक कॉम्प्लेक्सों पर हो सकती है कार्रवाई

**नई दिल्ली/जयपुर @ पत्रिका.** हाईकोर्ट ने परकोटा क्षेत्र स्थित 19 आवासीय भवनों के स्थान पर बनाए गए व्यावसायिक कॉम्प्लेक्सों के मामले में सात मार्च को दिया यथास्थिति का आदेश वापस ले लिया, जिससे अब इन पर कार्रवाई का 25 फरवरी का आदेश प्रभावी हो गया। कोर्ट ने निर्माण से जुड़े लोगों को पक्ष रखने की अनुमति देते हुए पक्षकार बना लिया, वहीं नगर निगम अब इन निर्माणों पर कार्रवाई के लिए स्वतंत्र है। मुख्य न्यायाधीश एम एम श्रीवास्तव व न्यायाधीश भुवन गोयल की खंडपीठ ने स्वप्रेरणा से दर्ज याचिका पर सोमवार को सुनवाई की। प्रभावित भवन मालिकों की ओर से कहा गया कि जिस रिपोर्ट के आधार पर 25 फरवरी को आदेश दिया, वह रिपोर्ट तथ्यात्मक रूप से गलत और प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत के खिलाफ थी।

गेहूं खरीद | खरीद केन्द्रों पर नहीं पहुंचे किसान

# पहले दिन केन्द्रों पर सन्नाटा, मंडियों में एमएसपी से ज्यादा भाव

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली/जयपुर.** सरकार ने समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद शुरू कर दी है, लेकिन पहले दिन सोमवार को राज्यभर में खरीद केन्द्रों पर सन्नाटा पसरा रहा। सबसे ज्यादा खरीद केन्द्र बीकानेर और कोटा संभाग में बनाए गए हैं। यहां भी किसानों ने सरकारी खरीद केन्द्रों पर गेहूं बेचने में रुचि नहीं दिखाई। राज्य में 318 सरकारी खरीद केन्द्र बनाए गए हैं।

बारां जिले की फल-सब्जी मंडी में बनाए खरीद केन्द्र के नीलामी शेड में न तो कांटा था, न ही वहां किसी के बैठने की व्यवस्था मिली। सन्नाटा पसरा हुआ था। जिले में बारां में 848, मांगरोल में 1809, अटरू में 741, छबड़ा में 161 और सीसवाली में 1151 किसानों ने पंजीयन कराया, लेकिन वे गेहूं लेकर नहीं पहुंचे। बारां में खुले बाजार में नया गेहूं 2650 रुपए से लेकर 2850 रुपए तक बिका।



झुंझुनूं में सूना पड़ा खरीद केंद्र

बारां जिले में पांच खरीद केन्द्रों के लिए किसानों ने टोकन लिए थे, लेकिन एक क्विंटल गेहूं भी तुलाई के लिए नहीं पहुंचा।
**-रामचरण मीणा,** डिपो मैनेजर, एफसीआइ, बारां

### इन खरीद केंद्रों पर यह रहा हाल

**अलवर:** जिस जगह पर केन्द्र बनने थे, वहां पर ताले लटके नजर आए। अलवर में गेहूं खरीद के लिए दस केन्द्र बनाए गए हैं, जिन पर 16 हजार 800 एमटी गेहूं खरीद का लक्ष्य है।

**झालावाड़:** 6 केन्द्र बनाए गए हैं। जिले के भवानीमंडी में 30 क्विंटल, चोमहला में 25 क्विंटल, पिड़ावा में 11 क्विंटल की खरीद हुई। जिले के डग, रायपुर व मनोहरथाना खरीद केन्द्रों पर किसान नहीं पहुंचे।

**पाली:** सुमेरपुर में पहले दिन किसान खरीद केंद्र पर पहुंचे, दस्तावेजों के अभाव में रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ। यहां 30 रजिस्ट्रेशन हुए हैं। तखतगढ़ में 28 किसानों ने टोकन लिया है।

**इसलिए नहीं आए किसान**

- मंडियों में गेहूं का भाव 2800 रुपए प्रति क्विंटल के आसपास चल रहा है, जबकि एमएसपी पर खरीद 2575 रुपए क्विंटल पर होगी।
- खरीद प्रक्रिया में गुणवत्ता से जुड़े कई प्रावधान हैं, जैसे नमी होने पर मूल्य कटौती की जाएगी। कई जिलों में अभी गेहूं की कटाई नहीं हुई है।

**पोलमपोल** भायो
सवा साल बतळा दिया, 'कॉंग्रेस का पाप'।
कहे सियासत चालणु, अजी अस्यो ही जाप!!

ट्री प्रोटेक्शन एक्ट की मांग को लेकर एकजुट हुए लोग, पर्यावरण की रक्षा को लेकर निकाली रैली

# पेड़ों को बचाने के लिए आधे दिन मिला-जुला बंद रहा जैसलमेर

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com


जैसलमेर. ट्री प्रोटेक्शन एक्ट की मांग को लेकर रैली निकालते लोग।

**जैसलमेर.** पेड़ों को बचाने के लिए मजबूत कानून यानी ट्री प्रोटेक्शन एक्ट की मांग को लेकर सोमवार को लोग एकजुट हुए। अखिल भारतीय विश्नोई महासभा, अखिल भारतीय जीव रक्षा सभा, राजस्थान पर्यावरण जीव रक्षा संस्थान, पर्यावरण संघर्ष समिति खेजड़ला व जिला बिश्नोई संस्थान सहित कई पर्यावरण संस्थाओं ने दोपहर दो बजे तक जैसलमेर बंद रखा। वन्यजीव के संरक्षण के क्षेत्र में काम कर रहे संगठन भी मार्च में शामिल हुए। हालांकि कुछ स्थानों पर बंद का मिलाजुला असर तो कई जगह प्रभावी दिखाई दिया। दोपहर तक जहां गड़ीसर मार्ग, गुलासतला, आसनी पथ और हनुमान चौराहा क्षेत्र में कई दुकानें बंद रही, वहीं गोपा चौक, सदर बाजार, गांधी चौक व पुराने ग्रामीण बस स्टैंड आदि इलाकों में बंद को ज्यादा समर्थन नहीं मिल सका। वहीं, गड़ीसर चौराहा से पेड़ बचाने सहित पर्यावरण की रक्षा की मांग को लेकर निकाली गई। इस दौरान महिलाओं की बड़ी भागीदारी रही।

### सख्त कानून बनाने की मांग

इस मौके पर मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन दिया गया है। राज्य वृक्ष के संरक्षण व राजस्थान ट्री प्रोटेक्शन एक्ट की मांग को लेकर 18 जुलाई 2024 से नोख, दईया, खेजड़ला की रोही में धरना चल रहा है। उन्होंने बताया कि दो बार शिष्टमंडल मुख्यमंत्री से मिल चुके हैं। गत रविवार को जैसलमेर में मशाल जुलूस भी निकाला गया।

### दिल्ली तक आवाज पहुंचाने का संकल्प

**रैली** को संबोधित करते हुए पर्यावरण प्रेमियों ने कहा कि खेजड़ी को बचाने और ट्री प्रोटेक्शन के लिए एक्ट बनाने की मांग को पीएम नरेन्द्र मोदी तक पहुंचाने का संकल्प लिया। जैसलमेर जिले का पवित्र ओरण क्षेत्र भी औद्योगीकरण की चपेट में आकर खतरे में आ गया है। संगठनों के नेताओं ने कहा कि आज जिस तेजी से धरती का तापमान बढ़ रहा है, उससे पूरी दुनिया चिंतित है। ऐसे में लोगों को बढ़-चढ़कर पौधारोपण करने और उनके संरक्षण का प्रयास करना चाहिए।

एक घंटे मशक्कत के बाद किया काबू

## कपड़े की दुकान में लगी आग



पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**पोकरण (जैसलमेर).** गांधी चौक के पास सदर बाजार में सोमवार को कपड़े की दुकान में आग लग गई। सूचना पर पहुंची दमकल ने एक घंटे में आग पर काबू पाया। बाजार में मोडरडी निवासी हरिसिंह की कपड़े की दुकान के अंदर तड़के पांच बजे आग जलती नजर आई। यहां से गुजर रहे संत गजानन महाराज मंदिर के पुजारी भोमाराम शर्मा ने देखा तो इसकी सूचना व्यापारियों को दी। इस पर बड़ी संख्या में व्यापारी मौके पर एकत्रित हो गए और दुकान संचालक को सूचना दी और फायर ब्रिगेड को बुलाया। दुकान संचालक के पहुंचने में देरी के चलते व्यापारियों, पुलिस व दमकलकर्मियों ने लोहे के सरिये से ताले तोड़े और शटर खोला। व्यापारियों के सहयोग से दमकल ने आग पर काबू किया।

### ट्रेंडिंग वीडियो पत्रिका TV

1. 

बिजली पर घमासान, धारीवाल ने लगाई नागर की क्लास

2. 

वोटर लिस्ट में गड़बड़ी पर राहुल और स्पीकर में बहस

youtube.com/@RajasthanPatrikaTV
राज्य के वायरल वीडियो, शॉर्ट्स क्यूआर कोड स्कैन कर देखें।

### न्यूज शॉर्ट्स

### शुरू हुए राजनीति विज्ञान के साक्षात्कार

**अजमेर @ पत्रिका.** राजस्थान लोक सेवा आयोग के तत्वावधान में सहायक आचार्य राजनीति विज्ञान-2023 के चौथे चरण के साक्षात्कार सोमवार से शुरू हो गए। सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि सहायक आचार्य राजनीति विज्ञान (कॉलेज शिक्षा विभाग), 2023 के चतुर्थ चरण के साक्षात्कार 21 मार्च तक कराए जाएंगे।

### बांसवाड़ा: सरकारी और निजी स्कूलों में 'जैन कल्याणक'

**बांसवाड़ा @ पत्रिका.** सरकारी और निजी स्कूलों में 10 से 20 मार्च तक जैन कल्याणक मनाया जाएगा। इसके लिए शिक्षा विभाग ने आदेश जारी किए हैं। शासन उप सचिव राजेश दत्त माथुर ने बताया कि जैन धर्म के प्रवर्तक भगवान ऋषभदेव के जन्म और दीक्षा कल्याणक के तहत प्रदेश के समस्त सरकारी एवं निजी विद्यालयों में कार्यक्रम होंगे। इसमें विभिन्न पोस्टर बनाना, रंग कराना, निबंध लेखन व अन्य कार्यक्रम होंगे।

### दोस्त की चाकू घोंपकर हत्या

**मकराना.(नागौर) @ पत्रिका.** पलाड़ा रोड पर सोमवार को एक युवक ने अपने दोस्त की चाकू से हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार सोमवार सुबह आरिश उर्फ आसिफ (20) घर पर सो रहा था। इस दौरान चमनपुरा निवासी कासिम उसके घर आया और आसिफ को उठाकर चाकू से वार कर हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार दोनों दोस्त थे। दोनों में बाइक की बात को लेकर झगड़ा हो गया, जिसके चलते नाराज कासिम ने आरिश पर हमला किया।

खाटूश्यामजी में एकादशी का मुख्य मेला आयोजित

# पहली बार चांदी के रथ पर निकले बाबा श्याम, लाखों श्रद्धालु पहुंचे

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**सीकर. खाटूश्यामजी.** खाटूश्यामजी में एकादशी के मुख्य मेले में सोमवार को श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। पहली बार चांदी के रथ पर बैठकर नगर भ्रमण के लिए निकले श्याम को देखने के लिए देशभर के लाखों श्रद्धालु मेले में पहुंचे। इस बीच मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी शोभायात्रा पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा करवाते हुए मंदिर में श्याम बाबा के दर्शन किए। एकादशी पर अचानक बढ़ी भीड़ में प्रशासन की कमजोर व्यवस्थाओं की भी पोल खुली नजर आई।

**चार श्रद्धालुओं की तबीयत बिगड़ी, एक की मौत:** मेले में भीड़ के दबाव के बीच कतारों में लगे चार श्रद्धालुओं की तबीयत बिगड़ गई। एंबुलेंस की मदद से सरकारी अस्पताल पहुंचाकर उनका उपचार शुरू किया गया। इस बीच हरिद्वार से पहुंचे 56 वर्षीय श्रद्धालु अश्वनी कुमार की दिल के दौरे से मौत हो गई।




बाबा के दरबार में पहुंचे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा।

### मेले का आज समापन

**खाटूश्यामजी** के फाल्गुनी लक्खी मेले का समापन मंगलवार को सूरजगढ़ का निशान चढ़ने के साथ होगा। इस दौरान बाबा श्याम को परंपरागत रूप से खीर-चूरमे का भोग लगाने के साथ 56 भोग की झांकी सजाई जाएगी। इसी के साथ मेलार्थी लौटने शुरू हो जाएंगे। हालांकि हजारों श्रद्धालु बाबा श्याम के साथ होली खेलने के लिए भी रुकेंगे।

## रिश्वत लेकर भागने का प्रयास करते टेक्नीशियन पकड़ा



### 7 ट्यूबवेल का औसत बिल बनाने के एवज पर मांगी घूस

**देणोक(जोधपुर) @ पत्रिका.** क्षेत्र के गोरछियां का बेरा में सोमवार को जोधपुर एसीबी की टीम ने 14 हजार रुपए की रिश्वत लेते टेक्नीशियन बजरंगदास को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। एसीबी डीजीपी डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि टीम को फलोदी जिले के आऊ उपखंड के बिजली विभाग के कनिष्ठ अभियंता कार्यालय में कार्यरत टेक्नीशियन की ओर से 7 ट्यूबवेल के बिल की औसत राशि की गणना कर समय पर बिल जारी करने की एवज में 14 हजार रुपए की मांग कर परेशान करने की शिकायत मिली। टीम ने कार्रवाई करते हुए टेक्नीशियन को रिश्वत की राशि 14 हजार रुपए लेकर भागने के प्रयास करते हुए गिरफ्तार किया।

इलेक्ट्रॉनिक-सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने दी मंजूरी

## डिजी लॉकर से होगा अभ्यर्थियों की डिग्री-मार्कशीट का सत्यापन

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**अजमेर.** राजस्थान लोक सेवा आयोग अब डिग्री-मार्कशीट और अन्य दस्तावेज का सत्यापन डिजी लॉकर से कर सकेगा। राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस प्रभाग इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने इसकी मंजूरी दी है। इससे अभ्यर्थियों के फर्जी डिग्री-मार्कशीट पेश करने जैसे फर्जीवाड़े रुकेंगे।

सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि मंत्रालय को डिजी लॉकर को भर्ती प्रक्रियाओं में उपयोग करने के लिए पत्र लिखा था। डिजी लॉकर प्लेटफार्म का पिछले दिनों प्रजेंटेशन दिया गया। इसमें ऑनलाइन दस्तावेज की जानकारी दी गई।

**ये है नेशनल एकेडमिक डिपॉजिटरी:** केंद्र सरकार ने नेशनल एकेडमिक डिपॉजिटरी योजना के तहत डिजी लॉकर बनाए हैं। सीबीएसई सहित सभी बोर्ड की दसवीं-बारहवीं से लेकर यूजी-पीजी और अन्य पाठ्यक्रमों की डिग्री, डिप्लोमा, अंकतालिकाएं, प्रमाण पत्र और अन्य दस्तावेज डिजिटल ऑनलाइन उपलब्ध हैं। दस्तावेज जिस अथॉरिटी से जारी होता है, वहीं से प्रमाणित होकर लॉकर में उपलब्ध होता है। उसके सत्यापन की आवश्यकता नहीं होती है।



### पकड़ी थीं फर्जी डिग्रियां

**आरपीएससी** की शिकायत पर एसओजी ने प्राध्यापक हिन्दी (स्कूल शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा 2022 में सांचौर बागोड़ा भावड़ी गांव वाड़ा निवासी कमला कुमारी और भाई दलपतसिंह, चितलवाना भूतेल देवड़ा निवासी ब्रह्मा कुमारी व भाई डॉ. सुरेश विश्नोई को फर्जी डिग्री मामले में पकड़ा था। दोनों महिला अभ्यर्थियों के भाइयों ने 2-2 लाख रुपए में फर्जी डिग्री का इंतजाम किया था।

अजमेर से पहुंची गोताखोर की टीम ने शुरू की तलाश

## बनास नदी में नाव पलटी...दो युवकों ने तैरकर जान बचाई, तीन का नहीं मिला सुराग




लापता राजवीर मीणा, संदीप मीणा और कालूराम मीणा।

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**सावर (अजमेर).** नापाखेड़ा गांव के पास बनास नदी में सैर पर निकले पांच युवकों की नाव सोमवार दोपहर अचानक पलट गई। हादसे में दो युवकों ने तैरकर जान बचाई, जबकि तीन का देर शाम तक सुराग नहीं लगा। वहीं शाम को अजमेर से गोताखोरों की टीम मौके पर पहुंची और युवकों की तलाश शुरू की।

सावर थाना प्रभारी बनवारी मीणा ने बताया कि पांच युवक नाव में बैठकर बनास नदी में घूमने निकले। नदी में कुछ दूरी तक जाने के बाद संतुलन बिगड़ जाने से अचानक नाव पलट गई। इससे उसमें सवार नापाखेड़ा निवासी प्रवीण मीणा व सांवरलाल मीणा ने जैसे-तैसे तैरकर जान बचाई, जबकि संदीप मीणा, राजवीर उर्फ बिट्टू मीणा, कालूराम मीणा गहरे पानी में चले गए। नदी से तैरकर निकले दोनों युवकों ने ग्रामीणों को हादसे की जानकारी दी। इस पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बोट के जरिये नदी में युवकों की तलाश शुरू की। उधर, सूचना मिलने पर तहसीलदार भगवती प्रसाद वैष्णव, कानूनगो सत्यनारायण मिश्रा भी घटनास्थल पर पहुंचे। युवकों की तलाश के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन शाम तक जारी रहा, हालांकि तीनों युवकों का कोई पता नहीं चल सका।

### अकेला था संदीप

**बनास** नदी में लापता संदीप घर में अकेला था। वह ई-मित्र चलाता था। उसके एक छोटी बहन है। हादसे के चलते गांव में लोग गमगीन हो गए।

तीन शताब्दियों से चल रहा दो जातियों में डोलची खेल मुकाबला

## अनूठी होली : पीठ पर पड़ती 'सटाक' की मार लाती है 'डोलची' भर कर खुशी

विमल छंगाणी
patrika.com

**बीकानेर.** रंगों का पर्व होली देश में उमंग और उत्साह के साथ मनाया जाता है। देश के अलग-अलग क्षेत्रों की होली अपनी अनूठी संस्कृति और परंपराओं के कारण प्रसिद्ध हैं। बीकानेर में होलाष्टक के दौरान होने वाले डोलची खेल भी ऐसा ही है। इस अनूठी होली में चमड़े और लोहे से बनी डोलची में पानी भर कर फेंकते हैं। प्रतिद्वंदी खिलाड़ी की पीठ पर पड़ने वाली पानी की धार के साथ 'सटाक' की आवाज हर किसी को रोमांचित करती है। खिलाड़ी इस वार को हंसते-हंसते सहन करते हैं। इस खेल में न किसी की हार होती है और न ही जीत। साल-दर-साल यह प्रेम भरी बौछार हर्ष-व्यास जाति के प्रगाढ़ संबंधों को और मजबूत कर रही है। इस बार यह डोलची खेल 11 मार्च को होगा।

### सैकड़ों खिलाड़ी, दो घंटे मुकाबला

हीरालाल हर्ष के अनुसार, डोलची खेल के मुकाबले में दोनों जातियों के बच्चों से बुजुर्ग तक शामिल होते हैं। मुकाबला करीब दो घंटे तक चलता है। हर्ष जाति की ओर से हवा में गुलाल उड़ा कर खेल समाप्ति की घोषणा की जाती है।


हर्ष-व्यास जाति में चार दशक पूर्व हुए खेल का दृश्य। फाइल फोटो।

### तीन शताब्दी पहले शुरू हुआ डोलची खेल


**बीकानेर** में पुष्करणा ब्राह्मण समाज के राजनीतिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्रों में योगदान पर पीएचडी करने वाले डॉ. मुकेश हर्ष के अनुसार सन. 1717 के लगभग राजा गजसिंह के शासनकाल में दोनों जातियों में डोलची खेल शुरू हुआ। उस समय एक सामाजिक विवाद और उसके निस्तारण के बाद हुए मधुर संबंधों के प्रतीक रूप में इस खेल की शुरुआत हुई थी।

### लोहे के कडाहों-कुंडियों में पानी

**डोलची** खेल के लिए पूरे हर्षों के चौक को दुल्हन की तरह सजाया जाता है। डोलची खेल के दिन लोहे के बड़े कडाहों और कुंडियों में टैंकरों से पानी भरा जाता है। खिलाड़ी इसी पानी से डोलची खेलते है। खेल के दौरान आस-पास घरों की छतों पर सैकड़ों महिलाएं इस खेल को देखने के लिए मौजूद रहती हैं।

एनजीटी के आदेश पर कार्रवाई

## स्मार्ट सिटी के करोड़ों रुपए के कामों पर चला पीला पंजा


सेवन वंडर में स्टेच्यू ऑफ लिबर्टी को हटाने के लिए लगाई क्रेन।

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**अजमेर.** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के आदेश की पालना मे अजमेर विकास प्राधिकरण व नगर निगम ने स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में करोड़ों की लागत से किए गए कामों पर सोमवार को एकाएक कार्रवाई की। आनासागर झील से सटे सेवन वंडर व हरिभाऊ उपाध्याय नगर स्थित गांधी समृति उद्यान को सोमवार को आमजन के लिए बंद कर दिया। सेवन वंडर में स्टेच्यू ऑफ लिबर्टी को हटाने के लिए क्रेन लगाई गई है। वहीं नगर निगम ने लवकुश उद्यान से सटे फूड कोर्ट रेस्टोरेंट भवन के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू कर दी। आनन फानन में की गई कार्रवाई का कारण 17 मार्च को सुप्रीम कोर्ट में मुख्य सचिव राजस्थान की ओर से एनजीटी के आदेशों की पालना रिपोर्ट पेश करना माना जा रहा है।

एनजीटी की भोपाल स्थित सेंट्रल जोन बेंच ने अधिकारियों को आनासागर झील के आस-पास बनाए गए अवैध निर्माणों को हटाने के वर्ष 2023 में आदेश दिए थे। झील के चारों ओर लगभग 64 करोड़ के चार निर्माण हैं, जो अजमेर स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत किए गए हैं। एनजीटी ने 'सेवन वंडर्स', लव-कुश गार्डन में फूड कोर्ट, आजाद पार्क में एक परिसर और परियोजना के तहत निर्मित गांधी स्मृति उद्यान में दुकानों को सिटी मास्टर प्लान के अनुसार ग्रीन बेल्ट मानदंडों का उल्लंघन माना था। राजस्थान पत्रिका ने आनासागर झील के संरक्षण और नो कंस्ट्रक्शन जोन में अवैध निर्माण को लेकर लगाता अभियान चलाया था। इसके बाद सरकार ने कमेटी बनाई। कमेटी ने एनजीटी और सरकार को रिपोर्ट पेश की।

## बिल को लेकर होटल कर्मचारियों से विवाद, एक युवक की हत्या

**कोटा. बूंदी @ पत्रिका.** सदर थाना क्षेत्र के रामगंज बालाजी के पास स्थित वेलकम होटल में रविवार रात एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान कोटा निवासी नितिन खटीक (22) के रूप में हुई। पुलिस ने नितिन के साथी ललित शर्मा की रिपोर्ट होटल संचालक बनवारी सहित चार अन्य के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने चारों आरोपियों को हिरासत में लिया है।

सदर थाना अधिकारी रमेश आर्य ने बताया कि रविवार रात करीब 12 बजे नितिन तीन दोस्तों के साथ रामगंज बालाजी स्थित होटल में खाना खाने गया था। रात 1 बजे बिल को लेकर होटल कर्मचारियों से विवाद हो गया। होटल कर्मचारियों ने लाठी, लोहे की पाइप और घूंसे-लातों से नितिन को बेरहमी से पीटा। जब नितिन के दोस्त हरविंद सिंह और ललित शर्मा ने बीच-बचाव की कोशिश की तो उन पर भी जानलेवा हमला किया गया। नितिन घायल हो गया, जिसके बाद उसके दोस्त उसे कोटा के अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

अनूठी परंपरा | गांव में पुरुषों का रहता है प्रवेश वर्जित, चामुंडा माता मंदिर में लगेगा मेला

# नगर गांव में धुलंडी पर महिलाओं का रहेगा राज, पुरुष करेंगे पटेलाई

### गांव से बाहर गए पुरुष शाम को ही आते हैं घर

रामप्रसाद सैनी
patrika.com

**पचेवर (टोंक).** टोंक जिले के नगर गांव में धुलंडी के दिन अनूठा नजारा देखने को मिलता है, यहां गांव में महिलाएं और युवतियां रंग-गुलाल से होली खेलती नजर आती हैं। सभी पुरुष गांव के बाहर मेले का आयोजन कर पटेलाई करते हैं। पुरुष न तो रंग खेलते हैं और न ही उन्हें रंग खेल रही महिलाओं को देखने का अधिकार होता है। महिलाएं लोक गीत गाकर और नाचते हुए पुरुषों को गांव से बाहर करती हैं। सुबह दस बजे तक सभी पुरुष गांव से बाहर निकल जाते हैं। पुरुष अपने रिश्तदारों के साथ नगर गांव से तीन किलोमीटर दूर चामुण्डा माता के परिसर में पहुंचते हैं, जहां मेला लगता है। गांव से बाहर गए पुरुष शाम तक ही घर लौटते हैं।


फाइल फोटो
**पचेवर.** नगर गांव में रंग से भरे कड़ाव में पुरुष को डालती हुई महिलाएं।

### बिना घूंघट के खेलती है होली

**पूर्व** सरपंच राजू सिंह ने बताया कि गांव में एक दिन महिलाओं का राज होता है। बुजुर्ग बताते हैं कि यह परंपरा पांच सौ वर्ष पूर्व तत्कालीन जागीरदार ने निर्णय लिया कि वर्ष में एक दिन महिलाओं का राज होना चाहिए, जिससे महिलाएं बिना घूंघट के होली खेलकर आनंद ले सके। इस दौरान भूलवश कोई पुरुष गांव में प्रवेश हो जाए तो महिलाएं उसे रंग से भरे कड़ाव में डाल देती है। साथ ही पिटाई भी कर दी जाती है। उस व्यक्ति को गांव से बाहर निकाल देती है।

### दूसरे दिन खेलेंगे सामूहिक होली

**धुलंडी** के अगले दिन गांव में महिला एवं पुरुष मिलकर सामूहिक कोड़ा मार होली खेलते हैं। इस मौके पर जगह-जगह रंगों के पानी से कड़ाव भरे जाते हैं। इसके चारों ओर महिलाएं कोड़े लिए खड़ी रहती है। महिलाएं पुरुषों को रोकने के लिए कोड़े से पीठ पर वार करती है।

### सामाजिक सुधार पर होती चर्चा

**बुजुर्ग** और युवा गांव के बाहर चामुंडा माता के मंदिर में मेले का आयोजन करते हैं। लोग वहां अलग-अलग बैठकों का आयोजन किया करते हैं, जहां सामाजिक सुधार, जागृति आदि महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की जाती है। बैठक में कई समाज-सुधार के निर्णय लिए जाते हैं। मेले में अलग-अलग समूह बनाकर ढोल मंजीरों की थाप पर भजनों की प्रस्तुतियां देते हैं, वहीं भजनों पर नृत्य करके आनंद लेते हैं।

किया वन्यजीवों का दस्तावेजीकरण

# प्रकृति रक्षकः दंपति का वन्यजीवों के लिए समर्पण



पत्रिका फीचर डेस्क
patrika.com

प्रकृति के करीब रहने के शौक ने चेन्नई के पॉलमथी और विनोद को पर्यावरण संरक्षण के लिए एक दिशा दी। 40 वर्षीय पॉलमथी व उनके पति विनोद ने पक्षियों और तितलियों पर शोध करते हुए पाया कि वन्यजीवों के आवासों को बचाने के लिए काम करने की जरूरत है। वह कहती हैं कि 2010 में मुझे अमरीका में काम करने का मौका मिला। चार साल वहां रहकर मैंने और विनोद ने जंगली फूलों पर काम किया। 2014 में भारत आकर प्रकृति और वन्यजीव संरक्षण को अपना उद्देश्य बना लिया। दोनों ने अपनी नौकरी छोड़ कर वन्यजीवों के आवास संरक्षण का काम शुरू किया।

## कुटकी संरक्षण था पहला प्रयास

**वह कहती** हैं कि हिमाचल में औषधीय फूल कुटकी को संरक्षित करना हमारा पहला प्रोजेक्ट था। फिर 2022 में एक फाउंडेशन की शुरुआत कर वन विभाग और कन्याकुमारी के प्राकृतिक अभ्यारण्य के साथ मिलकर आवास बहाली परियोजनाओं और संरक्षण के लिए काम शुरू किया। कन्याकुमारी वन्यजीव संरक्षण के लिए स्कूलों व सरकारी अधिकारियों के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए कार्यशालाएं शुरू की।

## मिला ग्रीन चैंपियन अवॉर्ड

**वह कहती** हैं कि हमने श्रीलंका के क्रिमसन रोज तितलियों के प्रवास को देखा और एक शोध पत्र तैयार किया। उन्होंने बताया कि कन्याकुमारी जैव विविधता वाला है क्षेत्र है, लेकिन यहां पक्षियों और अन्य प्रजातियों की कोई आधिकारिक सूची नहीं है। इसलिए इसके दस्तावेजीकरण का काम कर रहे हैं। उनके काम के लिए उन्हें सरकारी स्तर पर दो बार ग्रीन चैंपियन अवॉर्ड भी मिल चुका है।

'वर्क @ होम' आइडिया

# इंटीरियर डिजाइनिंग: घर बैठे भी खुद को बना सकती हैं ब्रांड

आपने इंटीरियर डिजाइनिंग का कोर्स किया है तो घर बैठे भी अच्छी कमाई कर सकती हैं। आजकल कई कंपनियां महिला इंटीरियर डिजाइनर्स को घर बैठे इनकम सोर्स उपलब्ध करवा रही हैं। आप दुकान, घर, होटल, रेस्टोरेंट की डिजाइन्स तैयार कर सकती हैं।

- **एक इंटीरियर** डिजाइनर में विजुअल समझ के साथ विश्लेषणात्मक सोच होनी चाहिए।
- **कलर, मैटेरियल,** टेक्सचर की जानकारी के साथ सीमित बजट में काम करना आना आवश्यक है।
- **आजकल कई** ऐसे ऑनलाइन सॉफ्टवेयर मौजूद है, जिनका उपयोग कर आप बेहतर डिजाइन्स बना सकती हैं।
- **अगर आप** किसी कंपनी के साथ काम नहीं करना चाहती तो आप अपने डिजाइन्स के पोर्टफोलिया बनाकर उन्हें डिजाइनिंग की ऑनलाइन वेबसाइट पर अपलोड कर सकती हैं।
- **आपके पास** पहले से डिजाइन किए गए प्रोजेक्ट नहीं है तो आप खुद के लिए सैंपल डिजाइन बना सकती हैं या रीडिजाइन कर सकती हैं।



- **आप** कई फ्रीलांस प्लेटफॉर्म पर अपना रजिस्ट्रेशन करवा कर काम कर सकती हैं।
- **अपने** डिजाइन्स को सोशल मीडिया के माध्यम से प्रमोट कर सकती हैं। इसके लिए आप वीडियो बनाकर अपलोड कर सकते हैं।
- **सप्लायर्स** और शॉप्स से सम्पर्क कर सकती हैं। आप अपना खुद का ब्रांड बनाकर भी प्रमोशन कर सकती हैं।

*होम मेकर महिलाओं के लिए '**वर्क@होम**' कॉलम के लिए आपके पास कोई आइडिया है तो आप हमें वॉट्सऐप नंबर **9057531584** पर भेजें।*

# 20 मिनट टहलने के भी कई फायदे

सीनियर सिटीजन SPECIAL

बढ़ती उम्र में भी खुद को सक्रिए बनाए रखने के लिए घूमना काफी मददगार साबित हो सकता है। चिकित्सकों के अनुसार बुजुर्गों को प्रतिदिन 20-30 मिनट टहलना चाहिए। यह उनके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए बेहतर है।

- सुबह-शाम पार्क में हल्की सैर करने से रक्त संचार सुधरता है, जिससे हृदय संबंधित रोगों में आराम मिलता है।
- पार्क में वॉकवे पर चलने से पैरों की मांसपेशियां मजबूत बनती हैं और जोड़ों में लचीलापन आता है।
- नियमित चलने से वजन नियंत्रित रहने के साथ-साथ पाचन संबंधित विकार दूर होते हैं और डायबिटीज भी कंट्रोल रहती है।



- पार्क में घूमने से एंडोर्फिन हार्मोन रिलीज होता है, जो कि डिप्रेशन को कम करने में सहायक है।
- घूमने से मस्तिष्क की कार्यक्षमता बढ़ती है और इससे बुजुर्गों की याददाश्त मजबूत होती है।
- बुजुर्गों को रात में 15-20 मिनट चलहकदमी करने से नींद अच्छी आती है।
- नियमित रूप से पार्क में सूरज की रोशनी में घूमने से विटामिन डी की कमी नहीं होती।

**किचन** में कार्य करते समय खाना बनाने से लेकर उसकी साफ-सफाई तक में काफी तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में अगर आपके पास कुछ किचन सोल्युशन हों तो आपके नाम व अपनी फोटो सहित हमें वाट्सऐप नंबर 9057531584 पर भेजें। शी न्यूज पेज पर इन्हें प्रकाशित किया जाएगा। फेसबुक पेज से जुड़ने के लिए यह क्युआर कोड स्कैन करें।

पत्रिका शी न्यूज़

हमसे जुड़ें facebook.com/patrikaSheNews



नर्मदा प्रोजेक्ट पर सवाल: वॉटर कैन सप्लायर को बढ़ावा

# 260 करोड़ खर्च फिर भी लोगों को नहीं मिल पा रहा 100% शुद्ध पानी

पत्रिका खुशालसिंह भाटी
patrika.com

**जालोर.** नर्मदा परियोजना से फिल्टर पानी की पंपिंग होने के बावजूद जालोर में पानी की शुद्धता की गारंटी नहीं है। मजबूरी में लगभग हर दूसरे घर और प्रतिष्ठान में पीने के पानी के लिए वॉटर कैन मंगवाया जाता है। शहर में सिटी हैड तक पानी पहुंचने से पहले सांफाड़ा तिराहे तक नर्मदा का पानी 100 प्रतिशत शुद्ध होता है, लेकिन नया बस स्टैंड के पास बने बड़े टैंक में पानी पहुंचने के बाद इसकी क्वालिटी गड़बड़ा जाती है। ऐसा दो अलग अलग क्वालिटी के पानी के मिश्रण से होता है। यहां से पानी की पंपिंग कर जालोर शहर के अलग अलग हिस्सों तक पहुंचाया जाता है। चूंकि पानी मिश्रित होता है तो ज्यादातर लोग पीने के लिए इस पानी का उपयोग नहीं करते।

नर्मदा परियोजना से 144 किमी सफर तय कर जालोर शहर तक पानी पहुंचता है। इधर, रणछोडनगर, कुआबेर, पहाड़पुरा समेत अन्य स्थानों से स्थापित 33 से अधिक ट्यूबवैल का पानी भी जालोर शहर के सिटी हैड पंपिंग स्टेशन पर मिश्रित किया जाता है। जिसके बाद पानी को सप्लाई किया जाता है। ट्यूबवैल के पानी में खारापन होने के साथ इसमें फ्लोराइड की अधिकता भी है। ऐसे में दो क्वालिटी का पानी मिश्रित होने के बाद गुणवत्ता में कमी आ जाती है। नर्मदा परियोजना का एफआर प्रोजेक्ट 260 करोड़ से अधिक का है। प्रोजेक्ट से जालोर को 60 से 70 लाख लीटर से अधिक शुद्ध पानी प्रतिदिन बेहतर स्थिति में मिलता है।

प्रोजेक्ट से जालोर शहर समेत 300 के करीब गांव कस्बे लाभान्वित होते हैं। जालोर शहर की बात करें तो 60 से 70 लाख लीटर पानी में 30 से 35 लाख लीटर पानी ट्यूबवैल का मिश्रित किया जाता है। जो प्रोजेक्ट की अहमियत पर सवाल खड़े करता है।



**सांचौर.** क्षेत्र में बहती नर्मदा मुख्य केनाल, इसी प्रोजेक्ट को पानी मिलता है।

## तय मानक के हिसाब से सप्लाई

विभाग के अधिकारियों का कहना है कि प्रोजेक्ट में तय मानक के अनुरूप 100 अनुपात 35 में पानी की सप्लाई की जा रही है। जिसके अनुसार प्रति 100 लीटर नर्मदा के पानी में 35 लीटर स्थानीय जलस्त्रोत के पानी का मिश्रण किया जाता है। विभाग का यह भी कहना है कि यदि नर्मदा परियोजना से सप्लाई बंद है तो फिर पूरी तरह से ट्यूबवैल से मिलने वाले पानी पर ही सप्लाई की जाती है।

## इनका कहना है

नर्मदा परियोजना का पानी तीन जगह पंपिंग होने के बाद जालोर तक पहुंचता है। वॉल्टेज के उतार चढ़ाव की परेशानी भी रहती है। ऐसे में पानी की कमी के चलते लोकल जलस्त्रोतों के पानी पर भी हमारी निर्भरता रहती है।
**संजय शर्मा,** एसई, जलदाय विभाग, जालोर

# आमथला के ग्रामीणों की पहल, पुरासंपदा को संरक्षण की उम्मीद



आबूरोड. अब इस स्वरूप मे प्राचीन शिवलिंग।

**आबूरोड @ पत्रिका.** शहर से करीब 10 किलोमीटर दूर आमथला गांव है। प्राचीनकाल में अमरावती नाम से विख्यात यह गांव राजा अमरीश के शासनकाल में करीब साढ़े चार सौ साल पहले बसा था।

गांव के पश्चिम में श्री कुंडेश्वर महादेव मंदिर की तरफ रास्ता जाता है। इस मार्ग पर शताब्दियों पुरानी बावड़ी है, जो रखरखाव पर पर्याप्त ध्यान नहीं देने से अपना अस्तिव खो चुकी है। बावड़ी की पाल पर बड़े आकार के शिवलिंग के अवशेष इधर-उधर फैल रहे थे। गांव के ग्रामीणों व समाजसेवियों ने अपने स्तर पर शिवलिंग के संरक्षण के लिए हाथ बढ़ाया। कुछ दिन पहले उन्होंने कारीगर बुलवाया। उसने शिवलिंग के बिखरे अवशेष को केमिकल से जोड़ दिया।

अब शिवलिंग मूल स्वरूप में दिखाई देने लगा है। ग्रामीण चाहते हैं कि बावड़ी का पुनरुद्धार कर उसे मूल आकार में लाया जाए, इसमें वे सहयोग को तैयार हैं। इससे गांव में प्राचीन पुरा संपदा संरक्षित होगी। अन्य लोग इस तरह के काम के लिए प्रेरित होंगे।

## आज का राशिफल मंगलवार, 11 मार्च, 2025

| | |
|---|---|
| मेष | *चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ* रोजगार में वृद्धि के योग हैं। आय के नए साधन स्थापित होंगे अहंकार को दूर रखें और अपना व्यवहार नम्र रखें। |
| वृषभ | *ई, उ, ए, ओ, बा, बी, बु, बे, बो* खर्च की अधिकता रहेगी। दुष्ट जन हानि पहुंचा सकते हैं, सतर्क रहे समझदारी से कार्य करें जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। |
| मिथुन | *क, की, कु, घ, ड, छ, के, को, ह* निजी जीवन में किसी दूसरे व्यक्ति का प्रवेश निषेध रखें। माता पिता के साथ किसी महत्त्वपूर्ण विषय पर चर्चा होगी। |
| कर्क | *हि, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो* आय से अधिक खर्च होगा। अजनबी लोगों पर विश्वास न करें। धोखा मिल सकता है, पूर्व में लिए गए निवेश से लाभ होगा। |
| सिंह | *मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टु, टे* लंबे समय से रुके कार्य पूरे होंगे। व्यावसायिक नई योजना सफल रहेगी। नई सामाजिक जिम्मेदारी मिल सकती है। |
| कन्या | *टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो* कार्यप्रणाली में सुधार होगा। मेहमानों का आगमन संभव है, प्रेम प्रसंग में सफलता मिलेगी। वैवाहिक चर्चा सफल होगी। |
| तुला | *रा,री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते* धर्म कर्म के कार्यों में रुचि बढ़ेगी, कोर्ट कचहरी के मामलों में सफलता मिलेगी। व्यवसाय में नए प्रस्ताव सफल रहेंगे। |
| वृश्चिक | *तो, ना, नी, नू, या, यी, यू* कामकाज की अधिकता से थकान का अनुभव करेंगे पारिवारिक सुख मिलेगा आर्थिक सम्पन्नता रहेगी। |
| धनु | *ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे* शत्रु सक्रिय होंगे सतर्क रहे, वाणी पर नियंत्रण रखें, संपत्ति के कार्य रुके रहेंगे। अधिकारी वर्ग आप से नाखुश रहेगा। |
| मकर | *भो, जा, जी, जू, खा, खू, गा, गी* आलस की अधिकता रहेगी, धार्मिक आयोजनों में रुचि बढ़ेगी वैवाहिक चर्चा सफल होगी, नया व्यापार शुरू कर सकते हैं। |
| कुम्भ | *गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा* किसी बड़े कार्य को होने की आशंका है, विरोधी सक्रिय होंगे माता के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी, आर्थिक स्थिति सुधरेगी। |
| मीन | *दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, चि* रुपयों के लेनदेन में सावधानी रखें। कला जगत से जुड़े जातकों को सम्मान मिल सकता है। साधनों पर खर्च होगा। |

ज्यो. पं चंदन श्यामनारायण व्यास, पंचांगकर्ता, उज्जैन

## ग्रह-नक्षत्र

ज्योतिर्विद व वास्तुविद: पंडित मुकेश भारद्वाज

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| शुभ वि. सं: | 2081 | हिजरी सम्वत : | 1446 | ऋतु: | बसंत |
| संवत्सर का नाम: | कालयुक्त | मु.मास : | रमजान-10 | मास: | फाल्गुन |
| शाके सम्वत: | 1946 | अयन: | उत्तरायण | पक्ष: | शुक्ल |

## आज का दिन

मंगलवार, 11 मार्च, 2025

सूर्योदयकालीन लग्न व ग्रह स्थिति



**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर, लाभ, अमृत के चौघड़िए क्रमशः 9.41 से 2.04 तक रहेंगे। शुभ का चौघड़िया 3.31 से 4.59 तक रहेगा। इन चौघड़ियों में शुभ कार्य प्रारंभ किए जा सकते हैं।

**शुभ तिथि:** भद्रा संज्ञक द्वादशी तिथि दिन 8.14 तक, तदुपरान्त जया संज्ञक त्रयोदशी तिथि रहेगी। भद्रा संज्ञक द्वादशी तिथि में व्रत, जप, पूजा, दान-पुण्य आदि धार्मिक कार्य के लिए शुभ रहती है। जया संज्ञक त्रयोदशी तिथि में विद्याध्ययन, शिक्षण कार्य, गायन, वादन, नृत्य आदि कलात्मक कार्यों और कला प्रस्तुति के लिए शुभ रहती है।

**नक्षत्र:** अश्लेषा नक्षत्र रात्रि 2.15 तक, तदुपरान्त मघा नक्षत्र है। अश्लेषा 'क्षिप्र या लघु व अधोमुख' संज्ञक नक्षत्र है। इस नक्षत्र के स्वामी सर्प हैं। मघा भी 'क्षिप्र या लघु व अधोमुख मुख' संज्ञक नक्षत्र है। इस नक्षत्र के स्वामी पितर हैं। दोनों नक्षत्रों को मूल नक्षत्रों में गिना जाता है। अधोमुख नक्षत्र में कुओं या नींव खोदना शुभ रहता है, किन्तु मांगलिक कार्यों के लिए शुभ नहीं है।

**योग:** अतिगंड योग दिन 1.17 तक, तदुपरान्त सुकर्मा नामक योग रहेगा। अतिगंड योग में शुभ व मांगलिक कार्य नहीं किए जाते हैं। सुकर्मा योग के स्वामी इंद्र हैं। सभी शुभ कार्य, नई नौकरी, नवीन कार्यारंभ, धार्मिक आयोजन, आध्यात्मिक, सामाजिक कार्यों के लिए शुभ है।

**विशिष्ट योग:** शुभ रवियोग रात्रि 2.15 से प्रारम्भ होकर संपूर्ण रात्रि रहेगा।

**करण:** बालव करण प्रातः 8.14 तक, तदुपरान्त कौलव करण प्रारंभ होगा। बालव चर संज्ञक करण है। यज्ञ, होम, अध्ययन सभी प्रकार के शांति कार्यों के लिए शुभ है। कौलव चर संज्ञक व उर्ध्व स्थिति वाला करण है। सभी कार्यों के लिए श्रेष्ठ है। यात्रा, नौकरी प्रारंभ करने, संधि प्रस्ताव वार्ता व मांगलिक कार्यों के लिए शुभ है।

**व्रत/दिवस विशेष:** भौम प्रदोष, मेला खाटू श्यामजी समाप्त, गोविन्द द्वादशी।

**चंद्रमा:** चन्द्रमा रात्रि 2.15 तक कर्क राशि में रहेगा, तदुपरान्त सिंह राशि में प्रवेश होगा।

**शुभ मुहूर्त:** अभिजीत मुहूर्त दिन 12.13 से 1.00 तक रहेगा। अभिजीत मुहूर्त में शुभ वार, तिथि आदि का विचार कर अत्यावश्यक कार्यों का प्रारंभ किया जा सकता है। होली तक होलाष्टक रहे हैं। अतः शुभ मांगलिक कार्यों का प्रारंभ नहीं किया जाता है।

**दिशा शूल:** आज उत्तर दिशा में दिशा शूल रहेगा। यदि उत्तर दिशा में यात्रा करना आज आवश्यक हो तो टालना संभव नहीं हो तो यात्रा प्रारंभ करने से पूर्व केले का सेवन अवश्य करें।

**राहुकाल (मध्यमान से):** दिन 3.00 से 4.30 तक। राहु काल में शुभ कार्यों का प्रारंभ नहीं करना चाहिए। यदि कार्य को टाला जाना संभव नहीं हो तो मीठे पेय पदार्थ सेवन करके ही कार्य प्रारंभ करें। इससे राहुकाल का दुष्प्रभाव कम होगा।

**आज जन्म लेने वाले बच्चे:** आज रात्रि में 2.14 तक जन्मे बच्चों की राशि कर्क होगी। तदुपरान्त सिंह राशि होगी। आज सूर्योदय से रात्रि 2.14 तक अश्लेषा नक्षत्र रहेगा तदुपरान्त मघा नक्षत्र प्रारंभ होगा। अश्लेषा और मघा दोनों ही नक्षत्र गंडान्त मूल संज्ञक नक्षत्र भी हैं इसलिए दिन 2.14 जन्मे बच्चों की मूल शांति करवाई जानी चाहिए। आज जन्मे बच्चों का रजत पाद होगा। श्रेष्ठता की दृष्टि से सर्वश्रेष्ठ है। आज जन्म लेने वाले बच्चों के प्रथम नामाक्षर डी, डू, डे, डो, मा, मी पर रखे जा सकते हैं। कर्क राशि के स्वामी चन्द्र हैं। यह जल प्रधान राशि है। इस राशि के बच्चों का स्वभाव चन्द्रमा की घटती बढ़ती कलाओं की तरह चंचल हो सकता है। ये बहुत भावुक होते हैं। भावनाओं के आवेग में बहने के कारण चंचल प्रकृति के और बार-बार निर्णय बदलने वाले हो सकते हैं। सुंदर और आकर्षक होते हैं। व्यवहार मिलनसार होता है। कला, संगीत, साहित्य प्रेमी, कल्पनाशील, धार्मिक, दयालु, सहृदय, ईमानदार होते हैं। ऐसे बच्चे सभी के मनोभावों को आसानी से समझने वाले होते हैं। सिंह राशि के स्वामी सूर्य हैं। ये निडर, साहसी, दयालु, ऐश्वर्यशाली, शत्रुहन्ता होते हैं।

रियायती दरों पर कल शाम तक बुक करा सकेंगे विज्ञापन

# सर्व ब्राह्मण समाज के वैवाहिक विशेषांक का प्रकाशन 16 को

**जयपुर @ पत्रिका.** ब्राह्मण समाज के विभिन्न संगठनों के आग्रह पर 16 मार्च को पत्रिका के राजस्थान के सभी संस्करणों सहित भोपाल, इंदौर व रायपुर संस्करण में सर्व ब्राह्मण समाज के वैवाहिक विशेषांक का प्रकाशन किया जाएगा। पत्रिका और ब्राह्मण समाज के विभिन्न संगठनों की इस पहल से विवाह योग्य युवाओं का बायोडाटा देश के लाखों परिवारों तक पहुंचने के साथ ही पाठकों को भी नवीन डाटा बेस उपलब्ध होगा।

इस विशेषांक में ब्राह्मण समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों का बायोडेटा प्रकाशित किया जाएगा। इस अंक में नाममात्र की दरों पर बुकिंग के लिए देश के किसी भी हिस्से में रह रहे ब्राह्मण परिवार विवाह योग्य युवक-युवती का विवरण (पूरा नाम, शहर का नाम और कॉन्टैक्ट नंबर) वाट्सऐप नंबर 7733014575 पर भेज सकते हैं। पत्रिका टीम अति शीघ्र आपसे फोन पर संपर्क करेगी। होली के अवकाश के कारण इस बार रियायती दरों पर विज्ञापन की बुकिंग बुधवार शाम पांच बजे तक ही की जाएगी। इस कार्य के लिए सारस्वत ब्राह्मण समाज जयपुर, अखिल भारतवर्षीय गुर्जर गौड़ ब्राह्मण महिला महासभा, गौड़ ब्राह्मण महासभा जयपुर, ऑल इंडिया पारीक वैवाहिक समिति, अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज मध्य प्रदेश, विप्र फाउंडेशन चूरू, ब्राह्मण कल्याण परिषद कोटा तथा अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज मध्यप्रदेश इत्यादि जुड़ चुके हैं। यदि आप देश के किसी भी हिस्से में ब्राह्मण समाज के संगठन से जुड़े हैं एवं इस मुहिम में योगदान देना चाहते हैं तो ऊपर दिए नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

गौरतलब है कि वर्ष 2023 में 7 व 28 मई, 11 जून, 27 अगस्त, 10 व 24 सितंबर, 24 दिसंबर और वर्ष 2024 में सात और 21 जनवरी, 4 फरवरी, 26 मई , 9 व 23 जून, 6 एवं 20 अक्टूबर तथा इस वर्ष 16 फरवरी और दो मार्च को उपरोक्त संस्करणों में सर्व ब्राह्मण समाज के वैवाहिक विशेषांक का प्रकाशन किया जा चुका है।

## बाजार में दिखने लगा होली का उत्साह

**डूंगरपुर @ पत्रिका.** वागड़ के सबसे बड़ा त्योहार होली में अब चार दिन शेष रह गए हैं। बाजार में ग्राहकों की भीड़ नजर आने लगी है। ग्राहकों ने होली के त्योहार को लेकर खरीदारी करना शुरू कर दी है। शहर में होली के त्योहार के कुछ दिनों पहले से गेपसागर की पाल, माणक चौक, सर्राफा बाजार, दर्जीवाड़ा, मोचीबाजार, कानेरा पोल में ग्राहकों की भीड आने लगी है। ग्राहक सोने व चांदी के जेवरात, कपड़ों व जूतों की जमकर खरीदारी कर रहे हैं। इधर, होली त्योहार पर गांवों की दुकानों में खरीदारी शुरू हो गई। सीमलवाड़ा, सागवाड़ा, धंबोला, देवल, आसपुर सहित कई कस्बों व गांवों की दुकानों में खरीदारी शुरू हो गई हैं। शहर के मुख्य मार्ग समेत बाजार में ग्रामीण अंचल के लोग ढोल बजाते हुए होली पर्व से लोगों को जोड़ रहे हैं।

अखिल भारतीय जैसलमेर प्रवासी माहेश्वरी सम्मेलन

# शोभायात्रा में झलका माहेश्वरी समाज का उल्लास, झांकियां रही आकर्षण



**जैसलमेर @ पत्रिका.** स्वर्णनगरी में चल रहे तीन दिवसीय अखिल भारतीय जैसलमेर प्रवासी माहेश्वरी सम्मेलन के दूसरे दिन रविवार को शोभायात्रा का आयोजन किया गया।

माहेश्वरी बेरा परिसर में इष्टदेव भगवान महेश की पूजा-अर्चना के बाद शोभायात्रा रवाना हुई, जो गड़ीसर के आगे से होते हुए नगर के प्रमुख मार्गों आसनी रोड, गोपा चौक, सदर बाजार, गांधी चौक और हनुमान चौराहा होते हुए रामगढ़ मार्ग स्थित सम्मेलन स्थल तक पहुंची। संयोजक ग्वालदास मेहता की देखरेख में निकाली गई शोभायात्रा के प्रमुख आकर्षण में सजे-धजे हाथी-घोड़े व ऊंट सहित विभिन्न देवी-देवताओं की झांकियां शामिल रही। जबलपुर और पंजाब से बुलाई गई बैंड द्वारा बिखेरी गई स्वर लहरियों के बीच निकली शोभायात्रा में सभी पुरुषों ने सफेद कुर्ता-पायजामा और सिर पर जैसलमेरी साफा धारण कर रखा था वहीं महिला वर्ग लाल चूनड़ी की साड़ी पहने हुए थी। रास्ते भर में जैसलमेर के विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया।

शोभायात्रा में हजारों की संख्या में प्रवासी और स्थानीय माहेश्वरी समाज के लोग शामिल हुए। शोभायात्रा के सम्मेलन स्थल पहुंचने पर वहां पूर्व राजपरिवार की रासेश्वरी राज्यलक्ष्मी विशेष तौर पर उपस्थित थीं।

आखलिया सर्कल तक बनना प्रस्तावित है एलिवेटेड रोड

# एलिवेटेड उम्मीदों को तारीख पर तारीख चौथी बार बढ़ाई टेंडर की समय सीमा



**जोधपुर @ पत्रिका.** शहर की सबसे बड़ी समस्या में से एक है ट्रैफिक जाम। इसका समाधान निकालने के लिए एलिवेटेड रोड की परिकल्पना की गई। कई बार स्थगित होते हुए नवम्बर में इसको धरातल पर उतारने के लिए टेंडर जारी हुए। लेकिन अब यह टेंडर भी खुलने की बजाय तारीख ही मिल रही है। तीन बार तारीखें जा चुकी हैं। अब 13 मार्च को स्थिति स्पष्ट होगी।

नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया इस काम को पूरा करेगी। स्थानीय स्तर पर अधिकारियों को किसी प्रकार की जानकारी नहीं है। पत्रिका ने पड़ताल की तो सामने आया कि इसके लिए किसी बड़ी कंपनी ने अब तक किसी प्रकार की रुचि नहीं दिखाई। इसके लिए टेंडर प्रक्रिया आगे खिसकाई गई। स्कीम फंड मिलने के लिए मद भी बदला गया है। जब टेंडर जारी किया गया तो इसे हाइब्रिड एनुटी मोड पर किया था, लेकिन अब चौथे संशोधन के बाद जब इसकी खुलने की तारीख 13 मार्च रखी गई थी तो इसे एनएच-ओ स्कीम में रखा गया है।

**यहां बनेगी एलिवेटेड रोड:** एलिवेटेड रोड को महामंदिर से लेकर आखलिया सर्कल तक कुल 7.63 किलोमीटर तक बनाया जाएगा। पहले इसे कृषि मंडी सर्कल से कायलाना चौराहे तक प्रस्तावित किया गया था। लेकिन जब टेंडर प्रक्रिया जारी हुई तो इसकी लम्बाई को कम कर दिया गया।

परंपरा : ढूंढोत्सव के पेड़े देकर दिया जाता निमंत्रण

# नौनिहाल के जन्म पर बंटते विशेष पेड़े, जो केवल होली पर बनते

**पाली @ पत्रिका.** पेड़े, जिनका नाम सुनकर लगता है मावे में शक्कर मिलाकर बनाई हुई मिठाई। पाली में होली पर ढूंढोत्सव का निमंत्रण होली के विशेष पेड़े बांटकर दिया जाता है। ये पेड़े सामान्य पेड़े नहीं है। इस एक पेड़े का वजन ही 100 से 150 ग्राम तक रहता है। पेड़ा सामान्य से काफी बड़ा बनाया जाता है। खास बात यह है कि यह पेड़े केवल होली पर ही बनते है। पूरे साल को मिष्ठान विक्रेता या हलवाई इनका निर्माण नहीं करता है। कई लोग इन पेड़ों को खास स्वाद देने के लिए ऑर्डर देकर भी तैयार करवाते हैं।

**इस तरह बनाते है होली के पेड़े:** होली पर बनने वाले ये पेड़े बनाने के लिए दूध से मावा तैयार किया जाता है। मावे को कड़ाही या बड़ी परातों में घोटते हैं और इसे खुला छोड़ देते हैं। जब मावा कुछ सूखा (फरफरा) हो जाता है तो इसमें छोटे दाने की शक्कर मिलाई जाती है। मावे व शक्कर के इस मिश्रण को पांच से छह घंटे के लिए रख दिया जाता है। इससे शक्कर मावे में रस जाती है। इन पेड़ों पर पिस्ता, केशर, बादाम, काजू आदि लगाए सजावट की जाती है।



**अलग-अलग डिब्बों में करवाते पैक:** होली के पेड़े पहले तो ढूंढोत्सव वाले परिवारों की ओर से किसी बर्तन में ले जाकर बांटे जाते थे। अब इन पेड़ों को विशेष तैयार डिब्बों में पैक किया जाता है। जिन पर नौनिहाल के साथ परिजनों का नाम, ढूंढोत्सव की जानकारी आदि अंकित रहती है।

## इनका कहना है

होली पर बनने वाले पेड़े विशेष है। ये ऑर्डर से या बहुत कम बनाते है। जो होली से पहले तक ही बिकते है। इन पेड़ों को विशेष तरीके से तैयार किया जाता है। इस कारण इन पेड़ों को दो-तीन से अधिक नहीं रख सकते हैं।
**- रोहित पुरी,**
मिठाई निर्माता व विक्रेता

## 'शोभायात्रा में सर्व हिन्दू समाज जुड़े'

**पाली @ पत्रिका.** भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव को लेकर रविवार को रामदेव रोड चादर बालाजी स्थित अग्रसेन वाटिका में हिन्दू महोत्सव समिति के तत्वावधान में बैठक हुई। जिला प्रचार प्रसार प्रमुख मनीष सेन ने बताया कि भगवान श्री रामचन्द्र के जन्मोत्सव पर शहर में भव्य विराट शोभायात्रा निकाली जाएगी। बजरंग दल राजस्थान क्षेत्रीय संयोजक किशन प्रजापत ने रामनवमी शोभायात्रा की प्रस्तावना रखी। मुख्य वक्ता विश्व हिन्दू परिषद के प्रान्त मंत्री परमेश्वर जोशी ने कहा कि शोभायात्रा से सामाजिक समरसता का भाव जगे तथा शोभायात्रा में अधिकतम संख्या में सम्मिलित हो। समाज में पंच परिवर्तन को लेकर जोशी ने कहा कि हिन्दू समाज में पंच परिवर्तन हो। यह पंच परिवर्तन समाज में हर व्यक्ति को जीवन में लाने के प्रयत्न करने चाहिए। शोभायात्रा में विभिन्न समाज संगठनों की ओर से झांकियां निकाली जाएगी।

**गैंग रेप प्रकरण : शासन कर रहा पुलिस भूमिका की जांच, किशोरी का सरेआम अपहरण कर खिलाया था नशीला पदार्थ**

# थाना प्रभारी लाइन हाजिर, दो दरोगा निलंबित

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**मुरादाबाद.** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में दलित किशोरी के अपहरण और दो माह तक बंधक बनाकर गैंगरेप करने के मामले में थाना प्रभारी निरीक्षक को लाइन हाजिर कर दिया गया। जबकि दो दरोगाओं के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की गई है।

पुलिस अधीक्षक देहात कुंवर आकाश सिंह ने बताया कि थाना भगतपुर से सरे बाजार अगवा किए जाने के दो माह तक बंधक बनाकर दलित किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने भगतपुर के थाना प्रभारी संजय पांचाल को लाइन हाजिर कर दिया। वहीं, वरिष्ठ उपनिरीक्षक (एसएसआई) मुरलीधर चौहान तथा हल्का दारोगा राजकुमार नैन को निलंबित किया है। सामूहिक दुष्कर्म मामले में पुलिस की भूमिका की जांच जारी है।

उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिले के भगतपुर थाना क्षेत्र के दबंगों ने दलित किशोरी के साथ एक के बाद एक हैवानियत की सारी हदें पार कर दिए जाने की घटना की गूंज शासन तक सुनाई दी थी। दो जनवरी को क्षेत्र के गांव निवासी एक 14 वर्षीया किशोरी को कार सवार बेख़ौफ़ चार दरिंदों द्वारा सरेआम बाज़ार से अगवा कर उसे नशीला पदार्थ खिलाकर बेहोशी की हालत में बंधक बनाया। फिर अनजान जगह पर ले जाकर गैंगरेप व दरिंदगी की घटनाओं को अंज़ाम दिया था।

इस दौरान हैवानियत की सारी हदें पार करते हुए हाथ पर ओम लिखे टैटू को तेज़ाब से जलाकर मिटाने साथ ही किशोरी को जबरन प्रतिबंधित गोमांस खिलाया गया। दो मार्च को किशोरी जैसे-तैसे आरोपित युवकों के चंगुल से छूट कर घर पहुंचीं और उनको आपबीती सुनाई।

### पुलिस कार्रवाई में लापरवाही गंभीर

**बीते** शनिवार को मंत्री असीम अरुण के नेतृत्व में टीम ने पीड़िता के साथ परिजनों से बात करके पूरे मामले की जानकारी ली थी। इस दौरान समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए पुलिस की भूमिका पर उठे सवालों को लेकर कहा था कि गुमशुदगी की सूचना मिलने के बाद थाना पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किया जाना गंभीर लापरवाही है जो कि जांच का विषय है। उन्होंने पीड़िता व उसके भाई को 25-25 हजार रुपये प्रतिमाह देने के अलावा किशोरी की शिक्षा की जिम्मेदारी सरकार उठाएगी ऐसा आश्वासन दिया था।

### माता-पिता की पहले ही हो चुकी है मृत्यु



**किशोरी** के माता-पिता की पहले ही मृत्यु हो चुकी है,चाचा-चाची ने दो जनवरी को गुमशुदगी के बाद तीन मार्च को थाने में दूसरी तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आनन-फानन में गांव के सलमान, जुबैर, राशिद तथा आरिफ के ख़िलाफ़ मुकदमा दर्ज कर सलमान, राशिद तथा आरिफ समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। जुबैर अभी पुलिस की पकड़ से दूर बताया जा रहा है।

**कार-कंटेनर में भिड़ंत, पांच मरे, तीन घायल: बस्ती @ पत्रिका.** उत्तर प्रदेश में बस्ती जिले के नगर थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह कंटेनर की चपेट में आने से कार सवार पांच लोगों की मौत हो गई जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि बस्ती-अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर गोटवा के समीप एक कार कंटेनर से भिड़ गई। हादसे में कार सवार प्रेम चन्द्र पासवान निवासी ग्राम तरकुलही जसोपुर जनपद गोरखपुर,शिव राज निवासी ग्राम सबदेइया कला असमोली जनपद संभल, शकील, विश्व जीत के अलावा बहारन निवासी अज्ञात की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। तीन घायलों को इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। उन्होंने बताया कि प्रेम चन्द्र पासवान बड़े कारोबारी है। गुजरात में इनकी एक कम्पनी हैं। मृतकों में सभी की उम्र 25 से लेकर 40 वर्ष के बीच है। लगातार गाड़ी चलाते हुए गुजरात से ये लोग आ रहे थे।

**रिश्वत लेते वीडियो वायरल होने के बाद दरोगा निलंबित: शाहजहांपुर @ पत्रिका.** उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के थाना कलान में तैनात दरोगा को रिश्वत लेने का वीडियो सोशल मीडिया वायरल होने के बाद निलंबित कर दिया गया। मामले की जांच के आदेश दिए गए हैं। पुलिस उप महानिरीक्षक राजेश एस ने बताया कि थाना कलान में तैनात दरोगा अनिल कुमार का रिश्वत लेने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें अनिल कुमार 2000 रुपए रिश्वत लेते हुए दिख रहा है। वीडियो का संज्ञान लेते हुए इस मामले की जांच जलालाबाद क्षेत्राधिकारी अमित चौरसिया को सौंपी गई थी। उन्होंने बताया कि जांच रिपोर्ट आने के बाद इस बात की पुष्टि हुई कि एक्सीडेंट के एक मामले में आरोपी को बचाने के लिए उपनिरीक्षक अनिल कुमार ने दो हजार रुपए रिश्वत ली है। उप निरीक्षक को निलंबित कर विभागीय जांच कराई जा रही है।

**कैबिनेट की बैठक : योगी सरकार का बड़ा फैसला**

# 10 से 25 हजार मूल्य के भौतिक स्टाम्प पेपर होंगे चलन से बाहर

### बैठक में मेडिकल कॉलेज, मेट्रो परियोजना और स्मार्ट सिटी योजना सहित 19 प्रस्तावों को मिली मंजूरी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**लखनऊ.** उत्तर प्रदेश सरकार ने दस से 25 हजार रुपए मूल्य तक के भौतिक स्टाम्प पेपर को चलन से बाहर करने का निर्णय लिया है। अब इनके स्थान पर ई-स्टाम्प का उपयोग किया जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में सोमवार को 19 महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गई है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने पत्रकारों को बताया कि कुल 19 प्रस्तावों पर चर्चा हुई और सभी को सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई है। इन प्रस्तावों में स्वास्थ्य, शिक्षा, परिवहन, शहरी विकास और कर्मचारी कल्याण से जुड़े कई अहम निर्णय शामिल हैं।

बैठक में बलिया में स्वतंत्रता सेनानी चित्तू पांडेय के नाम पर मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए भूमि हस्तांतरण, आगरा मेट्रो रेल परियोजना के प्रथम और द्वितीय कॉरीडोर के लिए भूमि हस्तांतरण, स्मार्ट सिटी योजना का विस्तार और केंद्र सरकार द्वारा तय किए गए समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद के लिए समय सीमा का निर्धारण किया है।

डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लखनऊ नोड के अंतर्गत डीटीआईएस की स्थापना के लिए एसपीवी को 0.8 हेक्टेयर भूमि नि:शुल्क हस्तांतरित करने को लेकर स्वीकृति प्रदान की गई है। डीटीआईएस फैसिलिटी का विकास एक कॉमन टेस्टिंग फैसिलिटी सेंटर के रूप में किया जाएगा। लखनऊ नोट के अंतर्गत स्थापित रक्षा इकाईयों द्वारा उत्पादों का परीक्षण एवं सर्टिफिकेशन के लिए किया जाएगा।

**लोकार्पण, शिलान्यास, संवाद और प्रदर्शनी का अवलोकन किया**

## स्वार्थ से उठकर परमार्थ के लिए खुद को समर्पित करें जनप्रतिनिधि : योगी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**लखनऊ** . मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उनकी सरकार के कार्यकाल के आठ वर्ष पूरे होने पर प्रदेश के हर जिले में प्रदर्शनी के जरिये राज्य में विकास योजनाओं की तस्वीर पेश की जाएगी।

योगी ने डॉ. राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय में आयोजित 'तीन साल बेमिसाल, सरोजनीनगर आभार दिवस' कार्यक्रम में शिरकत की। स्थानीय विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह की ओर से आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने विभिन्न कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया। साथ ही सरोजनीनगर संवाद व विकास प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

सरोजनीनगर के सिख परिवारों ने योगी को करतारपुर साहब से लाया प्रसाद भेंट किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि रंग और विकास की योजनाओं संग सरोजनीनगर की होली और सुहावनी हो गई।



**प्रदर्शनी में लोकतंत्र की दिखेगी झलक :** योगी ने कहा कि मंत्रिमंडल बैठक में चर्चा कर रहे थे कि 25 मार्च को सरकार के आठ वर्ष हो जाएंगे, उस समय हर जनपद में प्रदर्शनी लगेगी। इसका मॉडल अभी हमने सोचा नहीं, लेकिन यहां मॉडल की झलक देख अच्छा लगा। हर विधानसभा क्षेत्र में वहां विकास योजनाओं के साथ ऐसी प्रदर्शनी लगनी चाहिए।

**रंगभरी एकादशी पर देव विग्रहों संग होली:** योगी ने कहा कि आज रंगभरी एकादशी भी है। सभी मंदिरों में देव विग्रहों के साथ होली खेली जा रही है। रंग के साथ विकास की योजनाओं ने सरोजनीनगर विधानसभा की होली को और और भी सुहावना बना दिया है। क्षेत्र में 32 हजार करोड़ की परियोजनाएं धरातल पर उतर चुकी हैं या चल रही हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि जनप्रतिनिधि समर्पित भाव से कार्य करता है और उसके मन में संवेदना है तो वह बहुत कुछ कर सकता है। यह सब करने के लिए जनप्रतिनिधि को स्वार्थ से उठकर परमार्थ के लिए खुद को समर्पित करना होगा, तब ऐसा परिणाम आ सकता है।

**6,500 क्रय केंद्र स्थापित किए जाएंगे:** स्टाम्प पेपर को लेकर मंत्रिमंडल के फैसले की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि इस संबंध में 5,630 करोड़ रुपए से अधिक के स्टाम्प को बीड आउट किया जाएगा। पुराने स्टाम्प 31 मार्च 2025 तक मान्य होंगे, उसके बाद इन्हें स्वीकार नहीं किया जाएगा। यह निर्णय स्टाम्प प्रणाली में पारदर्शिता लाने और गड़बड़ियों को रोकने के लिए लिया गया है।

**मेडिकल कॉलेज का नामकरण:** बलिया में स्वतंत्रता सेनानी चित्तू पांडेय के नाम पर होगी मेडिकल कॉलेज की स्थापना बैठक में जिले में कॉलेज स्थापना के लिए 14.05 एकड़ भूमि नि:शुल्क हस्तांतरण की मंजूरी दी गई। भूमि जिला कारागार से चिकित्सा शिक्षा विभाग को हस्तांतरित की है। कॉलेज निर्माण 12.39 एकड़ भूमि पर किया जाएगा, शेष 2 एकड़ भूमि पर पांडेय की मूर्ति के सौंदर्यीकरण का निर्णय लिया।

**चिकित्सा शिक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण पहल:** सैफई (इटावा) स्थित उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय में ऑब्स एंड गायनी ब्लॉक के निर्माण के लिए प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। 300 बेडेड अस्पताल में पीडियाट्रिक ब्लॉक को भी शामिल किया गया है। इसके लिए 23217.17 लाख रुपए के वित्तीय एवं प्रशासकीय प्रस्ताव को मंत्रिपरिषद ने स्वीकृत कर लिया है।

## मेरठ शहर काजी एवं मदरसा बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष का निधन

### प्रोफेसर जैनुल साजिदीन का तबीयत बिगड़ने पर निधन



**मेरठ @ पत्रिका.** मेरठ के शहर काजी एवं उत्तर प्रदेश मदरसा बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर जैनुल साजिदीन का सोमवार सुबह तबीयत बिगड़ने के बाद निधन हो गया। वे 80 वर्ष के थे और अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के धर्मशास्त्र विभाग में प्रोफेसर के बाद वर्ष 2005 में सेवानिवृत्त हुए थे। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की अखिलेश यादव सरकार में प्रोफेसर साजिदीन को मदरसा बोर्ड का अध्यक्ष (दर्जा प्राप्त मंत्री) बनाया गया था। उन्हें राष्ट्रपति पुरस्कार से भी नवाजा गया था।

शहर काजी के निधन की खबर फैलते ही यहां शोक की लहर दौड़ गई और शोक व्यक्त करने वालों का पुरानी तहसील, शहर कोतवाली स्थित आवास पर तांता लग गया।

## होमगार्ड जवान इंसास राइफल और कमांडेंट पिस्टल से होंगे लैस

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**इटावा.** उत्तर प्रदेश सरकार होमगार्ड जवानों को इंसास राइफल और कमांडेंट को सुरक्षात्मक तौर पर पिस्टल से लैस करेगी।

होममाडे व नागरिक सुरक्षा मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने बताया कि योगी सरकार राज्य के होमगार्डो की व्यवस्था में सुधार के लिए कार्य कर रही है। सरकार होमगार्ड विभाग में काम करने वाले कर्मियों के जीवन स्तर में सुधार के लिए सक्रिय भूमिका निभाने में जुटी हुई है, इसी कड़ी में राज्य सरकार ने आमूलचूल परिवर्तन का मन भी बनाया है।

## तीन मंजिला मकान में आग लगने से वृद्ध की मौत

### कई घंटे मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका



**फिरोजाबाद @ पत्रिका.** फिरोजाबाद में थाना उत्तर क्षेत्र में जूता व्यवसायी के तीन मंजिला मकान में भीषण आग लग गई।

फायर ब्रिगेड और पुलिस प्रशासन ने आग पर काबू पाया प्रत्येक परिवार के लोगों को राहत कार्य के बाद घर से बाहर निकाल दिया गया व एक वृद्ध की दम घुटने से मौत हो गई। मकान में सारा सामान नष्ट हो गया। मोहल्ला दुली में जूता व्यवसाय विनोद अग्रवाल के तीन मंजिला मकान में रविवार रात भीषण आग की लपटे देखकर मोहल्ले में अफरा तफरी मच गई।

आग की सूचना मिलने पर थाना पुलिस और फायर टीम दमकल गाड़ियों के साथ मौके पर पहुंची। प्रशासन और फायर ब्रिगेड की टीम मकान के अंदर पहुंचे और परिवार के 12 लोगों को सुरक्षित निकालने का काम किया।

**राहत** | **प्रदेश के 37 जिलों में जमीनों के सर्किल रेट के पुनरीक्षण की प्रक्रिया पूरी**

# जमीन सर्किल रेट का पुनरीक्षण कराएगी योगी सरकार

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**लखनऊ.** उत्तर प्रदेश सरकार लखनऊ समेत कई जिलों में जल्द ही जमीनों के सर्किल रेट का पुनरीक्षण कराएगी।

जिन जिलों में वर्षो से जमीनों की सर्किल रेट का पुनरीक्षण नहीं हुआ हैं, वहां प्राथमिकता पर इस कार्रवाई को पूरा किए जाने पर फोकस किया जा रहा है। एक जनवरी 2024 से अब तक प्रदेश के 37 जिलों में जमीनों के सर्किल रेट के पुनरीक्षण की प्रक्रिया पूरी हो चुकी हैं। कुछ जिलों में पुनरीक्षण प्रक्रिया जारी है, वहीं अन्य जिलों में भी इसे जल्द ही शुरू किए जाने की योजना है।

### पुनरीक्षण होने का फायदा किसानों को मिलता है

उल्लेखनीय है कि जमीन के सर्किल रेट का पुनरीक्षण होने का सबसे बड़ा फायदा किसानों को मिलता है। पुनरीक्षण प्रक्रिया पूरी होने पर कानून के अनुसार भूमि अधिग्रहण में किसानों को जमीन का सही मूल्य मिलने का मार्ग प्रशस्त होता है। यही कारण है कि योगी सरकार द्वारा प्रदेश में जारी विकासपरक कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए सभी जिलों में जमीनों के सर्किल रेट से जुड़ी पुनरीक्षण प्रक्रिया को पूरा करने पर फोकस किया जा रहा है।

### समीक्षा बैठक में किया गया विचार-विमर्श

**हाल** ही में मुख्य सचिव के समक्ष हुई समीक्षा बैठक में इस विषय पर विचार-विमर्श किया गया था, जिसमें मुख्य सचिव द्वारा निर्णय लेते हुए पुनरीक्षण की कार्रवाई को तेजी से आगे बढ़ाने का निर्देश दिया था। जिन जिलों में वर्षो से पुनरीक्षण प्रक्रिया पूरी नहीं हुई है, उनमें लखनऊ, वाराणसी, गोरखपुर, बागपत, इटावा, कन्नौज, हापुड़, बुलंदशहर, मेरठ, महाराजगंज, कुशीनगर, अयोध्या, अम्बेडकरनगर, एटा, कासगंज, मुजफ्फरनगर, बदायूं, झांसी, जालौन, ललितपुर, संत कबीरनगर, कौशाम्बी व प्रयागराज आदि प्रमुख हैं। इन सभी



जिलों में जल्द ही पुनरीक्षण की कार्रवाई शुरू की जाएगी। वहीं शामली, सहारनपुर, मीरजापुर, अलीगढ़, बांदा, हमीरपुर, आगरा, सुल्तानपुर, अमेठी व गौतमबुद्ध नगर समेत कई जिलों में फिलहाल पुनरीक्षण की प्रक्रिया जारी है।

### दर निर्धारित का उल्लेख है

यूपी स्टाम्प की द्वितीय संशोधन नियमावली 2013 नियम 4(1) के अंतर्गत जिलाधिकारी द्वारा अगस्त में वार्षिक रूप से जिले के विभिन्न भागों में स्थित कृषि व अकृषक भूमि का न्यूनतम मूल्य प्रति हेक्टेयर/प्रति वर्गमीटर दर निर्धारित का उल्लेख है। आवश्यकता होने पर जिलाधिकारी द्वारा वर्ष के मध्य भी सर्किल दर सूची पुनरीक्षण कार्य कर सकते हैं। प्रदेश में एक जनवरी 2024 से अब तक 37 जिलों में जमीनों के सर्किल रेट के पुनरीक्षण प्रक्रिया पूरी हो चुकी है।

# बिहार विधानसभा में गरीबों के मुद्दे पर विपक्ष का हंगामा, किया बर्हिगमन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**पटना.** बिहार में जातिगत सर्वेक्षण में चिन्हित 94 लाख गरीब परिवारों को दो-दो लाख रुपए देने के मुद्दे पर सोमवार को विधानसभा में विपक्षी सदस्यों ने सरकार के खिलाफ जमकर हंगामा किया और बाद में बर्हिगमन कर गए।

विधानसभा में भोजनावकाश से पहले की बैठक में सरकार की ओर से मंत्री नीतीश मिश्रा ने वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता के तारांकित प्रश्न का उत्तर दिया, जिससे विपक्ष के सदस्य असंतुष्ट होकर सदन के बीच में आ गए और शोरगुल करने लगे। कुछ देर बाद असंतुष्ट विपक्षी सदस्य शोरगुल करते हुए सदन से बर्हिगमन कर गए।

मिश्रा ने कहा कि जातिगत सर्वेक्षण के दौरान सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण भी किया गया और 94 लाख गरीब परिवार ऐसे पाए गए, जिनकी मासिक आय छह हजार रुपए से कम है। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में उनके बीच उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए एक नई योजना शुरू की गई और इसके तहत पहली किस्त के रूप में 50 हजार रुपये देने का लक्ष्य रखा गया। उन्होंने कहा कि जिन परिवारों की मासिक आय छह हजार रुपये से कम हैं, उनसे आवेदन आमंत्रित किए गए और दो लाख दो हजार आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 40 हजार को बिहार लघु उद्यमी योजना के तहत 50 हजार रुपये की पहली किस्त दी गई।

### लाभार्थियों को सीधे राशि के लिए मानदंड बनेगा

**मंत्री** ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्राप्त आवेदनों में कुछ विसंगतियां थीं और जांच के बाद 40 हजार को योजना के अनुरूप पाया गया और उन्हें राशि दी गई। उन्होंने आगे कहा कि पिछले और चालू वित्तीय वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्य को मिलाकर इस वर्ष 7 मार्च को 59 हजार लोगों का चयन किया गया तथा 11 हजार आवेदन प्रतीक्षा सूची में हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना को शुरू कर बिहार ने एक मिसाल कायम की है। मिश्रा ने कहा कि इस बार दो लाख 32 हजार आवेदन प्राप्त हुए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 30 हजार अधिक हैं। उन्होंने कहा कि जाति सर्वेक्षण के दौरान पाए गए गरीब परिवारों के आंकड़ों के वैज्ञानिक इस्तेमाल के लिए फरवरी में मुख्य सचिव के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय बैठक हुई थी तथा लाभार्थियों को सीधे राशि प्रदान करने के लिए एक मानदंड विकसित किया जा रहा है।

### आंखों में धूल झोंकने वाली योजना

**मंत्री** ने वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता के पूरक प्रश्न के उत्तर में बताया कि योजना को चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा। गुप्ता ने पूछा था कि जाति सर्वेक्षण में चिन्हित प्रत्येक 94 लाख गरीब परिवारों को दो लाख रुपये देने में कितने वर्ष लगेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश का कुल बजट तीन लाख 16 हजार करोड़ रुपये से अधिक है और जब योजना शुरू की गई थी, तब राज्य का बजट तीन लाख करोड़ रुपये से कम था। यदि 94 लाख गरीब परिवारों को दो लाख रुपये दिए जाते हैं तो बजट का कम से कम तीन चौथाई हिस्सा एक ही योजना में खर्च हो जाएगा। उन्होंने इस योजना को आंखों में धूल झोंकने वाला बताया।

## कुएं से किशोरी का शव बरामद

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**छपरा.** सारण जिले के एकमा थाना क्षेत्र से कुछ दिन पूर्व से लापता किशोरी का शव कुएं से बरामद किया गया है।

एकड़ीपुर परसागढ़ गांव निवासी बृजमोहन सिंह की पुत्री पायल (15) पांच मार्च से घर से गायब हो थी। ग्रामीणों ने सोमवार शव को गांव स्थित एक कुएं में देखकर इसकी सूचना थाना पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान कराने के बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। वहीं, मृतका के परिजनों से मिले आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## झारखंड में पटाखे की दुकान में आग लगने से 5 लोगों की मौत

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**रांची.** गढ़वा जिले में रंका प्रखंड के गोदरमाना के मुख्य बाजार में पटाखे की दुकान में आग लगने से 5 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि गोदरमाना मुख्य बाजार के कुश कुमार गुप्ता के दुकान में सोमवार को करीब 11:30 बजे आग लग गई, जिसके कारण दुकानदार कुश कुमार गुप्ता समेत 5 लोगों की मौत हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कुश कुमार किराने और पटाखे की दुकान चलाते थे और पटाखे की दुकान के पीछे 2 गोदाम हैं। अचानक एक पटाखा फूटा और देखते ही देखते पटाखे की दुकान में आग लग गई। पटाखे में विस्फोट के बाद दुकान का शटर बंद हो गया और सभी 5 लोग उसी में बंद हो गए।

आग बुझाने के बाद सभी को गोदाम दीवार काटकर निकाला गया लेकिन तब तक सभी पांचों लोगों की मौत हो गई थी। मृतकों की पहचान दुकानदार कुश कुमार गुप्ता, अजित कुमार केसरी, सुशीला केरकेट्टा, आयुष कुमार केसरी और पियूष कुमार केसरी के रूप में हुई हैं। इस बीच मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने गढ़वा जिले के रंका प्रखंड में पटाखा दुकान में आग लगने से 5 लोगों की मौत पर गहरा दु:ख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने मरांग बुरु से दिवंगत लोगों की आत्मा को शांति प्रदान करने एवं शोकाकुल परिवार को दु:ख की इस विकट घड़ी में सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की है।




**पटना** में सोमवार को पारा मेडिकल एसोसिएशन ऑफ बिहार के बैनर तले प्रतिभागियों ने डोमीसाइल नीति लागू करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन किया।

## झारखंड विधानसभा में कानून व्यवस्था के मुद्दे पर हंगामा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**रांची.** झारखंड में विपक्षी दल भाजपा के विधायकों ने सोमवार को विधानसभा में राज्य में 'बिगड़ती' कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर हंगामा किया।

इस मुद्दे पर चर्चा की मांग को लेकर भाजपा विधायकों ने नारेबाजी की और विधानसभा अध्यक्ष के आसन के निकट आ गए। विपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी ने सदन में कहा कि झारखंड में कानून व्यवस्था चरमरा गई है। रांची में एक कोयला व्यापारी को गोली मार दी गई।

### विषय पर चर्चा की मांग

**उन्होंने** राज्य में पिछले कुछ दिनों में घटित अपराध की बड़ी वारदातों का जिक्र करते हुए स्पीकर से इस पर चर्चा की मांग की। शुक्रवार को रांची में कारोबारी पर दिनदहाड़े फायरिंग हुई। शनिवार को हजारीबाग में एनटीपीसी के डीजीएम की गोली मारकर हत्या कर दी गई। रांची के पास चान्हो में पिछले हफ्ते आनंदमार्ग आश्रम में अपराधियों ने हमला कर दो लोगों की हत्या कर दी। ये घटनाएं तो सिर्फ कुछ उदाहरण हैं।

## एसएसबी ने 1.62 लाख नेपाली मुद्रा की जब्त, एक गिरफ्तार

**सुपौल @ पत्रिका.** सशस्त्र सीमा बल ने भारत-नेपाल सीमा से लगे बिहार के सुपौल जिले के सतना इलाके से 1.62 लाख के नेपाली मुद्रा के साथ गिरफ्तार किया है।

एसएसबी के 45वीं बटालियन के कमांडेंट गौरव सिंह ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास सतना कैंप के पास से एक व्यक्ति की तलाशी में एक लाख 62 हजार नेपाली मुद्रा मिली। पूछताछ में जानकारी मिली कि सुबोध प्रसाद चौरसिया जिला-सुनसरी (नेपाल) ने सतना मेन गेट के रास्ते भारत से नेपाली मुद्रा लेकर जा रहा था। उसे सीमा शुल्क विभाग भीमनगर को सुपुर्द कर दिया गया।

# महिला कर्मियों के लिए बिहार सरकार के श्रम संसाधन विभाग की अनूठी पहल

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**पटना.** बिहार सरकार के श्रम संसाधन विभाग की ओर से महिलाकर्मियों की सुविधा के लिए पटना स्थित नियोजन भवन परिसर में सोमवार को पालना घर (क्रेच) काम करने लगा है। पालना घर का विधिवत उद्घाटन श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह ने किया।

सिंह ने कहा कि यह सराहनीय पहल हैं और इसका उद्देश्य महिला कर्मियों को मातृत्व सहयोग प्रदान करना है, जिससे वे कार्यालय समय के दौरान छोटे बच्चों की उचित देखभाल सुनिश्चित कर सकें।

विशेष सचिव आलोक कुमार ने नियोजन भवन में नवनिर्मित पालना घर की सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पालना घर में 1 से पांच वर्ष तक के बच्चों के लिए सुरक्षित देखभाल सुविधा होगी। यह 15 से 20 बच्चों की क्षमता वाला केंद्र हैं। एक क्रेच वर्कर एवं एक सहायक क्रेच वर्कर की नियुक्ति की गई है, जो बच्चों के ख्याल रखेंगी।

### महिलाओं के लिए बड़ी राहत होगी

**यह** पहल विभाग में कार्यरत महिलाओं के लिए बड़ी राहत होगी। इससे उन्हें कार्यालय में रहते हुए अपने बच्चों की देखभाल की चिंता नहीं होगी। सरकार महिला सशक्तिकरण और उनके कार्यस्थल पर अनुकूल वातावरण बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि यह पालना घर सरकार की महिला हितैषी योजनाओं के तहत एक महत्वपूर्ण कदम है, जो कार्यरत महिलाओं को बेहतर कार्य-जीवन संतुलन प्रदान करेगा। वहीं मंत्री के द्वारा इस अवसर पर उपस्थित बच्चों को बिस्किट, टॉफी एवं अन्य उपहार भी दिए गए। उक्त अवसर पर विशेष सचिव आलोक कुमार, श्रमायुक्त राजेश भारती सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

हो सकता है मैं आपके विचारों से सहमत न हो पाऊं फिर भी विचार प्रकट करने के आपके अधिकारों की रक्षा करूंगा। –वाल्तेयर



राजस्थान पत्रिका
संस्थापक
कर्पूर चन्द्र कुलिश

# आधी-अधूरी नींद के लिए हमारी जीवनशैली जिम्मेदार


चैन की नींद सोना मुहावरा यों ही नहीं बना होगा। जाहिर है चैन की नींद ऐसी नींद है जो बिना किसी तरह की चिंता, डर व मानसिक बोझ के आती हो। ये तमाम वजहें होंगी तो नींद तो वैसे ही गायब हो जाया करती है। वैज्ञानिक व चिकित्सकीय शोध में यह प्रमाणित हो चुका है कि नींद पूरी नहीं होने से न केवल सेहत पर विपरीत असर पड़ता है बल्कि कार्यक्षमता में भी कमी आती है। पहले यह माना जाता था कि नींद की कमी और दिमागी चिंताओं से ज्यादातर विकसित देशों के लोग ही पीड़ित होते हैं। लेकिन भारतीयों के संदर्भ में लोकल सर्किल्स का ताजा सर्वेक्षण कहता है कि 59 फीसदी लोग छह घंटे की नींद भी नहीं ले पा रहे। इतना ही नहीं इनमें 38 फीसदी भारतीय सप्ताहांत या छुट्टियों में भी इस नींद की भरपाई नहीं कर पाते।

नींद की कमी थकान बढ़ाने वाली तो होती ही है, आलस्य, कमजोरी, चिंता व तनाव जैसी समस्याएं भी जल्द ही घर करने लगती हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की पूर्व मुख्य वैज्ञानिक सौम्या स्वामीनाथन ने भी कहा है कि हमें हमारे शरीर की सुननी चाहिए क्योंकि यह खुद बता देता है कि उसे कब आराम करना चाहिए। लेकिन भागमभाग की जिंदगी में कार्यस्थल पर काम का दबाव, शिक्षण संस्थानों में पढ़ाई का दबाव या फिर घर-गृहस्थी की चिंता के मारे भी नींद कोसों दूर होने लगी है। जबकि बेहतर शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए रोजाना सात घंटे की नींद जरूरी होती है। क्योंकि तमाम अध्ययन यह भी साफ कर चुके हैं कि नींद पूरी नहीं होने पर हृदय रोग, मोटापा व टाइप टू-मधुमेह समेत जीवनशैली जनित दूसरे रोग होने की आशंका ज्यादा रहती है। दूसरे कारणों के साथ सोशल मीडिया को भी लोगों के नींद के समय में कटौती की बड़ी वजह माना जा रहा है। जीवनशैली में आ रहे बदलाव और तमाम चिकित्सा मानक भी इस ओर संकेत कर रहे हैं कि जैसे-जैसे सोशल मीडिया का उपयोग बढ़ रहा है, खासतौर से युवा पीढ़ी की नींद की समयावधि और गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। मोबाइल फोन का बिस्तर पर जाने के बाद भी इस्तेमाल पर्याप्त नींद से मिलने वाली स्वाभाविक स्फूर्ति से भी वंचित कर रहा है। नींद की कमी से न केवल हमारे देश की कुल उत्पादकता पर असर पड़ रहा है बल्कि यह आए दिन होने वाली सड़क दुर्घटनाओं की भी बड़ी वजह बनती जा रही हैं।

भागदौड़ की जिंदगी में नींद को कम प्राथमिकता देने वालों को यह तो समझना ही होगा कि सोते वक्त हमारा शरीर न सिर्फ आराम करता है बल्कि दिनचर्या को आगे बढ़ाने के लिए तैयार भी होता है। निश्चय ही हमें शरीर की सुननी होगी।

**सामयिक:** चीन ने आज तक ऐसा कोई उदाहरण प्रस्तुत नहीं किया जिसे हम 'पवित्र दोस्ती' की नजर से देख सकें

# आखिर कैसे किया जा सकता है ड्रैगन पर भरोसा?



डॉ. रहीस सिंह
अंतरराष्ट्रीय और आर्थिक मामलों के जानकार
@patrika.com

चीन के बदले हुए सुरों को किस तरह से देखा जाना चाहिए? बीजिंग और वाशिंगटन के बीच उभरते आर्थिक तनावों के बीच उसका दिल्ली की ओर देखना उसकी बाजार आधारित आवश्यकताओं से प्रेरित है या भारत के हितों के प्रति चिंता आधारित?

अमरीका द्वारा शुरू किए गए टैरिफ वॉर से दुनिया में खिंच रही विभाजक रेखाओं के बीच चीन यह कहते हुए दिख रहा है कि हाथी और ड्रैगन का नृत्य (डांस) यानी कदम से कदम मिलाकर चलना ही दोनों पक्षों के लिए उचित विकल्प (करेक्ट चॉइस) है। चीन के विदेश मंत्री वांग यी ये भी कहते हैं कि ड्रैगन-हाथी मिलकर दुनिया बदल सकते हैं। उनके इस कथन पर संशय नहीं है परन्तु चीनी इतिहास और चरित्र को देखते हुए उसकी दोस्ती के पैगाम पर भरोसा करना मुश्किल होगा। फिर चीन के बदले हुए सुरों को किस तरह से देखा जाना चाहिए? यही कि बीजिंग और वाशिंगटन के बीच उभरते आर्थिक तनावों के बीच उसका दिल्ली की ओर देखना उसकी बाजार आधारित आवश्यकताओं से प्रेरित है या भारत के हितों के प्रति चिंता आधारित? यह चीन की मनोदशा बदलाव का संकेत है अथवा भारत के बाजार में निर्बाध रूप से पांव पसारने की एक युक्ति?

विगत दिनों चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने अपने वक्तव्य में कुछ बातें कही, जो ध्यान देने योग्य हैं। पहली यह कि चीन और भारत को एक-दूसरे के खिलाफ सुरक्षा बनाने के बजाय मिलकर काम करना, यही वह रास्ता है जिसकी आवश्यकता है। दूसरी- जब चीन और भारत साथ आएंगे, तो अंतरराष्ट्रीय संबंधों में लोकतंत्र और मजबूत होगा। तीसरी-भारत और चीन 'एक-दूसरे' के सबसे बड़े पड़ोसी हैं। इसलिए दोनों को ऐसा साझेदार होना चाहिए जो एक दूसरे की सफलता में योगदान दें। चीन कहता है कि दोनों देशों को एक साथ मिलकर काम करना चाहिए, यह भारत के पंचशील सिद्धांत के अनुरूप है, जिसमें शांतिपूर्ण सहअस्तित्व की बात की गई है। लेकिन क्या चीन ने कभी शांतिपूर्ण सहअस्तित्व का पालन किया? इसका बहुत छोटा सा उत्तर है-नहीं। फिर आज ऐसा क्या हो गया कि चीन को भारत से मैत्री संबंध मजबूत करने की याद आने लगी। हां, यदि दोनों देश करीब आते हैं तो नई विश्वव्यवस्था में एशिया निर्णायक भूमिका में आ जाएगा और भारत नेतृत्व की। लेकिन यदि चीन यह कहता है कि इससे अंतरराष्ट्रीय संबंधों में लोकतंत्र और मजबूत होगा तो यह हास्यास्पद बात है।

चीन स्वयं लोकतंत्र विरोधी है फिर वह अंतरराष्ट्रीय संबंधों में लोकतंत्र को मजबूत करने में कौन-सी भूमिका निभाएगा। इससे दुनिया अवगत है। वांग यी कहते हैं कि इस साल भारत-चीन कूटनीतिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ है। इसलिए चीन यह इच्छा रखता है कि वह पूर्व के अनुभवों पर आधारित भविष्य के सहयोग (फ्यूचर इंगेजमेंट्स) के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोले। लेकिन 1960 के दशक से 21वीं सदी के पिछले दो दशकों तक चीन ने भारत को लेकर ऐसे कौन-से कदम उठाए जिसमें नई संभावनाओं के दौर खुलते दिखे हों। डोकलाम और गलवान जैसी घटनाएं ऐसी किसी संभावना के पक्ष में नहीं दिखतीं। उसने स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स, न्यू मैरीटाइम सिल्क रूट अथवा बेल्ट एंड रूट इनीशिएटिव के तहत हिन्द महासागर में एक ऐसी स्ट्रिंग तैयार की, जो भारत को घेरने का काम करती हो और उत्तर की तरफ काश्गर से ग्वादर तक 'चीन-पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर बनाकर भारत को भू-राजनीतिक दृष्टि से घेरने की कोशिश की है। पाकिस्तान का वह सदाबहार मित्र (ऑल व्हेदर फ्रेंड) है और पाकिस्तान भारत से निरंतर एक छद्म युद्ध लड़ रहा है। वैश्विक संस्थाओं में भी वह भारत की बजाय पाकिस्तान के साथ खड़ा दिखता है। फिर किस मित्रता की बात चीन कर रहा है? दरअसल चीन की भू-राजनीतिक (जियो-पॉलिटिकल) और भू-आर्थिक (जियो-इकोनॉमिक) रणनीति उस गैप को भरने की कोशिश रहती है, जो अमरीकी नीतियों के कारण दुनिया के किसी भी क्षेत्र में निर्मित हो रहा है। इससे उसे दो फायदे हो सकते हैं। पहला यह कि उसे अपनी महत्वाकांक्षाओं के अनुरूप आगे बढ़ने का अवसर मिल जाएगा और द्वितीय- वह अमरीका को काउंटर करने के लिए अपनी शक्ति का विस्तार करने में सफल हो जाएगा।

चीन इस रणनीति में बहुत हद तक सफल भी रहा है। आज मध्य-पूर्व के अधिकांश देश अमरीका के बजाय चीन की तरफ सरकते हुए नजर आ रहे हैं। हालांकि उसकी यह कोशिश केवल मध्य-पूर्व तक ही सीमित नहीं है, बल्कि ग्लोबल साउथ तक जाती है जिसके नेतृत्व का दावा भारत करता है। एक बात और, नई ट्रंप रेजीम की शुरूआत के साथ ही अमरीका कुछ ऐसा कदम उठा रहा है, जो चीन के लिए नए अवसर साबित हो सकते हैं। लेकिन इन अवसरों का लाभ वह अकेले अपने दम पर नहीं उठा पाएगा। इसके लिए उसे भारत सहित कुछ अन्य एशियाई और अफ्रीकी देशों का साथ चाहिए। भारत की तरफ उसके इस नए झुकाव को इसी चश्मे से देखने की जरूरत है। यद्यपि पिछले कुछ समय से भारत की तरफ से भी चीन के प्रति कुछ साफ्ट होने के संकेत हो सकते हैं। जैसे 22-24 अक्टूबर 2024 को 16वीं ब्रिक्स समिट (कजान; रूस) में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात के दौरान संबंधों में सुधार के लिए स्ट्रेटेजिक दिशा-निर्देशों का दिए जाना। इसी वर्ष जोहान्सबर्ग (दक्षिण अफ्रीका) में जी-20 विदेश मंत्रियों की बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर और चीनी समकक्ष वांग यी की मुलाकात तथा भारत और चीन के बीच आपसी विश्वास को बहाल करने और दोनों देशों के लिए 'विन-विन कोऑपरेशन' के लिए चर्चा का होना। इसमें कोई संशय नहीं है कि इन गतिविधियों के कारण पूर्वी लद्दाख में 4 वर्षों से चल रहे सैन्य गतिरोध के पिछले वर्ष समाप्त होने के बाद सभी स्तरों पर उत्साहजनक नतीजे दिख रहे हैं लेकिन फिर भी चीन का इतिहास उस पर भरोसा करने से रोकता है। दरअसल चीन खुद को एशिया का लीडर मानता है और इस विचार को वह सभी एशियाई राष्ट्रों पर थोपने की निरंतर कोशिश भी कर रहा है। लेकिन भारत उसे एशिया का नेता नहीं मानता। यह बात चीन को अखरती रहती है। यह आज की बात नहीं है। 1962 में हुए चीन-युद्ध के कारणों में एक यह कारण भी था। डोकलाम भी इसी का परिणाम था और गलवान भी। वैसे चीन ने पिछले सात दशकों में कभी कोई ऐसा उदाहरण प्रस्तुत नहीं किया जिसे हम 'पवित्र दोस्ती' की नजर से देख सकें, उसकी गतिविधियों में 'घृणा-प्रेम' का मनोविज्ञान ज्यादा दिखा।

बहरहाल आज की दुनिया कई तरह के टकरावों से गुजर रही है। चीन इसी के बीच से अपनी प्रगति का रास्ता चुनना चाहता है। लेकिन यदि वह भारत के साथ तनातनी रखता है तो उसकी प्रगति की राह प्रभावित होगी जबकि भारत से दोस्ती इसे आसान बनाएगी। चीन के बदले हुए सुर इन्हीं अपेक्षाओं और आवश्यकताओं की देन हैं। इसलिए चीन के साथ आगे बढ़ने से पहले इतिहास के उन अध्यायों को सामने रखने की जरूरत होगी जो उसके अविश्वासी चरित्र और गतिविधियों से सम्पन्न हैं।

# नाजुक, पर अनोखी पारंपरिक इंजीनियरिंग का अद्भुत उदाहरण




**कोह पेन ब्रिज**, जो कंबोडिया में मेकोंग नदी पर है, पारंपरिक इंजीनियरिंग का एक अद्वितीय उदाहरण है। यह पूरी तरह से बांस से बना है और हर साल वर्षा ऋतु से पहले इसे फिर से बनाया जाता है, ताकि इसकी सुरक्षा और कार्यक्षमता सुनिश्चित की जा सके। स्थानीय समुदाय मिलकर इस पुल को पुनर्निर्मित करता है। यह मुख्य भूमि और कोह पेन द्वीप के बीच एक महत्त्वपूर्ण कड़ी है। इस ब्रिज को कंबोडिया की सांस्कृतिक धरोहर और कारीगरी का प्रतीक कहते हैं। इस पुल की अस्थाई प्रकृति और प्रत्येक वर्ष इसे फिर से बनाने की प्रक्रिया यह दिखाती है कि सतत प्रथाएं कितनी महत्त्वपूर्ण हैं और लोग अपने पर्यावरण से किस तरह जुड़ते हैं। जैसे-जैसे मौसम बदलते हैं, कोह पेन ब्रिज एक अद्वितीय चमत्कार के रूप में खड़ा रहता है, जो यह दर्शाता है कि प्राकृतिक परिवेश की सुंदरता और जीवनशक्ति को बनाए रखते हुए पारंपरिक विधियां आज भी आधुनिक दुनिया में कैसे फल-फूल सकती हैं। यह पुल अपनी नाजुक मजबूत संरचना के साथ, मेकोंग नदी का एक अद्भुत दृश्य प्रकट करता है।

**पत्रिका डिजिटल पर भी पढ़ें विशेष लेख**



*विरासत का डिजिटल संरक्षण जरूरी*

वीरेश दत्त माथुर

shorturl.at/YMMrA

*यदि आप भी समसामयिक विषयों, सामाजिक मुद्दों पर लिखते हैं तो हमें writers@in.patrika.com पर ई-मेल करें।*

**प्रसंगवश**

# त्योहार के मौकों पर परिवहन सेवाओं में मनमानी पर लगे रोक

### एक नियामक तंत्र बनाया जा सकता है, जो यह सुनिश्चित करे कि त्योहारों पर किराए में अनावश्यक वृद्धि न हो


तीज-त्योहार हमारी संस्कृति के अभिन्न अंग हैं। ये हमें माटी से जुड़े रहने को भी प्रेरित करते हैं। इसी भावना से जब त्योहारों के मौके पर देशभर में बसे प्रवासी अपने घर लौटने की कोशिश करते हैं तो सबसे बड़ी समस्या आवागमन की आती है। नजदीक ही होली का पर्व है। हर बार की तरह इस बार भी ट्रेनों में 'नो-रूम' की स्थिति है और हवाई किराया आसमान छू रहा है। ऐसे में परिवार के साथ त्योहार मनाने की लालसा लिए लोग असुविधाओं से खूब दो-चार हो रहे हैं। सरकारी परिवहन सेवाओं की कमी और निजी बसों व एयरलाइंस कंपनियों की ओर से दोगुना-तिगुना किराया वसूलने की खुली छूट ने यात्रियों की परेशानी को और बढ़ा दिया है। दरअसल, हर साल त्योहारों पर यात्रियों की संख्या कई गुना बढ़ जाती है, लेकिन परिवहन सेवाओं की उपलब्धता में पर्याप्त सुधार नहीं होता। भारतीय रेलवे समय-समय पर कुछ विशेष ट्रेनें जरूर चलाता है, लेकिन वे मांग के मुकाबले नाकाफी साबित होती हैं। वहीं, निजी बस संचालक और एयरलाइंस कंपनियां इस मौके का फायदा उठाकर किराए में मनमाना इजाफा कर देती हैं। यातायात की जरूरतों का पूरा डेटा उपलब्ध होने के बावजूद सरकार समय रहते उपयुक्त व्यवस्थाएं नहीं करती है, जिसके चलते यह समस्या हर बड़े त्योहार पर दोहराई जाती है।

रेलवे को चाहिए कि वह बड़े त्योहारों से एक माह पहले अतिरिक्त ट्रेनों की घोषणा करे। बड़े शहरों से निकलने वाली ट्रेनों में अतिरिक्त डिब्बे जोड़े जाएं। सरकार को निजी बस सेवाओं और एयरलाइंस कंपनियों की ओर से किराए में की जा रही मनमानी बढ़ोतरी पर नियंत्रण रखना चाहिए। एक नियामक तंत्र बनाया जा सकता है, जो यह सुनिश्चित करे कि त्योहारों पर किराए में अनावश्यक वृद्धि न हो। कई बार यह भी देखा जाता है कि एजेंट पहले से टिकट बुक कर बाद में उन्हें अधिक दामों पर बेचते हैं। रेल-बस सेवाओं को इस पर अंकुश लगाने के लिए टिकट बुकिंग प्रणाली को पारदर्शी बनाना होगा। अंतरराज्यीय बस सेवाओं को बढ़ावा देने के साथ अतिरिक्त बसों का संचालन करना चाहिए। परिवहन एक बुनियादी जरूरत है। त्योहारों पर अपने परिवार के साथ समय बिताने की इच्छा को किसी के लिए भी एक महंगी और तकलीफदेह प्रक्रिया नहीं बनने देना चाहिए।

- संजय कौशिक
sanjay.kaushik@in.patrika.com

**आत्म दर्शन**

# हम साधारण नहीं, ईश्वर के अंश हैं



स्वामी अवधेशानंद गिरि
@patrika.com

सनातन संस्कृति सिखाती है कि रूप, गुण, धर्म और विविधताओं के बाद भी सभी प्राणियों में एक ही सत्ता अर्थात् 'ब्रह्म' विद्यमान है। इसी सत्य 'आत्मबोध' से जाति, धर्म और संस्कृति के भेद मिटते हैं। आज का संसार भोगवाद और अहंकार से ग्रस्त है, जिसका समाधान भारतीय दर्शन में निहित है। जब हम सभी में उसी अविनाशी तत्त्व को देखेंगे, तो पारस्परिक विद्वेष और संघर्ष स्वतः ही समाप्त हो जाएगा। आदिगुरु शंकराचार्य ने भी कहा है कि जब तक हम अपने आत्म स्वरूप में नहीं पहुंचते हैं, यह संसार दृष्टिगोचर होता है। जैसे ही हम अपने स्वरूप में आते हैं, यह संसार रूपी स्वप्न खो जाता है। यदि कुछ रह जाता है तो वह है - सत्य रूपी ब्रह्म; जो सर्वव्यापक है। ध्यान रहे! जो जागरूक है और जीवन में हर पल सचेत व सजग रहता है, उसे ही करुणा के सागर परमपिता का दर्शन होता है।

मानव जीवन में अनंत संभावनाएं हैं, असंभव को संभव करने और दुर्लभ को सुलभ बनाने की क्षमता मनुष्य में जन्म से ही विद्यमान है। हम साधारण नहीं, ईश्वर के अंश हैं, अनंत शक्तियों के भंडार हैं। मानव जन्म संपूर्णता की तैयारी है, ईश्वरत्व की तैयारी है। एक-एक बालक ईश्वर की अनंत शक्तियों का पुंज है। आवश्यकता है तो केवल उन्हें सही दिशा देने की। मन के अंदर का संकल्प ही बाह्य जगत में नवीन आकार ग्रहण करता है। जो परिकल्पना, चित्र अंदर उत्पन्न होता है, वही बाहर स्थूल रूप में प्रकट होते हैं। धर्मसाधना के लिए मनुष्य शरीर ही सबसे उपयुक्त है। जन्म लेना और फिर अपनी शारीरिक आवश्यकताओं को पूरा करते-करते मर जाना मानव जीवन की परिभाषा नहीं है।

**टीम इंडिया की जीत के ट्रैक पर वापसी से कई अटकलों पर विराम**

# जोश, जीत और जश्न: बदल गई तस्वीर



राज कुमार सिंह
वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार
@patrika.com

*रोहित और विराट जैसे बड़े खिलाड़ियों को ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद चुका हुआ मान लिया गया था, उन्होंने ही टीम इंडिया को आइसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जिताने में निर्णायक भूमिका निभाई।*

बारह साल बाद तीसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी की खिताबी जीत ने अंग्रेजी की एक कहावत के इस हिंदी भावार्थ को भी फिर रेखांकित कर दिया कि सफलता में बहुत से हिस्सेदार होते हैं, लेकिन असफलता में कोई नहीं होता। इसी साल जनवरी के पहले सप्ताह में भारत ने ऑस्ट्रेलिया में पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला का आखिरी मैच खेला था। उस श्रृंखला में भारत की शर्मनाक हार के बाद प्रशंसकों का टीम इंडिया पर गुस्सा जमकर फूटा। कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त खिलाड़ियों को टीम से बाहर करने की मांग की जाने लगी, लेकिन डेढ़-दो महीने बाद ही 20 फरवरी से 9 मार्च तक टीम इंडिया ने चैंपियंस ट्रॉफी में शानदार और अजेय प्रदर्शन किया, तो उसका जश्न समय से पहले ही देश में होली मनाने का मौका बन गया। रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे जिन बड़े खिलाड़ियों को ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद चुका हुआ मान लिया गया था... टीम के हेड कोच गौतम गंभीर भी जिन्हें अप्रत्यक्ष नसीहत दे रहे थे... बीसीसीआइ जिनके संन्यास पर चर्चा करने लगा था... उन्होंने ही टीम इंडिया को रिकॉर्ड तीसरी बार आइसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जिताने में निर्णायक भूमिका निभाई।

बेशक क्रिकेट एक टीम गेम है और ज्यादातर खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन के बिना जीत मुश्किल होती है। इसलिए कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती की गेंदबाजी तथा श्रेयस अय्यर और केएल राहुल की बल्लेबाजी के महत्त्व को कम नहीं आंका जा सकता, लेकिन अगर फाइनल में बतौर ओपनर कप्तान रोहित शर्मा ने 83 गेंदों पर 76 रनों की धुआंधार पारी नहीं खेली होती तो न्यूजीलैंड के 251 रनों को पार कर ट्रॉफी उठा पाना नामुमकिन होता। विराट कोहली की शतकीय पारी के बिना चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के विरुद्ध भी जीत मुश्किल होती। ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध जीत में भी कोहली के अर्धशतक की भूमिका रही। वैसे तो पाकिस्तान के विरुद्ध जीत भारतीय मनोविज्ञान को सबसे ज्यादा सुकून देती है, लेकिन इस चैंपियंस ट्रॉफी में न्यूजीलैंड के विरुद्ध दो और ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध एकमात्र मैच में जीत ने भी भारतीय क्रिकेट और प्रशंसकों को बड़ी राहत पहुंचाई है। ऑस्ट्रेलिया के अपेक्षित प्रदर्शन न कर पाने का कारण उसके मुख्य तेज गेंदबाजों की गैर मौजूदगी भी रही। न्यूजीलैंड की टीम सबसे प्रोफेशनल टीम मानी जाती है, जो पूरा होमवर्क कर मैदान पर उतरती है और अपनी रणनीति के मुताबिक खेलने की कोशिश भी करती है। आखिर न्यूजीलैंड के रचिन रविंद्रन ही चार मैच खेलकर दो शतकों के साथ चैंपियंस ट्रॉफी में सबसे ज्यादा 263 रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट भी बने। चोट के चलते फाइनल में न खेल पाने के बावजूद न्यूजीलैंड के ही मैट हेनरी चार मैचों में सबसे ज्यादा 10 विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे। इसलिए ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के विरुद्ध जीत निश्चय ही टीम इंडिया के खोए हुए आत्मविश्वास की बहाली में मददगार साबित होंगी। गौरतलब है कि पिछले साल पहले तो न्यूजीलैंड से हमें घरेलू मैदान पर श्रृंखला के तीनों टेस्ट मैचों में शर्मनाक हार मिली और फिर ऑस्ट्रेलिया दौरे पर अच्छी शुरुआत के बावजूद टीम इंडिया ने बेहद लचर प्रदर्शन किया, जिसके चलते पहली बार भारत वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में नहीं पहुंच पाया।

2002 और 2013 के बाद टीम इंडिया ने अब तीसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी जीती है। रोहित शर्मा और विराट कोहली सबसे ज्यादा चार-चार आइसीसी खिताब जीतने वाले खिलाड़ी बन गए हैं, तो महेंद्र सिंह धोनी के बाद रोहित दो आइसीसी खिताब जीतने वाले दूसरे भारतीय कप्तान भी बन गए हैं। तीसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के अलावा टीम इंडिया ने इस बार टूर्नामेंट में अजेय प्रदर्शन भी किया। टीम इंडिया ने अपने सभी पांच मैच जीते, जो निश्चय ही असाधारण प्रदर्शन है। चोटिल जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में चैंपियंस ट्रॉफी में गेंदबाजी आक्रमण को टीम इंडिया की सबसे कमजोर कड़ी माना जा रहा था। टीम में पांच स्पिनरों के चयन पर भी सवाल उठे थे, लेकिन वह जुआ भारत के पक्ष में गया। दोबारा मौका मिलने पर वरुण चक्रवर्ती ने शानदार प्रदर्शन कर टीम में जगह पक्की कर ली लगती है। बेशक ऑलराउंडर अक्षर पटेल को स्पेशलिस्ट बल्लेबाज-विकेटकीपर केएल राहुल से पहले बल्लेबाजी के लिए भेजना अखरता रहा, लेकिन अक्षर लगातार खुद को साबित कर रहे हैं। बल्लेबाजी क्रम में नीचे भेजे जाने से सीमित अवसरों पर भी राहुल ने अपने जिम्मेदारीपूर्ण प्रदर्शन से प्रभावित किया है। ऐसे में विस्फोटक बल्लेबाज-विकेटकीपर ऋषभ पंत को टीम इंडिया में वापसी के लिए इंतजार करना पड़ सकता है। निश्चय ही यह समय रोहित और विराट के संन्यास की अटकलों पर विराम लगाते हुए शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर, अक्षर पटेल और वरुण चक्रवर्ती के मैच जिताऊ प्रदर्शनों से टीम इंडिया की जीत के ट्रैक पर वापसी और बेहतर भविष्य के भरोसे पर जश्न मनाने का है।

**आपकी बात**

## हमारी संस्कृति हो रही प्रदूषित

**आधुनिक** समय में सोशल मीडिया पर कंटेंट क्रिएशन की बढ़ती प्रतिस्पर्धा हमारी संस्कृति को काफी अधिक प्रदूषित कर रही है। सोशल मीडिया पर व्यू, लाइक एवं प्रसिद्ध होने के लिए मानवता की सीमा को पार करते हुए असभ्य भाषा, पहनावा और रहन सहन को गलत तरीके से कंटेंट बनाकर प्रस्तुत करने का चलन बढ़ गया है। काफी समय से सोशल मीडिया पर वायरल अश्लील कंटेंट से युवा पीढ़ी और संस्कृति काफी असर पड़ रहा है। पाश्चात्य संस्कृति को बढ़ावा देने के चक्कर में हमारी संस्कृति प्रदूषित हो रही है। घटिया तरीके से कंटेंट क्रिएशन करने वालों पर सख्त कानून बनाकर कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि सदियों से चली आ रही हमारी मजबूत संस्कृति प्रदूषित होने से बचे एवं युवा अपने भविष्य के बारे में विचार करें।

- कुमार जितेन्द्र, मोकलसर

## विकास के नाम पर पेड़ न काटें

**वाहनों** से निकलने वाला धुआं व औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाला धुआं जलवायु में जहर घोल रहे हैं। ग्रामीण रोजगार के अभाव में शहरों की ओर पलायन कर रहे हैं। बढ़ता शहरीकरण भी बेहद घातक है। विकास के नाम पर ऊंची-ऊंची इमारतें खड़ी करना व हाइवे चौड़े करने के लिए पेड़ काटे जाना न्यायसंगत नहीं हैं। पेड़ काटे जाने से ज्यादा पौधरोपण किए जाने की जरूरत है। जंगलों को बचाया जाना चाहिए।

- लता अग्रवाल, चित्तौड़गढ़

**आज का सवाल**

**डिजिटल गैजेट्स का इस्तेमाल करते हुए महिलाओं को किन बातों का ध्यान रखना चाहिए?**

ईमेल करें
edit@epatrika.com

गरियाबंद

## पांच लाख के तीन इनामी नक्सलियों का सरेंडर




पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**गरियाबंद** . नक्सलियों के खिलाफ गरियाबंद में जारी अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। यहां तीन हार्ड कोर नक्सलियों ने सोमवार को ऑटोमेटिक हथियारों के साथ पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया है। कई बड़ी घटनाओं में शामिल रहे इन तीनों नक्सलियों पर 5-5 लाख रुपए का इनाम था। इनमें एसडीके एरिया कमेटी के डिप्टी कमांडर दिलीप उर्फ संतू के साथ 2 महिला नक्सली मंजुला उर्फ लखमी नायक और सुनीता उर्फ जुनकी शामिल हैं। ये तीनों 5-5 लाख के इनामी थे। सोमवार को इन्होंने गरियाबंद पुलिस लाइन में आत्मसमर्पण किया। इस मौके पर राजधानी से एडीजी (नक्सल ऑपरेशन) विवेकानंद सिन्हा, आईजी अमरेश मिश्रा के साथ सीआरपीएफ वरिष्ठ अधिकारी भी पहुंचे थे।

## मेघा को छत्तीसगढ़ वुमन ऑफ द ईयर का अवार्ड

**रायपुर@पत्रिका.** छत्तीसगढ़ द इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ आर्किटेक्ट्स चैप्टर की ओर से छत्तीसगढ़ की महिला आर्किटेक्ट्स का समारोह का आयोजन किया गया। इसमें आर्किटेक्ट मेघा चावड़ा को छत्तीसगढ़ वुमन ऑफ़ द ईयर के अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसके अलावा जयपुर से आई महिला वास्तुविद कविता जैन ने ऐतिहासिक इमारतों के संरक्षण के बारे में जागरूक कराया।

**शराब घोटाला :** पुत्र चैतन्य बघेल सहित करीबी लोगों के 14 ठिकानों पर छापे

# पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के 6 मोबाइलों का डेटा भी ईडी ने जांच के दायरे में लिया

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**रायपुर** . ईडी ने 2161 करोड़ के शराब घोटाले की जांच करने पूर्व सीएम भूपेश बघेल उनके पुत्र चैतन्य बघेल उनके करीबी लक्ष्मी नारायण बंसल, राजेन्द्र साहू, मुकेश चंद्राकर, मनोज राजपूत, अभिषेक ठाकुर, संदीप सिंह, कमल अग्रवाल, किशोर राइस मिल, सुनील अग्रवाल, अजय चौहान, मनोज मित्तल सहित कांग्रेस नेता और ठेकेदारों के भिलाई और दुर्ग स्थित 14 ठिकानों में छापामारा। यह कार्रवाई पिछले दो साल से जांच के दौरान मिले इनपुट के आधार पर की गई है। बताया जाता है कि तलाशी के दौरान बड़ी संख्या में नकदी बरामद हुआ है। इसकी गिनती करने के लिए मशीन मंगवाई गई है। ईडी ने प्रेस नोट जारी कर बताया चैतन्य बघेल शराब घोटाले से मिलने वाली रकम में हिस्सेदारी थी। इस शराब की अवैध वसूली से अर्जित आय विभिन्न स्रोत के माध्यम से चैतन्य को मिलती थी। यह विभिन्न योजनाओं के माध्यम से निकाला गया है। इसे विभिन्न चल-अचल संपत्तियों के निर्माण और खरीदी में करने की जानकारी मिली है। सिंडिकेट के माध्यम से मिली अवैध वसूली की रकम से भूपेश बघेल सहित अन्य लोग लाभांवित होते थे। इसमें पूर्व आबकारी मंत्री एवं कोंटा विधायक कवासी लखमा के साथ ही अनवर ढेबर, अनिल टुजेजा सहित 15 अन्य लोग शामिल हैं। इस समय ईडी की टीम भूपेश बघेल एवं उनके पुत्र के भिलाई स्थित पदुमनगर में तलाशी कर रही है। हंगामे और प्रर्दशन को देखते हुए सीआरपीएफ में 50 से ज्यादा जवानों को तैनात किया गया है।

**कवासी लखमा हो चुके है गिरफ्तार :** इससे पहले जनवरी 2025 में ईडी ने पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा को गिरफ्तार किया। ईडी का आरोप है कि लखमा इस सिंडिकेट का अहम हिस्सा थे और उन्होंने घोटाले को रोकने के लिए कोई कार्रवाई नहीं की। उन पर हर महीने 2 करोड़ की अवैध राशि प्राप्त करने का भी आरोप है। ईडी की जांच में यह भी पाया गया है कि घोटाले के दौरान अवैध रूप से अर्जित धन का उपयोग संपत्तियों के निर्माण में किया गया था। इससे राज्य के खजाने को भारी नुकसान हुआ और शराब सिंडिकेट के लाभार्थियों की जेबों में अवैध कमाई की रकम से भर गई।

**विधानसभा में हंगामा : गर्भगृह तक पहुंचे कांग्रेस विधायक :** छत्तीसगढ़ विधानसभा में भूपेश बघेल पर ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) की कार्रवाई के खिलाफ कांग्रेस के विधायकों ने जमकर हंगामा किया। भाजपा के खिलाफ नारेबाजी करते हुए गर्भगृह तक पहुंचने पर विपक्ष के सदस्यों को सस्पेंड कर दिया गया। विरोध में सदन से बाहर निकलकर कांग्रेस विधायक गांधी प्रतिमा के सामने धरने पर बैठे रहे। जिसके बाद सदन की कार्यवाही 10 मिनट के लिए स्थगित कर दी गई।

**सैकड़ों की संख्या में समर्थक पहुंचे :** पूर्व सीएम के घर पर ईडी की कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया। जैसे ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं को ईडी की छापेमारी की जानकारी मिली तो वे सैकड़ों की संख्या में उनके आवास पहुंच गए। ईडी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। समर्थकों ने कहा कि केन्द्र सरकार राज्य में कांग्रेस की मजबूती को देखकर डर गई है। जिस तरह से पंजाब में बघेल का स्वागत हुआ, इससे बीजेपी के लोग घबरा गए। ईडी का मुखौटा पहनकर भूपेश बघेल के खिलाफ साजिश की जा रही है।

### ईडी का दावा: वसूली से अर्जित आय मिलती थी चैतन्य को



@भिलाई 3



#### मशीन को लेकर कयासबाजी शुरू

**तलाशी** के दौरान बड़ी संख्या में नकदी मिलने पर नोट गिनने की मशीन भूपेश बघेल के निवास पर मंगवाई गई है। हालांकि ईडी की ओर से अधिकृत रुप कितनी रकम मिली है इसका खुलासा नहीं किया गया है। लेकिन, भूपेश बघेल के निवासी पर नकदी की गिनती चल रही है। बताया जाता है कि ईडी को तलाशी के दौरान प्रापर्टी खरीदने, विभिन्न स्थानों में निवेश करने के साथ ही बड़ी संख्या में ज्वेलरी मिली है।

#### क्या है 2161 करोड़ का शराब घोटाला

अफसरों और नेताओं के एक सिंडिकेट ने 2019 और 2022 के बीच राज्य के खजाने से करीब 2,161 करोड़ रुपए की हेराफेरी की। इस सिंडिकेट पर एक 'समानांतर' आबकारी प्रणाली संचालित करने का आरोप है, जिसमें बिना किसी निविदा और वर्कआर्डर डिस्टलरी से सीधे सरकारी दुकानों में शराब पहुंचाई जाती थी। इसके लिए यूपी के नोएडा और नई राजधानी स्थित स्टेट जीएसटी भवन में नकली होलोग्राम की छपाई कर बोतलों में लेबलिंग कर उन बोतले को जरिए शराब को दुकानों तक पहुंचाया जाता था। यह खेल 3 साल चलने के बाद ईडी को इसकी भनक लगने के बाद छापेमारी की गई।

**6 मोबाइल फोन का बैकअप लिया हैं। इसे डिकोड कर जांच की जाएगी। साथ ही डिजीटल ट्रांजेक्शन की जांच की जा रही है।**

### भूपेश ने कहा- कुल 33 लाख मिले, सब षड्यंत्र का हिस्सा



**रायपुर.** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने देर शाम अपने बंगले से निकलकर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा- कि तलाशी अभियान में 33 लाख रुपए मिले हैं। ईडी की जांच में कोई सबूत नहीं मिला है। यह सब षड़यंत्र का हिस्सा है। उन्होंने कहा, पूरा देश और प्रदेश को पता है कि भाजपा सीधे लड़ाई नहीं लड़ सकी। इसलिए वो ईडी, सीबीआई और आईटी को सामने कर देते हैं। मुझे कोर्ट ने सीडी कांड से बरी किया, इसलिए भाजपा बौखला गई है। पूर्व सीएम ने कहा, ईडी अधिकारियों को मेरे निवास से कुछ नहीं मिला है। मेरे घर की तलाशी में मंतूराम और डॉ. पुनीत गुप्ता के बातचीत की पेन ड्राइव मिली है। अभिषेक सिंह के कंपनी का बांड पेपर मिला है। मैंने कहा, कागज ले जाओ, तो उनके हाथ पैर फूल गए।

**इतने रुपए तो बहू गिन देती :** बघेल ने कहा, टीवी में देखा कि नोट गिनने के लिए मशीन लाए हैं। मैंने ईडी वालों से कहा, मेरी बहू शादी से पहले बैंक में थी। इतने रुपए तो वो ऐसे ही गिन देती।

सभी जानते हैं कि कांग्रेस की सरकार में कई घोटाले हुए थे। इसकी जांच केंद्रीय एजेंसी कर रही हैं। ईडी की जांच चल रही है और इसमें प्रदेश सरकार का कोई दखल नहीं है।
**-विष्णु देव साय,** मुख्यमंत्री

भूपेश भाई के निवास पर ईडी की रेड पूरी तरह से भाजपा की प्रतिशोध की राजनीति है। जांच एजेंसियों का गलत इस्तेमाल करने और विपक्ष पर दबाव बनाने में भाजपा माहिर है।
**टीएस सिंहदेव,** वरिष्ठ कांग्रेस नेता

बलरामपुर

## पटाखा दुकान में आग लगी, दम घुटने से 5 की मौत

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**रामानुजगंज** . बलरामपुर जिले में रामानुजगंज की सीमा से सटे झारखंड के गढ़वा जिले के गोदरमाना में सोमवार की दोपहर 12 बजे पटाखा दुकान में आग लगने से दम घुटने से दो बच्चों सहित पांच लोगों की मौत हो गई। ग्राम गोदरमाना में कुश कुमार (46) के दुकान में ग्राम नौका के अजीत केशरी (45), गोदरमाना निवासी आयुष कुमार केशरी पिता विकास केशरी (08) वर्ष व पीयूष केशरी पिता विकास केशरी (07) पटाखे लेने पहुंचे थे। इसी बीच अचानक पटाखा दुकान में तेज धमाके के साथ आग लग गई। अपनी जान बचाने के लिए कुश कुमार, अजीत केशरी, आयुष, पीयष व दुकान में काम करने वाली एक अन्य महिला पटाखा दुकान के बगल के कमरे में जाकर छिप गए। लेकिन दुकान में आग लगने के बाद जिस कमरे में वे पांचों छिपे थे, वहां वेंटिलेटर नहीं होने के कारण पांचों दम घुटने से बेहोश हो गए। स्थानीय लोगों द्वारा जेसीबी से दीवार तोड़कर पांचों को निकालकर रामानुजगंज के 100 बिस्तर अस्पताल ले जाया लाया गया। यहां डॉक्टर ने सभी को मृत घोषित कर दिया।

## आईटी की रायपुर और राजनांदगांव के अस्पताल में दबिश

**रायपुर@पत्रिका.** आयकर विभाग की टीम ने रायपुर के देवेन्द्र नगर और राजनांदगांव स्थित अस्पताल में सोमवार को दबिश दी। दोनों अस्पताल संचालकों द्वारा टैक्स चोरी करने और बोगस बिलिंग करने की शिकायत मिली थी। इसकी जांच करने के बाद दोपहर 1 बजे 35 सदस्यीय टीम ने सर्वे शुरू किया। बताया जाता है कि तलाशी में रायपुर के अस्पताल संचालक द्वारा कचना में ऑलीशान रिसार्ट बनाने और बोगस बिलिंग करने संबंधी दस्तावेज मिले हैं।

**इंवेस्टर्स समिट:** अदाणी, जिंदल समेत कई कंपनियों का निवेश का ऐलान

# तीन लाख करोड़ के निवेश से छत्तीसगढ़ बनेगा एनर्जी हब

### थर्मल और न्यूक्लियर पावर से भी मिलेगी छत्तीसगढ़ को ऊर्जा

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**रायपुर.** बिजली उत्पादन की दिशा में छत्तीसगढ़ ने लंबी छलांग लगाई है। सोमवार को रायपुर में हुए छत्तीसगढ़ एनर्जी इंवेस्टर्स समिट में कई बड़ी कंपनियों ने 3 लाख करोड़ से ज्यादा के निवेश का ऐलान किया है। इस निवेश से राज्य में परमाणु, थर्मल, सौर और पंप्ड स्टोरेज जैसे क्षेत्रों में बिजली उत्पादन के नए प्रोजेक्ट शुरू होंगे। इससे न केवल उद्योगों को फायदा मिलेगा, बल्कि आम लोगों को भी सस्ती और निरंतर बिजली मिल सकेगी।

इस मौके पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, छत्तीसगढ़ में ऊर्जा के क्षेत्र में यह निवेश राज्य की बिजली उत्पादन क्षमता को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। हमारा लक्ष्य है कि छत्तीसगढ़ न केवल ऊर्जा में आत्मनिर्भर बने, बल्कि पूरे देश के लिए एक ऊर्जा हब के रूप में स्थापित हो। शेष @पेज 4

**सौर ऊर्जा के क्षेत्र में भी बढ़े कदम, किसानों का फायदा :** सौर ऊर्जा के क्षेत्र में भी छत्तीसगढ़ को बड़ी सफलता मिली हैं। जिंदल पावर और एनटीपीसी ग्रीन मिलकर 10,000 करोड़ रुपये खर्च कर 2500 मेगावाट सौर बिजली का उत्पादन करेंगे। इसमें डोलेसरा में 500 मेगावाट और रायगढ़ में 2000 मेगावाट के सौर प्लांट शामिल होंगे। इसके अलावा किसानों के लिए भी खुशखबरी है। पीएम कुसुम योजना के तहत 4100 करोड़ रुपये की लागत से 675 मेगावाट सौर बिजली का उत्पादन किया जाएगा और 20,000 सोलर पंप लगाए जाएंगे। इससे किसानों को सिंचाई के लिए सस्ती बिजली मिलेगी और डीजल पंपों की जरूरत कम होगी। इसके अलावा, 57,046 करोड़ रुपए की लागत से 8700 मेगावाट क्षमता के पंप्ड स्टोरेज प्रोजेक्ट भी शुरू होंगे। इसमें एसजेएन कोटपाली में 1800 मेगावाट और जिंदल रिन्यूएबल द्वारा 3000 मेगावाट के प्रोजेक्ट शामिल हैं।




**रायपुर.** सरकार और एक कंपनी के बीच एमओयू का स्वागत करते सीएम।

#### प्रमुख निवेश और योजनाएं

- **परमाणु ऊर्जा:** साफ और कुशल ऊर्जा उत्पादन के लिए 80,000 करोड़
- **ताप विद्युत:** ताप विद्युत क्षमता को मजबूत के लिए 1,07,840 करोड़
- **सौर ऊर्जा:** परियोजनाओं के विस्तार के लिए 10,000 करोड़
- **पीएम कुसुम योजना:** किसानों के बीच सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने 4,100 करोड़
- **पंप्ड स्टोरेज परियोजनाएं:** ग्रिड स्थिरता के लिए ऊर्जा भंडारण में 57,046 करोड़
- **पीएम सूर्य योजना:** राष्ट्रीय सौर छत परियोजना के तहत 6,000 करोड़
- **बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली:** ऊर्जा भंडारण क्षमता बढ़ाने के लिए 2,600 करोड़
- **क्रेडा सौर पहल:** सौर ऊर्जा विस्तार के लिए 3,200 करोड़
- **पावर ट्रांसमिशन नेटवर्क:** बिजली पारेषण नेटवर्क को उन्नत करने 17,000 करोड़
- **वितरण क्षेत्र योजना:** वितरण बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए 10,800 करोड़

नई कवायद

#### न्यूक्लियर पावर प्रोजेक्ट पहली बार

परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में एनटीपीसी ने 80,000 करोड़ रुपए की लागत से 4200 मेगावाट क्षमता का न्यूक्लियर पावर प्रोजेक्ट लगाने की योजना बनाई है। इससे छत्तीसगढ़ में परमाणु ऊर्जा से बिजली उत्पादन की शुरुआत होगी। वहीं अदाणी पावर 66,720 करोड़ रुपए खर्च कर कोरबा, रायगढ़ और रायपुर में 1600-1600 मेगावाट के तीन थर्मल पावर प्लांट लगाएगा। जिंदल पावर रायगढ़ में 1600 मेगावाट बिजली उत्पादन के लिए 12,800 करोड़ रुपए का निवेश करेगा, जबकि सरदा एनर्जी रायगढ़ में 660 मेगावाट क्षमता के प्लांट के लिए 5,300 करोड़ रुपए लगाएगी। एनटीपीसी और सीएसपीजीसीएल 41,120 करोड़ की लागत से 4500 मेगावाट उत्पादन करेंगी।

**इंद्रावती नदी सूखी:** 20 गांवों के किसानों का प्रदर्शन

## इंद्रावती में पानी छोड़ने की मांग को लेकर हाईवे जाम



**जगदलपुर @ पत्रिका.** बस्तर से गुजरने वाली इंद्रावती नदी मार्च की शुरुआत में ही माह में ही सूख गई है। नदी के दोनों ओर के 20 प्रभावित गांवों के किसानों को फसल के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है। सूखती फसल को पहुच रहे नुकसान की चिंता में प्रभावित किसानों ने सोमवार को बस्तर में नेशनल हाईवे पर करीब घण्टे भर चक्का जाम कर दिया। किसानों की मांग हैं, कि ओडिशा में जोरानाला से पानी छोड़ा जाए ताकि किसानों को फसल के लिए पानी उपलब्ध हो सके। किसानों ने अपनी मांग को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम ज्ञापन भी सौंपा हैं।

**जानलेवा जुनून:** लड़की को भारी पड़ी ज्यादा डायटिंग

# फिट दिखने के लिए खाना छोड़ा; 12 दिन वेंटिलेटर पर, फिर मौत

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**तिरुवनंतपुरम.** युवाओं में स्लिम और फिट दिखने की चाहत तेजी से बढ़ी है, लेकिन कभी-कभी यह जुनून जानलेवा साबित हो जाता है। ज्यादा डाइटिंग केरल के कन्नूर जिले की 18 वर्षीय लड़की श्रीनंदा की मौत का कारण बन गई। वजन बढ़ने के डर से श्रीनंदा ने महीनों तक खाना छोड़ दिया था। उसकी सेहत इतनी बिगड़ गई कि इलाज के दौरान उसकी जान चली गई।

श्रीनंदा को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वह करीब 12 दिन वेंटिलेटर पर रही। डॉक्टरों के अनुसार अस्पताल लाने के समय उसका वजन महज 24 किलोग्राम रह गया था। उसका ब्लड शुगर, सोडियम और ब्लड प्रेशर खतरनाक लेवल तक गिर चुका था। तमाम प्रयासों के बावजूद डॉक्टर उसे नहीं बचा सके। रिश्तेदारों ने बताया कि उसने अपने माता-पिता से यह बात छुपाई और चुपचाप अपनी सेहत को नुकसान पहुंचाती रही।

डॉक्टरों को शक है कि श्रीनंदा एनोरेक्सिया नर्वोसा नाम की मानसिक बीमारी से पीड़ित थी। इसमें व्यक्ति खुद को मोटा समझता है, भले वह बेहद कम वजन का हो।

#### ऑनलाइन डाइट प्लान ने लील लिया जीवन

**श्रीनंदा** ने ऑनलाइन देखकर डाइट प्लान को फॉलो करना शुरू किया और खाना छोड़कर सिर्फ गर्म पानी पर निर्भर हो गई। वह घंटों तक कसरत करती और भोजन से परहेज करती थी। चिकित्सकों की सलाह है कि युवा सोशल मीडिया पर दिखाए गए डाइट चार्ट को फॉलो नहीं करें। अनावश्यक डाइटिंग से बचें।

उपलब्धि | जंगली पीला गेंदा की प्रजाति विलुप्त होने की कगार पर, 9 साल बाद मिला पेटेंट

# जांजगीर के किसान को जंगली पीला गेंदा और बेल का पेटेंट

एक्सक्लूसिव

आनंद नामदेव
patrika.com

**जांजगीर-चांपा.** देश में विलुप्त हो रही जंगली पीला गेंदा को सालों से संरक्षित करने और उन्हें विकसित करने की दिशा में कार्य कर रहे जांजगीर-चांपा जिले के किसान दीनदयाल यादव को पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण प्राधिकरण भारत सरकार दिल्ली की ओर से पेटेंट प्रदान किया गया है। साथ ही फलदार बेल का भी पेटेंट मिला है। जिले के बलौदा ब्लॉक के छोटे से गांव बहेराडीह में देश के पहले किसान स्कूल के संचालक दीनदयाल यादव ने 9 साल पहले वर्ष 2016 में जिले के कृषि विभाग के उप संचालक के प्रमाणित कराने के बाद इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के पादप प्रजनन विभाग प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. दीपक शर्मा की अनुसंशा से पौधा किस्म और कृषक प्राधिकरण संरक्षण प्राधिकरण को भारत में विलुप्त हो रहे जंगली पीला गेंदा को संरक्षित करने तथा उनका पेटेंट के लिए आवेदन किया था। शासन स्तर पर जांच पड़ताल करने के 9 साल बाद पेटेंट प्रदान किया गया।



### 36 भाजियों का पेटेंट लेने की तैयारी

**छत्तीसगढ़** के 36 भाजियों के संरक्षण और संवर्धन की दिशा में काम कर रहे युवा किसान दीनदयाल यादव इसका पेटेंट कराने भी आवेदन कर चुके हैं। साथ ही जामुन, अनार और अन्य पौधों का पेटेंट प्रदान करने भारत के अलग-अलग राज्यों के वैज्ञानिकों द्वारा मौके पर पहुंचकर पौधों और बीज, तना, पत्तियों, फूल और फल तथा मिट्टी की नमूना लेकर जांच पड़ताल की प्रक्रिया शासन स्तर पर जारी है।

#### पा चुके हैं जीनोम पुरस्कार

**किसान** दीनदयाल यादव को छत्तीसगढ़ की 36 भाजियों की संरक्षण और संवर्धन की दिशा में काम करने के साथ ही कई विलुप्त चीजों को संरक्षित करने के काम को देखते हुए कृषि व कृषक कल्याण मंत्रालय भारत सरकार ने दो वर्ष पूर्व दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम में उन्हें डेढ लाख रुपए का चेक और प्रमाण पत्र के साथ जीनोम पुरस्कार प्रदान किया था।

**तपिश :** उत्तर-पश्चिमी हवा से बदल रहा मौसम

# तीन दिनों में तीन डिग्री तक चढ़ेगा तापमान

**रायपुर @ पत्रिका.** राजधानी रायपुर में अगले 24 घंटे में पारा 38 डिग्री पर पहुंचने की संभावना हैं। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि मंगलवार को रायपुर समेत बाकी शहरों में पारा चढ़ेगा। इससे तेज धूप के कारण गर्मी बढ़ जाएगी। वहीं, पिछले 24 घंटे में रायपुर में अधिकतम तापमान आधा डिग्री गिर गया, जबकि न्यूनतम तापमान दो डिग्री तक चढ़ गया। इससे रात की हल्की ठंड भी गायब होने लगी हैं। प्रदेश में अगले तीन दिनों में अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री तक बढ़ेगा। प्रदेश में गर्मी की हल्की शुरुआत हो चुकी है। सोमवार को राजधानी का अधिकतम तापमान 36.5 डिग्री रहा, जो सामान्य से 2.7 डिग्री ज्यादा रहा। न्यूनतम 22.5 डिग्री पर पहुंच गया। यह सामान्य से 2.6 डिग्री ज्यादा रहा। राजनांदगांव प्रदेश में सबसे ज्यादा गर्म रहा। वहां अधिकतम तापमान 37.5 डिग्री रहा। सबसे कम तापमान अंबिकापुर का 12.4 डिग्री रहा। प्रदेश में उत्तर- पश्चिम से हवा आना शुरू हो गई है। इस कारण हवा गर्म हो रही है और तापमान बढ़ रहा हैं। प्रदेश में राजस्थान से आने वाली गर्म हवा से गर्मी बढ़ती है। यह सिलसिला 8 से 10 जून तक रहता है। मौसम विज्ञान केंद्र लालपुर के मौसम विज्ञानियों के अनुसार, पश्चिम ईरान व इसके आसपास के क्षेत्रों में चक्रवाती परिसंचरण के रूप में एक पश्चिम विक्षोभ बना हुआ है।

#### पारामीटर

| स्थान | अधिक. | न्यून. |
| --- | --- | --- |
| राजनांदगांव | 37.5 | 19.9 |
| रायपुर | 36.5 | 22.5 |
| माना | 36.2 | 21.3 |
| दुर्ग | 36.2 | 20.1 |
| जगदलपुर | 35.5 | 20.6 |
| बिलासपुर | 35.0 | 21.0 |
| अंबिकापुर | 33.9 | 12.4 |
| पेंड्रारोड | 33.8 | 15.4 |

(तापमान डिग्री सेल्सियस में )

# भाजपा : विधानसभा में राम-राम, कांग्रेस : मंच टूटा तो बोल पड़े हाय राम

**मध्यप्रदेश** विधानसभा के बजट सत्र का आगाज सोमवार को हुआ। पहले ही दिन कांग्रेस ने सरकार को सदन से सड़क तक घेरने की कोशिश की। विधानसभा परिसर और सदन में जहां विधानसभा अध्यक्ष सहित भाजपा नेताओं ने सभी से राम-राम, अभिवादन किया तो कांग्रेस ने विरोध के स्वर बुलंद किए। सदन के बाहर रंगमहल चौराहे पर कांग्रेस का मंचीय कार्यक्रम था। क्षमता से ज्यादा नेताओं के चढ़ने से मंच टूट गया। घायलों को देख पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं के मुंह से हाय राम सुना गया।

अभिवादन



विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, सीएम डॉ. मोहन यादव, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार।



मंच टूटने से घायल धर्मेंद्र सिंह चौहान।

ऐसे खिसका मंच



मंच पर बैठे नेता और मंच के नीचे लगे एंगल, जिनके खिसकने से हादसा हुआ।



**मेल** मुलाकात करते विधायक जयंत मलैया, शैलेंद्र जैन व अन्य।



**विधायक** प्रियंका पेंची साधारण वेशभूषा में पहुंचीं।



**सदन** में यूं पहुंचे वन राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार।



प्रदेश सचिव राजकुमारी रघुवंशी



**पूर्व** विधायक शैलेंद्र पटेल को अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्हें देखने जीतू पटवारी पहुंचे।



अचानक मंच टूटने की वजह से कई महिला पदाधिकारी और कार्यकर्ता घायल हुईं।



कांग्रेस नेत्री संतोष कंसाना के पैर में चोट के कारण प्लास्टर बंधवाना पड़ा।

बिना अवकाश देर शाम तक चलेगा सदन

## सप्लीमेंट्री बजट आज

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** बजट सत्र की बैठकें अब देर शाम तक चलेंगी। इस दौरान भोजन अवकाश भी नहीं होगा। सोमवार को कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में यह तय किया गया। असल में इस बार बजट सत्र की 9 बैठकें प्रस्तावित हैं। मांग उठ रही है कि बैठकों की संख्या बढ़ाई जाए। सरकार का भी प्रयास है कि सदन में अधिक से अधिक चर्चा हो इसलिए कार्यमंत्रणा समिति बैठक के दौरान यह विषय उठा।

विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर की अध्यक्षता में हुई बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार सहित अन्य विधायक मौजूद रहे। निर्णय लिया गया सदन में लंच ब्रेक नहीं होगा, यानी लगातार सदन की बैठक हो। इससे चर्चा के लिए और समय मिल जाएगा। देर शाम तक बैठकें हों, इस पर भी सहमति बन गई।

राज्य सरकार मंगलवार को सदन में दूसरा सप्लीमेंट्री बजट पेश करेगी। 12 मार्च को अगले वित्तीय वर्ष के लिए बजट पेश किया जाएगा। राज्यपाल के अभिभाषण पर कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव पर चर्चा के लिए 11 एवं 13 मार्च का समय निर्धारित किया गया है। इसके अलावा 11 मार्च को आर्थिक सर्वेक्षण भी पेश होगा।

'सीएस विशेष निष्कर्ष दें कि क्या कोर्ट के आदेश का पालन न करना अधिकारी के कर्तव्य का हिस्सा है'

## जल संसाधन विभाग के ईई पर ₹20 हजार का हर्जाना

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**ग्वालियर.** हाईकोर्ट की एकलपीठ ने जल संसाधन के कार्यपालन यंत्री (ईई) मनोहर बोराटे पर 20 हजार का हर्जाना लगाते हुए आदेश की कॉपी उसकी सर्विस बुक में रखने का आदेश दिया है। कोर्ट ने मुख्य सचिव को निर्देश दिए हैं कि इस बारे में विशिष्ट निर्देश दें, क्या हाईकोर्ट से जारी आदेशों का पालन नहीं करना अधिकारी के कर्तव्य का हिस्सा है। क्या मनोहर बोराटे अपने कर्तव्य के निर्वाहन में लापरवाह थे। प्रथम दृष्टया कदाचार के दोषी थे। क्या इनके खिलाफ विभागीय जांच की जानी चाहिए। इस संबंध में मुख्य सचिव को विशेष निष्कर्ष देना होगा। 9 अप्रेल तक मुख्य सचिव को अपनी रिपोर्ट पेश करनी होगी।

दरअसल] रामचरण रजक को जल संसाधन विभाग में 1 जनवरी 2008 को वर्गीकृत किया गया था। इसके बाद वेतन की अंतर राशि लेने आवेदन लगाया, लेकिन विभाग ने राशि नहीं दी। इसके बाद हाईकोर्ट में याचिका दायर की। 2 अगस्त 2016 को वेतन का बकाया भुगतान करने का आदेश दिया। फिर भी पैसा नहीं दिया गया। रजक ने 2018 में अवमानना याचिका दायर की।

लोक अदालत में समझौते के बाद भी राशि नहीं दी गई। 2019 में फिर दायर अवमानना याचिका में कोर्ट ने विभाग से जवाब मांगा। इसके बाद ईई करैरा शिवपुरी को तलब किया, लेकिन बताने में असमर्थ रहे कि आदेश के पालन में क्या प्रयास किए।

प्रदेश उपाध्यक्ष राजीव सिंह के शरीर में सरिया घुसा, प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी भी घायल

## कांग्रेसियों का बोझ नहीं सह पाया मंच, टूटा तो 12 से ज्यादा घायल

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** विधानसभा घेराव करने के लिए भोपाल के रंगमहल चौराहा पर एकत्रित हुए कांग्रेसियों ने सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान मंच टूटने से बड़ा हादसा हो गया। प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष राजीव सिंह समेत 12 से ज्यादा नेता घायल हो गए। राजीव सिंह के शरीर में सरिया घुस गया। उन्हें निजी अस्पताल के आइसीयू में भर्ती कराया गया। जटिल ऑपरेशन हुआ।

विधानसभा का घेराव करने के लिए कार्यकर्ता रंगमहल और रोशनपुरा चौराहा पर एकत्रित होने लगे थे। किसान कांग्रेस के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन के लिए बड़ा मंच बनाया गया था। इस पर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, प्रदेश किसान कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह चौहान सहित तमाम नेता थे। क्षमता से ज्यादा नेता मंच का एक हिस्सा टूट गया और मंच पर बैठे नेता गिर गए। कई घायल हो गए। मौके पर चीख-पुकार मच गई। घायलों को आनन-फानन में उठाकर अस्पताल पहुंचाया गया। कुछ को टांगकर वाहन तक पहुंचाया गया।

हालांकि इस हादसे के बाद भी कांग्रेसियों का विरोध प्रदर्शन जारी रहा। वे विधानसभा घेराव के लिए आगे बढ़े तो पुलिस ने रोशनपुरा चौराहे पर बैरिकेड्सस लगाकर उन्हें रोक लिया। यहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच हुज्जत हुई। पुलिस ने वाटर कैनन का इस्तेमाल कर कार्यकर्ताओं को खदेड़ा।



ग्वालियर के पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष गुलाब सिंह रावत को इस तरह अस्पताल ले जाना पड़ा।

### संगठन महामंत्री बोले- घटना दुखद

**प्रदेश** कांग्रेस के महामंत्री संगठन डॉ. संजय कामले ने बताया कि मंच गिरने की घटना बेहद दुखद और गंभीर है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता, उपाध्यक्ष एवं पूर्व संगठन प्रभारी राजीव सिंह इस घटना में गंभीर रूप से घायल हुए हैं। उन्होंने बताया कि अलावा प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, रवि जोशी, महेन्द्र सिंह चौहान, रोशनी यादव, योगेश यादव, महेन्द्र जोशी, यादवेन्द्र सिंह, जयश्री हरिकरण, शैलेन्द्र पटेल, विधायक भैरोसिंह बापू, रिंकी रघुवंशी, सहित दर्जन भर से अधिक नेताओं को भी चोटें आई हैं। जिन्हें शहर के विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी सहित नेताओं ने राजीव सिंह को गंभीर अवस्था में भर्ती कराया और स्वयं वहां रुके। सिंह के घायल होने की खबर लगते ही पार्टी के प्रदेश के वरिष्ठ नेतागण, कार्यकर्ता और उनके परिजन अस्पताल पहुंचे। पदाधिकारी और कार्यकर्ता घायलों की पल-पल की खबर ले रहे हैं।

### प्रदर्शन के दौरान पुलिस-कार्यकर्ताओं के बीच हुई झड़प

**घेराव** कार्यक्रम में कांग्रेसजनों पर पुलिस प्रशासन ने वाटर कैनन का इस्तेमाल और लाठीचार्ज भी किया। नेताओं ने इसे प्रशासन की तानाशाही कहा। मप्र प्रभारी हरीश चौधरी ने कहा कि प्रदेश ही नहीं देश के किसानों की स्थिति बेहद दयनीय है। किसानों पर अत्याचार हो रहे हैं। किसान अपनी जायज मांगों को लेकर प्रदेश से लेकर देश भर में आंदोलन कर रहा है। किसानों पर दमन इस कदर बरपा जा रहा है कि कभी उन्हें कुचला जा रहा है तो कभी उनके रास्तों पर कीलें बिछाई जा रही हैं। कांग्रेस किसानों के लिए न्याय दिलाने के लिए अपनी लड़ाई निरंतर जारी रखेगी। जीतू पटवारी ने कहा कि मप्र में भाजपा राज में किसानों पर बेहिसाब अत्याचार हो रहा है, बिजली, पानी, खाद और बीज की समय पर उपलब्धता न होने, महंगाई की मार, फसलों के गिरते दामों के विरोध में कांग्रेस ने विधानसभा का घेराव किया।

पति ने कटनी एसपी के खिलाफ की थी शिकायत

## अब तहसीलदार पति के खिलाफ सीएसपी पत्नी ने लगाए प्रताड़ना के आरोप

नया मोड़

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** दमोह जिले में पदस्थ तहसीलदार द्वारा कटनी एसपी अभिजीत रंजन पर अपनी डीएसपी पत्नी को ब्लैकमेल करने के आरोपों के दूसरे दिन सोमवार को मामले में नया मोड़ आ गया। सीएसपी ख्याति मिश्रा ने अब अपने तहसीलदार पति शैलेंद्र बिहारी शर्मा पर प्रताड़ना के आरोप लगाते हुए डीजीपी से शिकायत की है। डीजीपी को लिखे पत्र में पति पर कुंठित होने का आरोप लगाया है।

लिखा है कि शैलेंद्र शर्मा द्वारा मुझसे उच्चतम पद पाने के लिए कई बार पीएससी की परीक्षा दी गई। वह बार- बार असफल साबित हुआ। उदेश्य था कि मुझसे उच्चतम पद पा सके, लेकिन लक्ष्य प्राप्त नहीं कर पाने से वह कुंठित रहने लगा।

### पति को बताया घोर लापरवाह और भ्रष्ट

शिकायती पत्र में सीएसपी ख्याति ने अपने पति शैलेंद्र को प्रशासनीक दायित्वों में घोर लापरवाह और भ्रष्ट बताते हुए इनके भ्रष्टाचारों के जांच की मांग की है। ख्याति ने लिखा है कि इस व्यक्ति के द्वारा मेरे वरिष्ठ अधिकारियों और सहकर्मियों को भी अपशब्द प्रयोग किए जाते हैं। एक बेहद आपत्तिजनक पत्र भी वायरल करने का आरोप लगाया। ख्याति ने अपने तहसीलदार पति के खिलाफ उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। पत्रिका टीम ने ख्याति मिश्रा से पक्ष जानने के लिए फोन किया लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। साथ ही उनके तहसीलदार पति का नंबर लगातार बंद आ रहा है।



तहसीलदार की पत्नी हैं कटनी में सीएसपी

**दमोह के तहसीलदार ने कटनी एसपी पर लगाया धमकी देने का आरोप, जान का खतरा बताया**

### तहसीलदार ने यह लगाए थे आरोप

रविवार को तहसीलदार शैलेंद्र शर्मा की मुख्य सचिव से की गई शिकायत सामने आई थी। शैलेंद्र ने कटनी एसपी पर पारिवारिक विखंडन करने की कोशिश का आरोप लगाया था। साथ ही जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया था। शिकायती पत्र में लिखा था कि एसपी ख्याति मिश्रा के साथ ब्लैकमेल कर रहे हैं। हालांकि ख्याति ने पत्रिका से बातचीत में इन आरोपों को निराधार बताया था।

नियमों का उल्लंघन

ट्रेंडिंग न्यूज

### 7587647905 पर भेजें फोटो-वीडियो

**भोपाल.** मोटर व्हीकल एक्ट के प्रावधानों के उल्लंघनों को रोकने के लिए पुलिस ने अभियान तेज कर दिया है। सोमवार को पुलिस मुख्यालय की ओर से मोबाइल फोन नंबर 7587647905 जारी किया गया है। इस पर कोई भी व्यक्ति गलत तरीके से मॉडिफाइड वाहनों की तस्वीरें, वीडियो और संबंधित जिले का विवरण भेज सकता है।



चिकित्सा शिक्षक

### कैबिनेट में जाएगा पे प्रोटेक्शन का प्रस्ताव

**भोपाल.** मेडिकल कॉलेजों में टीचर्स के पे-प्रोटेक्शन का प्रस्ताव जल्द कैबिनेट में आएगा। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने सोमवार को विभागीय समीक्षा में अधिकारियों को प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। कहा कि मेडिकल कॉलेजों में पे-प्रोटेक्शन के लाभ आवश्यक हैं ताकि चिकित्सा शिक्षकों का आर्थिक संतुलन प्रभावित न हो और कार्यक्षमता बनी रहे।

नपा अध्यक्ष का विरोध

### भाजपा पार्षदों ने भोपाल में किया प्रदर्शन

**सागर.** देवरी की नगर सरकार में भाजपा पार्षदों के बीच चल रही कलह फिर सुर्खियों में है। नगर पालिका में अध्यक्ष समेत 15 पार्षद हैं। 12 पार्षद भाजपा के हैं। सोमवार को सभी 12 पार्षद भोपाल पहुंचे। नपा अध्यक्ष नेहा अलकेश जैन के विरुद्ध कोई कार्रवाई न होने पर नाराजगी जाहिर की। भाजपा पार्षदों ने भोपाल से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मांग पत्र ई-मेल किया है।

प्रदेश में ऐसा पहली बार | बिजली, सोलर और विंड एनर्जी के उपकरणों की टेस्टिंग की जाएगी

## मोहासा में होगी बिजली बनाने वाले उपकरणों की जांच की सुविधा

नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा और पावर मंत्रालय बना रहे कॉमन फैसिलिटी

सुनील मिश्रा
patrika.com

**भोपाल.** नर्मदापुरम जिले के मोहासा बाबई में बन रहे पावर एंड रिन्यूअल एनर्जी पार्क में प्रदेश की पहली केलिब्रेशन विंड टनल फैसिलिटी स्थापित की जा रही है। यहां सभी तरह के बिजली उपकरणों के साथ विंड और सोलर एनर्जी के उपकरणों का परीक्षण किया जा सकेगा कि वे हवा की कितनी तीव्रता सहन कर सकते हैं। इन उपकरणों के लिए यह परीक्षण अनिवार्य होता है।



परीक्षण के नतीजों के अनुसार इनमें सुधार किया जाता है। इससे यहां बनने वाले उपकरणों को टेस्टिंग के लिए अन्य राज्यों में नहीं ले जाना पड़ेगा। अन्य राज्य भी यहां टेस्टिंग करा सकेंगे। एक जांच केंद्र पर लगभग 350 करोड़ लागत आएगी।

नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा और पावर मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से यह टेस्टिंग फैसिलिटी विकसित की जा रही है। केंद्र द्वारा एमपी इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के साथ मिलकर स्टेट ऑफ आर्ट कॉमन इंफ्रास्ट्रक्चर और कॉमन टेस्टिंग फैसिलिटी विकसित की जा रही हैं। इसी पहल के तहत अंतरराष्ट्रीय मापदंडों के अनुसार कैलिब्रेशन विंड टनल स्थापित की जा रही है। एमपीआइडीसी ने इसमें तकनीकी मदद के लिए कंसल्टेंट या एजेंसियों से आवेदन मांगे हैं। मोहासा पार्क में इस सुविधा के शुरू होने में लगभग डेढ़ साल का समय लगने की संभावना है।

### क्या होती है विंड टनल

विंड टनल एक डक्ट या ट्यूब जैसा परीक्षण सेटअप है। इसमें शक्तिशाली बिजली के पंखे द्वारा अलग-अलग वेग से हवा का प्रवाह पैदा किया जा सकता है। इससे किसी भी उपकरण पर लगातार आने वाले एयर फ्लो के प्रभाव की जांच कर डिजाइन में सुधार किया जाता है। उपकरणों को घूमते हुए स्टैंड पर रखा जाता है ताकि चारों ओर से हवा फ्लो का अध्ययन किया जा सके। विंड टनल हवा के जरिए चलने वाली या हवा के बल से प्रभावित होने वाली सभी प्रकार की संरचनाओं के लिए हवा के भार का परीक्षण करने के लिए बनाई जाती हैं।

### 884 एकड़ में बन रहा पार्क

मोहासा बाबई में विकसित हो रहे पावर एंड रिनुअल एनर्जी पार्क में केवल बिजली और नवकरणीय ऊर्जा संबंधित उपकरणों का निर्माण करने वाली इकाइयों को स्थापित किया जा रहा है। इस ऊर्जा पार्क में पहले से आरक्षित 441.96 एकड़ जमीन में 442.04 एकड़ जमीन को और शामिल किया गया है। अब इस औद्योगिक पार्क का क्षेत्रफल बढ़कर 884 एकड़ हो गया है। यहां पर देश भर से एनर्जी सेक्टर की कंपनियां अपनी यूनिट स्थापित कर रही हैं।

### दूसरे राज्यों को मिलेगी सुविधा

ऊर्जा पार्क में केंद्र द्वारा विंड टनल फैसिलिटी विकसित की जा रही है। यह प्रदेश में बनने वाली ऐसी पहली टेस्टिंग फैसिलिटी है। इससे इस पार्क सहित पूरे प्रदेश में और अन्य राज्यों में बनने वाले ऊर्जा उपकरणों की टेस्टिंग यहां हो सकेगी।

**चंद्रमौली शुक्ला,** एमडी एमपीआइडीसी

16 उपार्जन समितियों पर कार्रवाई

## 13000 क्विंटल धान की हेराफेरी और आई सामने

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** किसानों का फर्जी रजिस्ट्रेशन कर धान उपार्जन घोटाले का दायरा बढ़ता जा रहा है। कई जिलों से मिली शिकायतों के बाद आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ की छापेमारी में 13000 क्विंटल धान की हेराफेरी और पकड़ी गई है। ईओडब्ल्यू की टीम ने सीधी, बालाघाट के 16 उपार्जन समितियों और एक वेयरहाउस में छापा मारा। इसमें 13 हजार क्विंटल धान का गड़बड़झाला पाया गया। अब तक ईओडब्ल्यू की टीम 33 हजार क्विंटल धान की हेराफेरी पकड़ चुकी है।

**इन जिलों में सबसे ज्यादा फर्जीवाड़ा:** छापेमारी के दौरान तीन जिलों में ज्यादा फर्जीवाड़ा पकड़ा गया है। इनमें सीधी, सतना और बालाघाट शामिल हैं। सतना की सेवा सहकारी समिति पिंडरा और हिरौंदी में 4203 क्विंटल फर्जीवाड़ा किया गया। बालाघाट की 30 समितियों में करीब 5600 क्विंटल का फर्जीवाड़ा पकड़ा गया है। सीधी जिले के संतोषी महिला स्व-सहायता समूह, टीकल कला एंव बाघड़ केंद्र 1, सर्रा में 4470 क्विंटल धान की हेराफेरी पकड़ी गई। ईओडब्ल्यू डीजी उपेंद्र जैन के अनुसार 33 हजार क्विंटल की हेराफेरी पकड़ी जा चुकी है।

**सामान्य सभा में छाया शिव शक्ति टेक्सटाइल मार्केट आग हादसे का मुद्दा : सत्तापक्ष-विपक्ष के पार्षदों का एक सुर**

# दोबारा न हो ऐसा... प्रभावितों की सहायता की हो पॉलिसी

**सूरत@पत्रिका.** महानगरपालिका में सोमवार को आयोजित सामान्य सभा में अपेक्षा के मुताबिक ही शिव शक्ति टेक्सटाइल मार्केट में लगी भीषण आग का मुद्दा छाया रहा। हादसे को लेकर विपक्ष ही नहीं सत्तापक्ष के पार्षदों का सुर भी एक ही देखने को मिला। इस तरह के हादसों को रोकने के लिए मनपा से अवैध निर्माणों से लेकर गलत तरीके से दी गई फायर एनओसी के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठी। साथ ही इस तरह के हादसों से प्रभावितों की आर्थिक सहायता के लिए पॉलिसी बनाने की मांग भी की गई। गौरतलब है कि 25 फरवरी को शिव शक्ति मार्केट में भीषण आग लगी थी और आग पर काबू पाने में 48 घंटे लग गए थे। मार्केट में अवैध निर्माण के कारण दमकल वाहनों को अंदर तक पहुंचने की जगह नहीं थी, जिससे डिमोलिशन करना पड़ा था।

**सहायता के लिए बनाई जाए पॉलिसी : रश्मि साबू**

पार्षद रश्मि साबू ने आग हादसे का मुद्दा उठाते हुए कहा कि आग से मार्केट व्यापारियों को बड़ा नुकसान हुआ है, लेकिन उनकी सहायता के लिए कोई प्रवधान नहीं है। इस तरह के हादसों के प्रभावितों की सहायता के लिए मनपा को पॉलिसी बनानी चाहिए। पार्षद विजय चौमाल ने कहा कि 36 घंटे बाद आग पर काबू पाया जा सका, जबकि हमारे पास आधुनिक फायर फाइटर मशीनें हैं। पूरे मामले को लेकर दोबारा निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। वहीं, प्रभावित व्यापारियों को सहायता के लिए राज्य और केन्द्र सरकार से बात करनी चाहिए।

### अब तक क्यों नहीं हुई कोई कार्रवाई : नेता प्रतिपक्ष

**जीरो अवर्स** के दौरान शिव शक्ति मार्केट आग हादसे का मुद्दा उठाते हुए नेता प्रतिपक्ष पायल साकरिया ने कहा कि सूरत मनपा के पास नंबर एक फायर सेवा है, लेकिन आग पर काबू पाने में 36-36 घंटे लग गए। यह सवाल खड़े करता है। इसके लिए जिम्मेदारों के खिलाफ अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। राजकोट गेम जोन अग्निकांड के बाद बड़े पैमाने पर सर्वे किया गया था, संपत्तियां सील की गई थीं, नोटिसे थमाई गई। बाद में सील कैसे खुल गई मनपा आयुक्त यह बताने को तैयार नहीं हैं। पूर्व में हुई घटना से हमने कोई सीख नहीं ली।

### माफ हो कर : दिनेश

भाजपा पार्षद दिनेश राजपुरोहित ने कहा कि शिव शक्ति मार्केट में लगी आग सामान्य नहीं थी। प्रभावितों की मदद को हमारे पास कोई पॉलिसी नहीं है। व्यापारिक संगठन ने फंड कमेटी बनाई है, जिसमें सभी पार्षदों को सहयोग करना चाहिए। राजपुरोहित ने पार्षद के तौर पर मिलने वाला एक साल का वेतन सहायता के तौर पर देने की भी घोषणा की। प्रभावित व्यापारियों का संपत्ति कर, व्यवसाय कर माफ हो।

# शबाना आजमी को लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**बेंगलूरु.** मुख्यमंत्री सिद्धरामय्या ने बेंगलूरु में आयोजित 16वें अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (बीआईएफएफ) के तहत अभिनेत्री शबाना आजमी को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने अपने सरकारी निवास कावेरी में अभिनेत्री आजमी को पुरस्कार प्रदान किया। आजमी को 10 लाख रुपए का चेक भी प्रदान किया गया। उनके साथ उनके पति, कवि और गीतकार जावेद अख्तर भी थे। सिद्धरामय्या ने कहा कि पंडित भीमसेन जोशी, कुमार गंधर्व और गंगूबाई हंगल सभी हिंदुस्तानी संगीत के दिग्गज हैं और हमारे राज्य का गौरव हैं। सिद्धरामय्या ने 1988 के म्यूजिक वीडियो मिले सुर मेरा तुम्हारा में आजमी को देखने की याद ताजा की और उनकी अभिनय क्षमता की सराहना की। आजमी और अख्तर ने कर्नाटक की समृद्ध सांस्कृतिक और संगीत विरासत की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार के.वी. प्रभाकर और सूचना एवं जनसंपर्क आयुक्त हेमंत निंबालकर ने दोनों का कावेरी में स्वागत किया।

अतिरिक्त मुख्य सचिव एल.के. अतीक, कर्नाटक चलचित्र अकादमी के अध्यक्ष साधु कोकिला और बीआईएफएफ के 16वें संस्करण की कलात्मक निदेशक विद्या शंकर भी मौजूद थे।

## पांच साल का सबसे गर्म दिन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**सूरत.** मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार ही सूरत समेत दक्षिण गुजरात में गर्मी ने तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। मार्च महीने में सोमवार का दिन बीते पांच सालों का सबसे गर्म दिन रहा। शहर का अधिकतम तापमान 41.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। तेज धूप और गर्मी से लोग परेशान नजर आए। मौसम विभाग की ओर से मंगलवार को सूरत समेत दक्षिण गुजरात में रेड अलर्ट की चेतावनी दी गई है।

सूरत समेत राज्य में आमतौर पर होली के बाद से पारा ऊपर चढ़ने लगता है। इस बार फरवरी के अंत से ही सर्दी गायब हो गई और गर्मी जैसा माहौल देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग की ओर से चेतावनी दी गई है कि मार्च महीने के तीसरे सप्ताह की शुरुआत से सूरत समेत दक्षिण गुजरात में आसमान से आग बरस सकती है। हालांकि सोमवार से ही गर्मी ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। सोमवार सुबह से ही पारा 30 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चढ़ने लगा और दोपहर होते होते पारा 41.8 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया।

इससे लोगों को तेज धूप और गर्मी का सामना करना पड़ा। आसमान से बरसती आग से बचने के लिए दोपहर के समय लोग आवश्यक काम के बगैर बाहर निकलने से बचते रहे। मौसम विभाग के मुताबिक, सोमवार को शहर का अधिकतम तापमान 41.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उत्तर की ओर से प्रतिघंटे तीन किमी रफ्तार से हवा चली।

**विपक्ष ने उठाया अभिनेत्री रन्या को पुलिस प्रोटोकॉल का मामला : गृह मंत्री के बयान पर हंगामा**

# सोने की तस्करी पर सरकार को घेरा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**बेंगलूरु.** सोने की तस्करी के मामले में अभिनेत्री और राज्य के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी की सौतेली बेटी रन्या राव की गिरफ्तारी का मुद्दा सोमवार को विधानसभा में भी उठा। मुख्य विपक्षी पार्टी भाजपा ने सरकार से इस मामले में अभिनेत्री के साथ कथित तौर पर शामिल मंत्रियों के नाम उजागर करने की मांग की। गृह मंत्री डॉ. जी. परमेश्वर के इस बारे में जानकारी होने वाले बयान पर भाजपा सदस्यों की आपत्ति को लेकर सदन में कुछ देर तक हंगामा हुआ।

भाजपा के वी. सुनील कुमार ने शून्यकाल में इस मुद्दे को उठाया और मांग की कि सरकार सोना तस्करी मामले में कथित तौर पर शामिल मंत्रियों के नाम उजागर करे। उन्होंने कहा किया कि उन्हें संदेह है कि पुलिस विभाग ने सोना तस्करी के लिए प्रोटोकॉल मुहैया कराया है। सरकार को इसके पीछे मंत्री का नाम उजागर करना चाहिए। इस पर गृह मंत्री परमेश्वर ने कहा कि मामले की जांच केंद्र सरकार के अधीन आती है। हम मामले के बारे में उतना ही जानते हैं जितना आप जानते हैं। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को जांच करनी चाहिए कि किस मंत्री ने इसमें भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि जब सीबीआई राज्य में जांच करती है तो उसे सरकार की अनुमति की आवश्यकता होती है। इसके लिए सीबीआई को अनुमति मांगने के लिए पत्र लिखना होगा, यही प्रक्रिया है। हमें भी इस बारे में कोई जानकारी नहीं मिली है।

**डीआरआई ने साझा नहीं की जानकारी:** इस पर सुनील कुमार ने कहा कि गृह मंत्री यह कैसे दावा कर सकते हैं कि उन्हें मामले के बारे में कुछ भी पता नहीं है। परमेश्वर ने जवाब दिया कि राज्य पुलिस अपने अधिकार क्षेत्र में जांच कर रही है और राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने मामले के बारे में कोई जानकारी साझा नहीं की है। विधायक सुनील कुमार ने आरोप लगाया कि सरकार मामले में शामिल किसी व्यक्ति को बचा रही है।

**पुलिस की चूक की होगी जांच: परमेश्वर**-दोनों पक्षों की तकरार के बीच विधानसभा अध्यक्ष यू.टी. खादर ने हस्तक्षेप करते हुए भाजपा सदस्यों से कहा कि मामले की जांच की जा रही है और अगर उन्हें अधिक जानकारी चाहिए तो वे गृह मंत्री से उनके कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। विपक्ष के नेता आर. अशोक ने कहा कि डीआरआई और सीबीआई की जांच को एक तरफ रखना चाहिए। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को प्रोटोकॉल देना सही है, लेकिन क्या उनकी बेटी को भी प्रोटोकॉल देना सही है। अशोक ने मांग की कि सरकार को राज्य पुलिस विभाग के रन्या राव को एस्कॉर्ट प्रदान करने पर जवाब देना चाहिए। इस पर गृह मंत्री परमेश्वर ने कहा कि अगर पुलिस विभाग की ओर से कोई चूक हुई है, तो इसकी जांच की जाएगी। यदि कोई गलती हुई भी होगी तो दोषी पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



सदन में जवाब देते गृह मंत्री परमेश्वर।



चर्चा में भाग लेते विपक्ष के नेता आर. अशोक।

### रन्या राव को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**बेंगलूरु.** सोने की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार कन्नड़ अभिनेत्री रन्या राव (33) को सोमवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने पूछताछ के लिए तीन दिन की हिरासत खत्म होने पर सोमवार दोपहर बाद रन्या को आर्थिक अपराधों के लिए विशेष अदालत के समक्ष पेश किया। डीआरआई के फिर से हिरासत नहीं मांगने पर अदालत ने रन्या को 24 मार्च तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। रन्या ने सुनवाई के दौरान जज के पूछने पर डीआरआई की हिरासत में शारीरिक यातना से इनकार किया, लेकिन रोते हुए भावनात्मक प्रताड़ना और धमकी देने का आरोप लगाया। हालांकि, डीआरआई ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि पूरी प्रक्रिया सीसीटीवी में रिकॉर्ड है। गौरतलब है कि रन्या को 3 मार्च को दुबई से बेंगलूरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (केआइए) पर पहुंचने के बाद गिरफ्तार किया गया था। डीआरआई के अनुसार रन्या के पास 12.56 करोड़ रुपए मूल्य की 14.2 किलोग्राम विदेशी सोने की छड़ें पाई गईं।

### 138 करोड़ के निवेश से रन्या की कंपनी लगाना चाहती थी कारखाना

**बेंगलूरु@पत्रिका.** सोने की तस्करी के मामले में गिरफ्तारी के बाद चर्चा में आई फिल्म अभिनेत्री हर्षवर्धिनी रन्या उर्फ रन्या राव की कंपनी 138 करोड़ रुपए के निवेश से टीएमटी स्टील बार निर्माण संयंत्र स्थापित करना चाहती थी। साल भर से भी कम पुरानी कंपनी को करोड़ों रुपए के निवेश के वादे पर सरकार ने संयंत्र लगाने के लिए 12 एकड़ भूमि भी औद्योगिक क्षेत्र में आवंटित कर दी। अब इस मामले को लेकर राजनीतिक घमासान छिड़ गया है। रन्या का फिल्मी कॅरियर अल्पकालिक रहा है और उसने कुछ कन्नड़ व तमिल फिल्मों में काम किया है। पिछले कुछ सालों से वह फिल्मी पर्दे से दूर रही है। जनवरी 2023 में बसवराज बोम्मई के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने क्षिरोदा प्राइवेट लिमिटेड को बेंगलूरु से सटे तुमकूरु जिले के सिरा औद्योगिक क्षेत्र में कर्नाटक औद्योगिक विकास बोर्ड (केआइएडीबी) की ओर से 12 एकड़ जमीन आवंटन को मंजूरी दी थी। अप्रेल 2022 में बनी इस कंपनी में अधिकांश हिस्सेदारी रन्या राव की है। रन्या अपने भाई रुशब के साथ कंपनी की निदेशक हैं। कंपनी ने स्टील टीएमटी बार निर्माण इकाई स्थापित करने के लिए 138 करोड़ रुपए के निवेश का वादा किया था। कंपनी को भूखंड आवंटन की मंजूरी 137वीं राज्य स्तरीय एकल खिड़की मंजूरी समिति (एसएलएसडब्ल्यूसीसी) की बैठक में दी गई थी। केआइएडीबी ने अभी यह स्पष्ट नहीं किया है कि जमीन कंपनी को हस्तांतरित की गई या नहीं। विवाद बढ़ने पर मध्यम और बड़े उद्योग मंत्री एम.बी. पाटिल के कार्यालय ने रन्या की कंपनी को जमीन आवंटित करने के संबंध में 22 फरवरी, 2023 को जारी सरकार की अंतिम अधिसूचना साझा की। इसमें कहा गया है कि कंपनी ने 138 करोड़ रुपए के निवेश से स्टील टीएमटी बार, रॉड और संबंधित उत्पादों के लिए एक विनिर्माण इकाई स्थापित करने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया था। इस परियोजना से लगभग 160 नौकरियां पैदा होने की उम्मीद है।

## आर्द्रा को जीएडी सचिव की जिम्मेदारी

**गांधीनगर @पत्रिका.** प्रतिनियुक्ति से गुजरात लौटीं आर्द्रा अग्रवाल को सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। राकेश शंकर को इस जिम्मेदारी से मुक्त किया गया है। अग्रवाल को कुटीर एवं ग्रामोद्योग के आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। ग्रामीण विकास राज्य संस्थान के स्पेशल निदेशक बी.एच. तलाटी को स्थानांतरित कर तकनीकी शिक्षा निदेशक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस पद को संभाल रहे आईएएस गुरव दिनेश को मुक्त कर दिया गया है।

**तमिलनाडु लड़ेगा, तमिलनाडु जीतेगा अभियान**

# एनईपी और परिसीमन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेगी सत्तारूढ़ डीएमके

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**चेन्नई.** डीएमके राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत तीन-भाषा फॉर्मूले के खिलाफ राज्यव्यापी आंदोलन शुरू करने की तैयारी में है। पार्टी ने 12 मार्च को 'तमिलनाडु लड़ेगा, तमिलनाडु जीतेगा' के बैनर तले सभी जिलों में जनसभाएं करने का कार्यक्रम बनाया है।

पिछले कुछ दिनों में डीएमके की युवा शाखा ने सभी 234 विधानसभा क्षेत्रों में जनसभाएं की हैं, जिसमें तीन-भाषा नीति का कड़ा विरोध किया गया है। यह आयोजन तमिलनाडु की भाषाई और सांस्कृतिक पहचान को खतरे में डालने वाली चीजों के खिलाफ जनता की भावनाओं को जुटाने के एक बड़े प्रयास का हिस्सा है। भाषा नीतियों के अलावा, डीएमके केंद्र सरकार की प्रस्तावित परिसीमन कवायद और राज्यों को वित्तीय आवंटन में कथित असमानताओं पर चिंताओं को उजागर करने की योजना बना रही है।

**पूर्व विधायक जाडेजा पर गंभीर आरोप : परिजनों का आरोप-हत्या की गई**

# गोंडल में संदिग्ध हालत में राजस्थानी युवक की मौत

## राजस्थान के नागौर से सांसद बेनीवाल ने की सीबीआई जांच की मांग

### एक्सीडेंट के चलते मौत, पूर्व विधायक की लिप्तता नहीं : पुलिस की सफाई

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com


**राजकोट.** गांधीनगर. राजकोट के गोंडल में पूर्व विधायक के घर राजस्थान मूल के पिता-पुत्र के साथ मारपीट करने के बाद पुत्र के लापता होने और फिर उसका शव मिलने की घटना सामने आई है। संदिग्ध परिस्थिति में युवक की मौत होने पर परिजनों ने उसकी हत्या की आशंका व्यक्त की है। पूर्व विधायक के घर मारपीट होने का गंभीर आरोप लगाते हुए सीबीआई जांच की मांग की है। वहीं राजकोट पुलिस ने वाहन दुर्घटना में मौत की बात कहते हुए पूर्व विधायक की लिप्तता से इनकार किया है। विधानसभा में कांग्रेस के नेता अमित चावडा ने इस मामले में विधानसभा में चर्चा करने की मांग की है। उधर राजस्थान के नागौर से सांसद हनुमान बेनीवाल ने भी सोशल मीडिया पर ट्विट करते हुए सीबीआई जांच की मांग की है।

राजकोट के पुलिस अधीक्षक हिमकर सिंह ने बताया कि पांच मार्च को रतनलाल ने उन्हें आकर पुत्र राजकुमार के लापता होने की शिकायत दी थी, जिस पर कई टीमें बनाई। सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो पता चला कि राजकुमार तीन मार्च को शाम 6.34 बजे रामधाम आश्रम में प्रवेश करता है। 4 मार्च की सुबह दो बजे आश्रम से निकलता है। 4 मार्च सुबह आश्रम से 500 मीटर दूरी पर यह घायल अवस्था में मिलता अस्पताल ले जाने पर दम तोड़ देता है। इसके जीजा अर्जुन इसकी शिनाख्त करते हैं। प्राथमिक जांच में पता चला कि किसी वाहन की टक्कर से आश्रम के पास जख्मी होने से इसकी मौत हुई है।

**विधानसभा में दी जाए जानकारी: चावडा**-गुजरात विधानसभा में कांग्रेस दल के नेता अमित चावडा ने सोमवार को विधानसभा सचिव को पत्र लिखकर विधानसभा में गोंडल में राजकुमार जाट की हत्या मामले पर मंत्री से जानकारी देने को कहा है।

### पूर्व विधायक के घर हुई थी बोलाचाली

**पूर्व विधायक** जयराज सिंह जाडेजा व उनके पुत्र गणेश की ओर से राजकुमार जाट और उनके पिता रतनलाल की पिटाई किए जाने के आरोप पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पूर्व विधायक की कोई लिप्तता नहीं है। दो मार्च को राजकुमार स्पीड से बाइक चलाता है। पूर्व एमएलए के घर के सामने रतनलाल बाइक से उतर जाता है। इस पर राजकुमार भी उतरता है और पूर्व विधायक जयराज सिंह के घर घुस जाता है। वहां सिक्योरिटी गार्ड उसे बिठाते हैं। रतनलाल भी पहुंचते हैं। वहां पिता-पुत्रों और सिक्योरिटी गार्डों के बीच कहासुनी होती है। फिर उन्हें उठाकर बाहर निकाल दिया जाता है। अन्य कोई बात ध्यान में नहीं आई है।



मृतक राजकुमार जाट (फाइल फोटो)

### 'पूर्व विधायक का नाम, सीबीआई जांच हो'

**राजस्थान के** नागौर लोकसभा क्षेत्र के सांसद हनुमान बेनीवाल ने एक्स पर ट्वीट कर कहा कि गुजरात के राजकोट में गोंडल विधानसभा क्षेत्र में राजस्थान के भीलवाड़ा निवासी युवक राजकुमार जाट की हत्या मामले में सीबीआई जांच की मांग करता हूं। क्योंकि वहां के एक बाहुबली पूर्व विधायक तथा उनके परिवार का नाम इस हत्याकांड में सामने आ रहा है।

### पूर्व विधायक के घर मारपीट, तनाव में था मेरा बेटा : रतनलाल



रतनलाल, पिता

मृतक के पिता गोंडल गायत्रीनगर निवासी रतनलाल जाट ने कहा कि वे 30 साल से गोंडल में त्रण खूणिया के पास नाश्ते (भाजीपाव) का व्यापार करते हैं। रोड पर चलते हुए को अंदर बुलाकर हमारे साथ पूर्व विधायक जयराज सिंह जाडेजा के घर मारपीट की गई। इसके चलते मेरा बेटा तनाव में आ गया और घर से बाहर निकल गया। अब उसका शव मिला है। हमें न्याय चाहिए। राजकुमार दिल्ली में यूपीएससी की तैयारी कर रहा था।

### मेरे भाई की हत्या हुई है, न्याय के लिए लड़ूंगी : बहन

मृतक की बहन ने मीडिया को बताया कि मेरे भाई (राजकुमार) की हत्या की गई है। मुझे न्याय चाहिए। सीबीआई जांच होनी चाहिए। मैं इसके लिए लड़ूंगी। पीआई गोसाई से बात हुई थी उन्होंने खुद ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज देखा है, जिसमें राजकुमार जाट के साथ मारपीट हुई है।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत, एक अन्य घायल

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**तुत्तुकुडी.** मदुरै-तुत्तुकुडी बाईपास रोड पर सोमवार तड़के एक ट्रक के सड़क किनारे दीवार से टकरा जाने से चालक की मौके पर ही मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि यह हादसा कयाथर के निकट तलवैपुरम में उस समय हुआ जब ट्रक चालक और व मालिक मदुरै से कन्याकुमारी जिले के नागरकोइल के लिए माल ले जा रहे थे। उसमें वाहन चालक की मौत हो गई जबकि ट्रक के मालिक ए. कन्नन (47) गंभीर रूप से घायल हो गयाए। उन्हें तिरुनेलवेली सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि मृतक की पहचान मदुरै जिले के नागमलै पुदुकोट्टै निवासी के. मनोज कुमार (23) के रूप में हुई है। ट्रक के मालिक ए. कन्नन (47) को लॉरी से बाहर निकाला गया और गंभीर हालत में तिरुनेलवेली सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। जब यह हादसा हुआ। पुलिस को संदेह है कि चालक मनोज कुमार को लॉरी चलाते समय झपकी आ गई होगी, जिसके कारण यह दुर्घटना हुई। टक्कर के कारण लॉरी का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। कयाथर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच कर रही है।

**संसद के बजट सत्र में हिन्दी को लेकर मचा हंगामा**

# तमिलनाडु के छात्रों के का भविष्य बर्बाद कर रही डीएमके : धर्मेंद्र प्रधान

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**चेन्नई.** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सोमवार को द्रविड़ मुनेत्र कषग़म (द्रमुक) पर नई शिक्षा नीति (एनईपी) के विरोध और त्रि-भाषा फॉर्मूले पर चल रहे विवाद को लेकर तीखा हमला किया।

प्रधान ने कड़े शब्दों में बयान देते हुए द्रमुक पर बेईमानी करने और तमिलनाडु में छात्रों के कल्याण के प्रति उदासीन होने का आरोप लगाया। डीएमके तमिलनाडु के छात्रों के प्रति प्रतिबद्ध नहीं है, वह उनका भविष्य बर्बाद कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि डीएमके का एकमात्र एजेंडा भाषा आधारित विभाजन को बढ़ावा देना है। उसका एकमात्र काम भाषा में बाधाएं खड़ी करना है। वह राजनीति एवं शरारत कर रही है। वह अलोकतांत्रिक और असभ्य है।

मेरी जानकारी है कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एनईपी को स्वीकार करना चाहते हैं, लेकिन कुछ लोग उनको रोक रहे हैं जो भविष्य में मुख्यमंत्री बनना चाहते हैं। मुख्यमंत्री (स्टालिन) छात्रों के प्रति ईमानदार नहीं हैं। यह टिप्पणी एनईपी की भाषा नीति को लेकर केंद्र और तमिलनाडु की सत्तारूढ़ पार्टी के बीच बढ़ते तनाव के बीच आई है, जिसमें डीएमके हिंदी थोपने का कड़ा विरोध कर रही है। डीएमके की तीखी आलोचना किए जाने से हंगामा मच गया, जिसके कारण डीएमके सांसदों ने विरोध प्रदर्शन किया जिसके चलते कार्यवाही 30 मिनट के लिए स्थगित करनी पड़ी।

**आरोपी गिरफ्तार : पड़ोस में रहने वाले ने तांत्रिक विधि के लिए चढ़ाई बलि**

# छोटा उदेपुर में चढ़ाई बच्ची की बलि

**छोटा उदेपुर.** जिले की बोडेली तहसील के पाणेज गांव में एक तांत्रिक की ओर से द्वारा पांच साल की बच्ची की बलि चढ़ाए जाने की घटना सामने आया है।

जानकारी के मुताबिक, 5 साल की बच्ची सीता सोमवार सुबह गांव में अपने घर के बाहर खेल रही थी। उसकी माता बाहर कपड़े धो रही थी। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाला तांत्रिक लाला वहां पहुंचा और बच्ची को जबरन खींचकर अपने घर ले गया। डरी हुई बच्ची रोने लगी। बच्ची की रोने की आवाज सुनकर माता दौड़कर पहुंची, शोर मचाया। इससे आसपास के लोग भी एकत्र हो गए। तांत्रिक के पास कुल्हाड़ी देखकर सभी लोग घबरा गए। कोई भी बच्ची को बचाने नहीं जा सका। तांत्रिक अपने साथ बच्ची को अपने घर में ले गया। उसने कुल्हाड़ी से बच्ची की गर्दन पर गंभीर वार कर उसकी हत्या कर दी। तांत्रिक लाला ने अपने घर में बने छोटे मंदिर की सीढ़ियों पर बच्ची की बलि दे दी। बच्ची के परिजनों ने पूरी घटना की सूचना बोडेली पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी तांत्रिक लाला को पकड़ लिया और कार्रवाई शुरू की।



**मामला मानव बलि का लग रहा:** छोटा उदेपुर के सहायक पुलिस अधीक्षक (एएसपी) गौरव अग्रवाल ने बताया कि पाणेज गांव निवासी ज्योति तड़वी अपने घर के बाहर कपड़े धो रही थी। इस दौरान पड़ोसी लाला तड़वी आया और ज्योति की पांच साल की पुत्री का अपहरण कर ले गया। लाला के हाथ में कुल्हाड़ी थी, इसलिए उसकी माता ज्योति ने चिल्लाकर पड़ोसियों को बुलाया। हाथ में कुल्हाड़ी होने के कारण कोई भी बच्ची को बचा नहीं सका और लाला ने बच्ची को घर में ले जाकर कुल्हाड़ी से उसकी हत्या कर दी।

उसके शव को घर में बने मंदिर की सीढ़ियों के पास ले गया। सीढ़ियों पर बच्ची का खून चढ़ाया। इस मामले में आरोपी लाला तड़वी को पकड़ लिया गया है। प्रथम दृष्टया यह मामला मानव बलि का प्रतीत होता है। आरोपी मानसिक रूप से विक्षिप्त प्रतीत होता है। जांच की जा रही है।

### तहसील पंचायत अध्यक्ष के गांव की घटना

यह घटना बोडेली तहसील पंचायत के अध्यक्ष डॉ. शीतलकुंवरबा महाराउलजी के गांव पाणेज में हुई। घटना की जानकारी मिलने पर वे भी मौके पर पहुंची और घटना को देखकर बोलीं कि ऐसी घटना मेरे गांव में नहीं होनी चाहिए।

| शेयर बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी | सोना स्टैंडर्ड (24 कैरेट) | सोना (एमसीएक्स) | चांदी (999) | चांदी (एमसीएक्स) | बिटकॉइन | इथर | बिनेंस | डॉलर | यूरो | पेट्रोल | डीजल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 74,115 (-217.41) | 22,460 (-92.20) | ₹88,100 (प्रति 10 ग्राम)(+300) | ₹85,901 (प्रति 10 ग्राम)(+25) | ₹97,700 (प्रति किग्रा)(+100) | ₹97,740 (प्रति किग्रा) (+539) | $ 83,246 (-1.66) | $ 2,119 (-1.13) | $ 567.0 (-2.01%) | ₹87.40 (प्रति 1 डॉलर) | ₹94.74 (प्रति यूरो) | ₹106.45 (प्रति लीटर) | ₹91.85 (प्रति लीटर) |

**ट्रंप का इंटरव्यू ले डूबा...** मंदी की आशंका से कोहराम

# अमरीकी शेयर बाजार क्रैश नैस्डैक 4% से भी अधिक गिरा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**न्यूयॉर्क.** डॉनल्ड ट्रंप की ओर से शुरू ग्लोबल ट्रेड वॉर से अमरीकी अर्थव्यवस्था में मंदी की आशंका से अमरीकी शेयर बाजार सोमवार को क्रैश हो गए। ट्रंप की टिप्पणियों से निवेशकों के बीच आशंका बढ़ गई कि व्यापार युद्ध आर्थिक मंदी को जन्म दे सकता है। साथ ही यूबीएस की रिपोर्ट में टेस्ला सहित टेक फर्म्स की आय घटने की आशंका से नैस्डैक कंपोजिट में 4% से भी ज्यादा गिरावट आई।

एसएंडपी 500 2.5% लुढ़ककर अपने 6 माह के निचले स्तर पर पहुंच गया। टेक और बैंकिंग शेयरों में सबसे ज्यादा गिरावट देखने को मिली। एनवीडिया जैसे मेगा-कैप ग्रोथ शेयरों पर सबसे ज्यादा दबाव रहा। अमरीका में लिस्टेड चीनी शेयरों में गिरावट देखने को मिली। रविवार को एक इंटरव्यू में ट्रंप ने यह बताने से इनकार कर दिया कि अमरीका मंदी में जा सकता है या नहीं, पर ट्रेड वॉर से निवेशकों को मांग-निवेश घटने की आशंका है।

**बीयर्स का कब्जा...**

| इंडेक्स | गिरावट |
|---|---|
| नैस्डैक कंपोजिट | -4.25% |
| डाउ जोंस | -1.83% |
| एसएंडपी 500 | -2.75% |
| रसेल 2000 | -2.40% |
| एनवाइएसई कंपोजिट | -1.75% |

**ये शेयर सबसे ज्यादा गिरे**

| स्टॉक्स | गिरावट |
|---|---|
| टेस्ला | -13.75% |
| एनवीडिया | -5.25% |
| एपल | -5.78% |
| गूगल | -5.18% |
| मेटा | -5.58% |
| गोल्डमैन सैश | -5.97% |

**गिरावट का असर :** विदेशी बिकवाली से डाउ जोंस से कम हुआ सेंसेक्स का वैल्यूएशन प्रीमियम

# 16 साल में पहली बार अमरीका से सस्ता भारतीय बाजार, मार्जिन ट्रेडिंग में भी गिरावट

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** पिछले पांच माह से चल रही गिरावट से भारतीय शेयर बाजार अमरीकी बाजार से सस्ते हो गए हैं। सेंसेक्स का वैल्यूएशन वर्ष 2009 के बाद पहली बार डाउ जोंस इंडस्ट्रियल एवरेज से कम हो गया है। सेंसेक्स का प्राइस टू अर्निंग (पीई) मल्टीपल पिछले 12 माह के प्रति शेयर आय के 21.8 गुना पर कारोबार कर रहा है। वहीं डाउ जोंस इंडस्ट्रियल एवरेज 22.4 गुना पीई पर ट्रेड कर रहा है।

पिछले 20 वर्षों से सेंसेक्स यूएस के डाउ जोंस के औसत मूल्यांकन से 25% प्रीमियम पर कारोबार कर रहा था, पर अब स्थिति बदल गई है। विश्लेषकों ने कहा, दो तिमाहियों में इंडिया इंक की तुलना में अमरीकी कंपनियों की आय में तेज वृद्धि हुई है। इससे विदेशी निवेशक भारतीय बाजार से निकासी कर अमरीका, चीन व पश्चिमी यूरोप जैसे आकर्षक बाजारों की ओर रुख कर रहे हैंछ एफआइआइ ने फाइनेंस, ऑयल एंड गैस, ऑटोमोबाइल आदि 7 सेक्टरों से सबसे अधिक बिकवाली की है।श

शेयर बाजार में जारी गिरावट से निवेशकों की जोखिम उठाने की क्षमता भी घट रही है और वे कर्ज लेकर कम ट्रेडिंग कर रहे हैं। इससे मार्जिनल ट्रेडिंग फंडिंग (एमटीएफ) में गिरावट आई है। इस सालअब तक एमटीएफ ₹15,000 करोड़ घटा है।




**इन सेक्टर्स में विदेशी निवेशकों की अधिक बिकवाली**

| सेक्टर | निकासी |
|---|---|
| फाइनेंशियल सर्विसेज | -52,488 |
| ऑयल एंड गैस | -50,565 |
| ऑटोमोबाइल | -32,067 |
| एफएमसीजी | -28,108 |
| कंज्यूमर सर्विसेज | -17,005 |
| कंस्ट्रक्शन | -12,755 |
| पावर सेक्टर | -11,453 |


(अक्टूबर 2024 से अब तक विदेशी निवेशकों की बिकवाली करोड़ रुपए में)

96% बिकवाली विदेशी निवेशकों ने इन 7 सेक्टर्स में की पिछले 5 महीने में

**ऐसे बढ़ा-घटा सेंसेक्स-डाउ जोंस का वैल्यूएशन**




**निवेशक उधार लेकर ट्रेडिंग से कर रहे परहेज**




**क्या कहते हैं एक्सपर्ट..** कई लार्ज-मिडकैप और स्मॉलकैप शेयर की कीमतें फेयर वैल्यू के करीब हैं। मार्केट की टाइमिंग पर फोकस करने के बजाय हर समय मार्केट में निवेश करने पर ज्यादा पैसा बनता है। **-निलेश शाह,** एमडी, कोटक महिंद्रा एएमसी

### शेयर बाजार लुढ़का

**भारतीय** शेयर बाजार सोमवार को गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 217 अंक गिरकर 74,115 पर बंद हुआ। निफ्टी 0.41% गिरकर 22,460 पर रहा। छोटी-मझोली और चवन्नी शेयरों (माइक्रोकैप और पेन्नी स्टॉक्स) पर अधिक मार पड़ी। निफ्टी मिडकैप 150 इंडेक्स 1.41% तो निफ्टी स्मॉलकैप 250 इंडेक्स 1.90% लुढ़का। निफ्टी माइक्रोकैप इंडेक्स में तो 2.5% गिरावट आई। सेक्टोरल इंडेक्स में एफएमसीजी को छोड़ सभी सेक्टर लाल निशान में रहे। ऑयल एंड गैस, ऑटो, रियल्टी और पीएसयू बैंक में सबसे अधिक गिरावट आई।


**पर्सनल फाइनेंस @ पत्रिका**

**सलाह:** रिस्क-एडजस्टेज ऊंचे रिटर्न के लिए फैक्टर फंड बेस्ट

# मल्टी-फैक्टर अप्रोच अपनाकर बनाएं मजबूत पोर्टफोलियो

*नई दिल्ली @ पत्रिका. शेयर बाजार में अभी उठापटक जारी रहने की संभावना के बीच निवेशक एसआइपी के जरिए अनुशासित निवेश और मल्टी-फैक्टर अप्रोच अपनाकर मजबूत पोर्टफोलियो बना सकते हैं, जो लॉन्ग टर्म में वेल्थ क्रिएट करेगा। गोलफाइ के सीईओ और स्मॉलकेस मैनेजर रोबिन आर्या ने बताया कि कि ये फंड विशिष्ट रणनीतियों का पालन करते हैं, इसलिए इनमें बाजार के रुझान का लाभ उठाकर पारंपरिक फंड्स से बेहतर प्रदर्शन करने की क्षमता होती है। ये फंड पोर्टफोलियो के लिए नियमों का एक सेट तय करते हैं। इन नियमों के आधार पर ही किसी कंपनी को निवेश के लिए चुना जाता है।*

**फैक्टर फंड्स का 15 साल का रिटर्न**




**क्या होते हैं फैक्टर फंड**

**फैक्टर फंड** किसी शेयर में उनके वैल्य (मूल्य), मोमेंटम (तेजी, ट्रेंड), क्वालिटी (गुणवत्ता) और कम अस्थिरता जैसे कारकों के आधार पर निवेश करते हैं। फैक्टर फंड निवेश का एक तरीका है जिसमें डेटा के आधार पर पोर्टफोलियो बनाया जाता है। ये फंड निवेशकों को पारंपरिक इक्विटी फंड्स के मुकाबले वेल्थ क्रिएशन में बेहतर तरीके से मदद कर सकते हैं। फैक्टर फंड एक्टिव और पैसिव दोनों तरह के निवेश का मिश्रण हैं।

**रिस्क मैनेजमेंट** फैक्टर-बेस्ड इन्वेस्टिंग को स्मार्ट-बीटा फंड भी कहा जाता है। स्मार्ट बीटा में पैसिव फंड की तरह एक इंडेक्स फंड बनाया जाता है। साथ ही इसमें एक्टिव फंड की तरह फंड मैनेजर छोटे-छोटे बदलाव करते रहते हैं, जैसे कि शेयरों के वेटेज में बदलाव आदि। इसका मकसद रहता है कि रिस्क में कमी आए, लेकिन रिवार्ड वैसा ही बना रहे। मल्टी-फैक्टर निवेश विभिन्न कारकों को मिलाकर जोखिम को संतुलित करता है, जिससे सुनिश्चित हो कि विभिन्न बाजार स्थितियों और मार्केट साइकल में भी पोर्टफोलियो स्थिर रहे।

**निवेश की रणनीति**

- ***वोलैटिलिटी फैक्टर:*** इस श्रेणी के फंड वैसे स्टॉक्स में निवेश करते हैं जिनमें ब्रॉडर मार्केट के मुकाबले कम उठापटक देखने को मिलती है। बाजार में गिरावट के समय ये फंड्स कम गिरते हैं, जिससे ये नए निवेशकों के लिए बेस्ट हैं।
- ***क्वालिटी फैक्टर:*** इस कैटेगरी के फैक्टर फंड्स उन शेयरों में निवेश करते हैं जिनकी वित्तीय स्थिति मजबूत है। यानी जिनका आरओई बेहतर और पीई कम है। साथ ही जिनका कैशफ्लो अधिक है और जिन कंपनियों पर कम कर्ज है।
- ***मोमेंटम और वैल्यू फैक्टर:*** इन दोनों श्रेणी के फंड्स बाजार में उतार-चढ़ाव के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं, इसलिए इनमें कम से कम 5 से 7 साल के लिए निवेश करें। मोमेंटम उन शेयरों में निवेश करते हैं जिन्होंने हाल ही में मजबूत प्रदर्शन किया है। साथ ही यह उम्मीद है कि इनमें आगे भी तेजी जारी रहेगी। वहीं वैल्यू कम मूल्यांकन यानी लो पीई रेश्यो वाले शेयरों में निवेश करता है।

**एचसीएल की कमान...** तीसरी सबसे अमीर भारतीय

# रोशनी नाडर बनीं एशिया की सबसे अमीर बिजनेस वुमन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** एचसीएल टेक्नोलॉजी के फाउंडर शिव नादर की बेटी रोशनी नाडर रातोंरात सिर्फ भारत की ही नहीं, बल्कि एशिया की सबसे अमीर बिजनेसवुमन बन गई हैं। साथ ही वह अब मुकेश अंबानी, गौतम आदाणी के बाद कुल 35.9 अरब डॉलर (3.13 लाख करोड़ रुपए) नेटवर्थ के साथ तीसरी सबसे अमीर भारतीय हैं। यह उपलब्धि उन्होंने अपने पिता की वजह से हासिल की है, जिन्होंने एचसीएल टेक और वामा दिल्ली जैसी प्रमोटर संस्थाओं में अपनी 47% हिस्सेदारी गिफ्ट के तौर पर अपनी बेटी रोशनी नादर मल्होत्रा को सौंप दी है, जिससे वह कंपनी में सबसे बड़ी शेयरहोल्डर बन गई हैं। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के मुताबिक, रोशनी नाडर अब दुनिया की 5वीं सबसे अमीर महिला हैं।


रोशनी नाडर

**प्रमोटर होल्डिंग... आइटी कंपनियों में एचसीएल टॉप पर**

| कंपनी | प्रमोटर्स की हिस्सेदारी |
|---|---|
| एचसीएल टेक | 2,57,148 |
| विप्रो | 2,16,924 |
| एलटीआइ | 95,906 |
| इंफोसिस | 91,356 |
| टेक महिंद्रा | 51,158 |

(राशि करोड़ रुपए में)

# महंगाई : सस्ती हुई शाकाहारी थाली, पर नॉन वेज ने ढीली कर दी जेब

**नई दिल्ली @ पत्रिका.** बीते कुछ महीने से शाकाहारी और मांसाहारी थाली की कीमतों में गिरावट दर्ज की जा रही है। इस साल फरवरी में मासिक आधार पर दोनों थाली के दाम घटे हैं। हालांकि सालाना आधार पर शाकाहारी थाली तो सस्ती हुई है, पर मांसाहारी थाली महंगी हुई है। टमाटर की कीमतों में आई गिरावट और एलपीजी गैस सस्ता होने से फरवरी में घर पर शाकाहारी थाली तैयार करने की लागत सालाना आधार 1% घटकर 27.2 रुपए रह गई, जो जनवरी में 28.7 रुपए थी। वहीं मांसाहारी थाली की लागत 57.4 रुपए रही जो जनवरी में 60.5 रुपए और पिछले साल फरवरी में 54.4 रुपए थी। यानी चिकन महंगा होने से नॉन-वेज थाली की लागत में 6% बढ़ोतरी हुई।

**कृषि मंत्रालय का दूसरा अग्रिम अनुमान...**

# भारत में चावल-गेहूं, मक्का का रेकॉर्ड उत्पादन का अनुमान

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** देश में वर्ष 2024-25 में रेकॉर्ड चावल, गेहूं और मक्का का उत्पादन होने का अनुमान है। कृषि मंत्रालय ने अपने दूसरे अग्रिम अनुमान में कहा है कि भारत में 2024-25 में खरीफ खाद्यान्न का उत्पादन 1,663.91 लाख टन और रबी खाद्यान्न 1,645.27 लाख टन हुआ।

इस दौरान, खरीफ चावल का उत्पादन 1,206.79 लाख टन और रबी चावल 157.58 लाख टन रहने का अनुमान है। गेहूं का उत्पादन 1,154.30 लाख टन, जबकि खरीफ मक्का 248.11 लाख टन व रबी मक्का 124.38 लाख टन रह सकता है। वहीं संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) की रिपोर्ट के मुताबिक, इस साल दुनियाभर में गेहूं का उत्पादन बढ़ेगा।

**2%** बढ़ेगा गेहूं का उत्पादन इस साल दूसरे अग्रिम अनुमान के मुताबिक

**भारत में इतना रहेगा फसलों का उत्पादन...**

| फसल | उत्पादन |
|---|---|
| चावल | 1364.37 |
| गेहूं | 1154.30 |
| मक्का | 372.49 |
| बाजरा | 168.33 |
| मोटा अनाज | 560.28 |
| तुअर | 35.11 |
| चना | 115.35 |
| मसूर | 18.17 |
| मूंगफली | 113.13 |
| सोयाबीन | 151.32 |
| सरसों | 128.73 |
| कपास | 294.25 लाख गांठ |

(फसलों के उत्पादन का अनुमान लाख टन में)

**सख्ती :** ओएफएस में 20% से ज्यादा शेयर नहीं बिकेंगे

# एसएमई आइपीओ में न्यूनतम दो लॉट के लिए आवेदन देना होगा

**मुंबई @पत्रिका.** बाजार नियामक सेबी ने लघु एवं मझोले उद्यमों (एसएमई) के आइपीओ के लिए नियमों को सख्त कर दिया है। नए नियमों के तहत अब एसएमई आइपीओ में शेयरधारक व प्रमोटर ओएफएस के तहत आइपीओ साइज का अधिकतम 20% हिस्सा ही बेच सकते हैं। शेयरधारकों को अपनी मौजूदा होल्डिंग्स के 50% से अधिक बिक्री की अनुमति नहीं होगी। नियमों को सख्त करने का मकसद निवेशकों के हितों की रक्षा करते हुए अच्छे 'ट्रैक रेकॉर्ड' वाले एसएमई को फंड जुटाने का अवसर देना है।

**सेबी के नए मानदंड**

1. आइपीओ लाने की योजना बना रहे एसएमई का पिछले तीन वित्त वर्षों में से कम-से-कम दो साल ***न्यूनतम परिचालन लाभ कम से कम एक करोड़ रुपए होना आवश्यक है।***
2. एसएमई आइपीओ के लिए न्यूनतम आवेदन आकार को बढ़ाकर दो लॉट कर दिया है। ***इससे एसएमई आइपीओ को लेकर अनावश्यक अटकलों पर विराम लगेगा।***
3. विवरण पुस्तिका (डीआरएचपी) को 21 दिन के लिए ***सार्वजनिक टिप्पणियों के लिए उपलब्ध कराया जाएगा।***
4. सामान्य कॉरपोरेट उद्देश्य के लिए आवंटित राशि ***कुल आइपीओ आकार का 15% या 10 करोड़ रुपए, जो भी कम हो पर सीमित की गई है।***
5. आइपीओ से प्राप्त आय का उपयोग प्रमोटर्स को ***प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से लिए गए कर्ज को चुकाने के लिए करने की अनुमति नहीं होगी।***

**पेज एक का शेष...**

### ईपीएफओ...

इसी यूएएन पर पीएफ खाता भी सक्रिय होगा। अगर कर्मचारी के आधार पर कोई भी यूएएन जारी नहीं हुआ है तो फिर नया नंबर जारी किया जाएगा। ईपीएफओ 3.0 यानी नए सिस्टम में यह प्रक्रिया पूर्ण रूप से शुरू हो जाएगी। इसके बाद पीएफ खाते से धनराशि निकासी में लोगों को परेशानी नहीं होगी।

सुझावः दो यूएएन है तो क्या करें
:

1. अपने नियोक्ता कंपनी या ईपीएफओ को इसकी जानकारी दें।
2. अपने वर्तमान और पिछले यूएएन का उल्लेख करते हुए ईपीएफओ को ईमेल भेज सकते हैं।
3. ईपीएफओ सत्यापन करेगा और पिछला यूएएन बंद कर दिया जाएगा। वर्तमान नंबर सक्रिय रखा जाएगा।
4. पुराने ब्लॉक हुए ईपीएफ खाते को नए खाते में ट्रांसफर करने के लिए क्लेम करना न भूलें।

### जीएसटी...

एक अप्रेल से ई-वे बिल के नियम में भी बदलाव किया जा रहा है। नए वित्त वर्ष 2025-26 से 10 करोड़ रुपए से अधिक टर्नओवर वाले कारोबारियों को 30 दिन के भीतर अपने ई-इनवायस की जानकारी इनवॉयस रजिस्ट्रेशन पोर्टल (आइआरपी) में पर देना अनिवार्य होगा। 30 दिन के भीतर जानकारी नहीं देने पर इनवॉयस खारिज हो जाएगा। अभी यह नियम 100 करोड़ और इससे अधिक टर्नओवर वालों के लिए लागू है।

### ललित मोदी...

वानुआतु के प्रधानमंत्री जोथम नापत ने सोमवार को एक बयान में कहा, मुझे एक दिन पहले पता चला कि इंटरपोल दो बार भारतीय अधिकारियों का ललित मोदी के खिलाफ अलर्ट नोटिस जारी करने का अनुरोध खारिज कर चुका है, क्योंकि भारत के पास पर्याप्त न्यायिक साक्ष्य नहीं थे। इस तरह का कोई भी अलर्ट मोदी के नागरिकता आवेदन को स्वतः खारिज कर देता।

### यात्री बढ़...

एसी3 टायर से रेलवे का राजस्व 12,370 करोड़ रुपए से बढ़कर 30,089 करोड़ हो गया। यानी सिर्फ दो प्रतिशत यात्री बढ़ने से राजस्व करीब ढाई गुना बढ़ गया। स्लीपर क्लास के 37 करोड़ यात्रियों (4.6 प्रतिशत) से 2019-20 में रेलवे को 13641 करोड़ रुपए का राजस्व (27 प्रतिशत) मिला था, जबकि 2024-25 में स्लीपर के 38 करोड़ (5.25 प्रतिशत) यात्रियों से 15,603 करोड़ रुपए (19.5 प्रतिशत) का ही राजस्व मिला। सामान्य तौर पर 22 बोगी वाली ट्रेन में 12 जनरल, स्लीपर क्लास (नॉन एसी) और आठ एसी कोच लगाए जाते हैं। कई ट्रेनों में जनरल डिब्बे हटाकर एसी कोच लगाए जाते रहे हैं।

**कांग्रेस :** दिग्विजय ने बढ़ाई राहुल की बात आगे

# 'गुजरात के नेताओं ने कहा था आरएसएस के खिलाफ न बोलें...'

**भोपाल.** कांग्रेस नेता राहुल गांधी का गुजरात में कांग्रेस की संगठनात्मक कमजोरी के बारे में दिए बयान के बाद राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा 'मैं राहुल गांधी को उनके बयान के लिए बधाई देता हूं। मुझे याद है मैं जब एमपी के मुख्यमंत्री के रूप में गुजरात में प्रचार करने गया था तब मुझे गुजरात के नेताओं ने निर्देश दिए थे कि मैं आरएसएस के खिलाफ न बोलूं, हिंदू नाराज हो जाएंगे। संघ हिंदुओं का प्रतिनिधित्व नहीं करता। वह सिर्फ धर्म के नाम से हिंदुओं को गुमराह कर उनका शोषण करता है। हिंदुओं के धर्मगुरु शंकराचार्य की हजारों वर्षो की स्थापित परंपरा है वह आज भी कायम है। उनमें से कौन से शंकराचार्य हैं जो आज भाजपा के समर्थक हैं? भाजपा शोषक तत्वों का समूह है जिसका एक मात्र उद्देश्य है लोगों को धर्म के नाम पर लूट कर सत्ता हासिल करना।' दिग्विजय ने राहुल गांधी से आग्रह किया कि पार्टी के अंदर भाजपा समर्थकों पर कार्रवाई हो।

### गन्नों से लदा ट्रक पलटा, 6 की मौत

**मुंबई@ पत्रिका.** महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में सोमवार तड़के गन्नों से लदा ट्रक पलटने से छह मजदूरों की मौत हो गई, जबकि 11 घायल हो गए। सभी मजदूर ट्रक पर बैठे थे और पलटने के बाद गन्नों के नीचे दब गए।

**जर्मनी** हड़ताल से हजारों उड़ान प्रभावित



**बर्लिन @ पत्रिका.** जर्मनी में सोमवार को हवाईअड्डा कर्मचारियों की 24 घंटे की हड़ताल के कारण 5 लाख से अधिक यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। फ्रैंकफर्ट, म्यूनिख, बर्लिन और डसेलडोर्फ सहित 13 हवाईअड्डों पर हजारों उड़ानें रद्द कर दी गईं। अकेले फ्रैंकफर्ट में 1,116 में से 1,050 उड़ानें रद्द हो गईं। कर्मचारी यूनियन 'वेरदी' ने 8% वेतन वृद्धि या कम से कम 350 यूरो मासिक बढ़ोतरी की मांग की है।

# धोखाधड़ी में फंसे 300 भारतीय स्वदेश लौटे

**नई दिल्ली @ पत्रिका.** म्यांमार में नौकरी के नाम पर ले जाकर साइबर ठगी गिरोह में शामिल हुए 300 भारतीय नागरिक सोमवार को थाइलैंड के रास्ते स्वदेश लौटे। केंद्र सरकार ने उन्हें लाने के लिए परिवहन विमान सी-17 भेजा था। म्यांमार में चीनी ऑपरेटरों की ओर से संचालित ऑनलाइन धोखाधड़ी सिंडीकेट से पिछले दिनों 300 भारतीयों को रिहा किया गया था लेकिन वेम्यांमार-थाइलैंड में बुरी हालत में फंसे हुए थे। उनके परिजन यहां केंद्र सरकार ने उन्हें लाने की व्यवस्था की गुहार कर रहे थे।

# मुख्यमंत्री ने किया देश के 58वें टाइगर रिजर्व का लोकार्पण

**भोपाल @ पत्रिका.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को शिवपुरी जिले में नए टाइगर रिजर्व माधव नेशनल टाइगर रिजर्व में पन्ना से लाई बाघिन को छोड़ते हुए इसका लोकार्पण किया। इसके साथ टाइगर स्टेट मध्यप्रदेश अब सबसे ज्यादा टाइगर रिजर्व वाला प्रदेश भी हो गया है। माधव टाइगर रिजर्व मध्य प्रदेश का 9वां और देश का 58वां रिजर्व है। मध्य प्रदेश के टाइगर रिजर्व में बाघों की संख्या 985 हो गई है।


**वैज्ञानिक परीक्षण** ब्रिटेन के ट्रस्ट के प्रोजेक्ट से अहमदाबाद में कई को मिली राहत

# गर्मी में कच्ची बस्तियों के मकानों को ठंडा रखेगी सफेद छत

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**अहमदाबाद.** गुजरात के अहमदाबाद की कुछ कच्ची बस्तियों में सैकड़ों मकानों की छतों को सफेद रंग से रंगा गया है। इससे इन मकानों में रहने वालों को गर्मी से राहत मिली है। यह प्रक्रिया वैश्विक वैज्ञानिक परीक्षण का हिस्सा है। परीक्षण का मकसद यह जानना है कि विकासशील देशों के मकानों में गर्मी लोगों के स्वास्थ्य और आर्थिक हालात को कैसे प्रभावित करती है। सफेद ठंडी छतें कैसे उनकी मदद कर सकती हैं। जर्मनी की हाइडलबर्ग यूनिवर्सिटी की महामारी विशेषज्ञ अदिति बुनकर ब्रिटेन के वेलकम ट्रस्ट के इस प्रोजेक्ट का नेतृत्व कर रही हैं। बुनकर और उनकी टीम मकानों की छतों पर टाइटेनियम डाइऑक्साइड जैसी अत्यधिक रिफ्लेक्टिव पिगमेंट युक्त सफेद कोटिंग कर रही हैं। इससे सूर्य विकिरण वापस वायुमंडल में चली जाती हैं। बुनकर का कहना है कि सामाजिक-आर्थिक लिहाज से निम्न स्तर के कई मकानों में गर्मी को भीतर आने से रोकने के लिए कुछ नहीं है। छतों पर कोई इंसुलेशन भी नहीं होने से इनमें रहने वाले गर्मी में बेहाल रहते हैं। उन्होंने कहा कि ज्यादातर लोग असुरक्षित आवासीय परिस्थितियों में रह रहे हैं। जलवायु परिवर्तन के कारण भारत में गर्मी का मौसम मुश्किलों भरा हो गया है। अहमदाबाद जैसे शहरों में तापमान 46 डिग्री सेल्सियस से पार जाना आम हो गया है।

*टाइटेनियम डाइऑक्साइड की कोटिंग लौटा देती है सूर्य विकिरण*



### स्वास्थ्य और वातावरण का जुटाएंगे डेटा

**अहमदाबाद** में यह परीक्षण एक साल चलेगा। वैज्ञानिक ठंडी छत के नीचे रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य और मकान के अंदर के वातावरण से जुड़ा डेटा जुटाएंगे। जो लोग ठंडी छत के नीचे नहीं रहते हैं, उनका भी डेटा इकट्ठा किया जाएगा। बुनकर का कहना है कि सफेद छत से तापमान मिट्टी की छत के मकानों में 1.2 डिग्री सेल्सियस और टिन की छत वाले मकानों में 1.7 डिग्री सेल्सियस तक कम हो जाता है।

**बिजली का बिल भी घट गया**

**अहमदाबाद** की वंजारावास बस्ती में 2,000 मकानों में से ज्यादातर एक कमरे वाले हैं। प्रोजेक्ट के तहत सफेद छत करवा चुके नेहल विजयभाई भील का कहना है, फर्क महसूस हुआ है। अब फ्रिज गर्म नहीं होता और मकान ठंडा लगता है। बिजली का बिल भी कम आता है। पहले छतों पर घास बिछाई जाती थी, लेकिन ज्यादा राहत नहीं मिलती थी।

### 'अदालत की लाइव स्ट्रीमिंग का दुरुपयोग चिंताजनक'

**नई दिल्ली @ पत्रिका.** सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बीआर गवई ने कंटेंट निर्माताओं की ओर से अदालती कार्यवाही के लाइवस्ट्रीम वीडियो के दुरुपयोग पर चिंता व्यक्त की हैं और कहा है कि इस पर रोक के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कंटेंट क्रिएटर्स इन लाइव स्ट्रीमिंग से छोटी क्लिप बनाते हैं और उसके जरिये कार्यवाही को सनसनीखेज बना कर गलत सूचना फैलाते हैं। केन्या में वहां के सुप्रीम कोर्ट की ओर आयोजित एक कार्यक्रम में जस्टिस गवई ने कहा कि भारत में अदालती कार्यवाही की लाइव स्ट्रीमिंग से न्यायिक क्षेत्र में पारदर्शिता बढ़ी है लेकिन कुछ चिंताएं भी हैं।

**महाराष्ट्र :** मंत्री ने विधान परिषद में जानकारी दी

# मुंबई इको-सेंसिटिव जोन के 102 नक्शे फर्जी पाए गए

**मुंबई.** महाराष्ट्र के मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने सोमवार को राज्य विधान परिषद को बताया कि मुंबई के उपनगरों में इको-सेंसिटिव जोन वाले गांवों के कम से कम 102 नक्शे फर्जी पाए गए हैं। राजस्व मंत्री बावनकुले मुंबई के उपनगरों में इको-सेंसिटिव क्षेत्रों के नक्शों की जालसाजी के खुलासे के संबंध में भाजपा एमएलसी विक्रांत पाटिल के एक सवाल का जवाब दे रहे थे। बावनकुले ने स्वीकार किया कि यह गड़बड़ी लंबे समय से चली आ रही थी और 2020 में तब सामने आई थी जब मालवन, पोइसर और एरंगल क्षेत्रों के मूल रिकॉर्ड के साथ छेड़छाड़ पाई गई। बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेश के आधार पर एक विशेष जांच दल के गठन के साथ इस मामले में दो सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों समेत नौ लोग गिरफ्तार किए जा चुके हैं। 11 सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय जांच भी शुरू की जा चुकी है।

**चैंपियंस ट्रॉफी:** न्यूजीलैंड-ऑस्ट्रेलिया से टेस्ट सीरीज में मिली हार के बाद आलोचकों के निशाने पर थी भारतीय टीम

# कोच और कप्तान का 'मास्टरस्ट्रोक'

## विपक्षी टीमों को चक्रव्यूह में फंसाया

**नई दिल्ली @ पत्रिका.** पिछले कुछ महीने भारतीय टीम के लिए अच्छे नहीं रहे थे। न्यूजीलैंड व ऑस्ट्रेलिया से टेस्ट सीरीज हारने के बाद कप्तान रोहित शर्मा और मुख्य कोच गौतम गंभीर आलोचकों के निशाने पर थे। चैंपियंस ट्रॉफी में इन दोनों का करियर दांव पर था। ऐसे में दोनों ने ऐसे चक्रव्यूह की रचना की, जिसमें विपक्षी टीमों को बाहर निकलने का रास्ता नहीं मिला और टीम इंडिया ने 12 साल बाद चैंपियंस ट्रॉफी जीत ली।



### भारत का दबदबा...

**05** मैच भारतीय टीम ने ***चैंपियंस ट्रॉफी में खेले और सभी जीते***

**24** मैच पिछले तीन आइसीसी इवेंट में ***भारत ने खेले, 23 जीते, 1 हारे***

### आइसीसी टीम में 6 भारतीय खिलाड़ी

**दुबई.** आइसीसी ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की टीम ऑफ द टूर्नामेंट घोषित कर दी। इस टीम में चैंपियन बनने वाली भारतीय टीम के छह खिलाड़ियों को जगह दी गई है।

**टीम :** विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, मोहम्मद शमी, वरुण चक्रवर्ती (भारत), मिचेल सेंटनर, रचिन रवींद्र, ग्लेन फिलिप्स, मैट हेनरी (न्यूजीलैंड), इब्राहिम जादरान, अजमतुल्लाह उमरजेइ (अफगानिस्तान)। **12वां खिलाड़ी :** अक्षर पटेल (भारत)

**छह सूत्री फॉर्मूला**

## मजबूत रणनीति, एकजुटता और जज्बे ने बनाया टीम इंडिया को चैंपियन

### छह परफेक्ट गेंदबाज उतारे

**1** कोच गंभीर का मानना है कि बल्लेबाज मैच जिताते हैं लेकिन टूर्नामेंट गेंदबाज जिताते हैं। ***इसलिए टीम में छह ऐसे गेंदबाज होने चाहिए जो पूरे 10 ओवर फेंक सकें, फिर भले ही एक बल्लेबाज कम क्यों ना किया जाए।*** चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम ने यही फॉर्मूला अपनाया, जो काम कर गया।

**43** विकेट भारतीय गेंदबाजों ने ***टूर्नामेंट के पांच मैचों में झटके***

### नंबर-5 पर अक्षर को उतारा

**2** भारतीय टीम ने 2023 वनडे विश्व कप में खेलने वाले सूर्यकुमार यादव को मध्यक्रम में जगह दी थी लेकिन इस बार उन्हें टीम में नहीं चुना। ***उनके स्थान पर अक्षर पटेल पर दांव लगाया और उन्हें पांचवें नंबर पर उतारा गया। अक्षर से भारतीय टीम को एक अतिरिक्त गेंदबाज भी मिला।***

**109** रन 5 मैचों में अक्षर पटेल ने बनाए व ***पांच विकेट चटकाए***

### 5 स्पिन गेंदबाजों का चयन टर्निंग प्वाइंट

**3** जब पांच स्पिनर जडेजा, वाशिंगटन सुंदर, वरुण चक्रवर्ती, अक्षर पटेल और कुलदीप को टीम में शामिल किया तो काफी आलोचना हुई। यह कहा गया कि टीम में एक अतिरिक्त पेसर होना चाहिए। इसके बाद अंतिम एकादश में चार स्पिनर शामिल किए गए। यह रणनीति मैच जिताऊ साबित हुई।

**26** विकेट भारतीय ***स्पिनरों ने कुल टूर्नामेंट में झटके***

### वरुण चक्रवर्ती तुरुप का पत्ता साबित हुए

**4** भारतीय टीम ने जब पहली टीम घोषित की थी, उसमें वरुण चक्रवर्ती का नाम नहीं था। लेकिन बाद में ***यशस्वी जायसवाल को हटाकर वरुण चक्रवर्ती को टीम में जगह दी गई। इस फैसले की भी आलोचना हुई*** लेकिन आखिर में वरुण टीम इंडिया के लिए ट्रंप कार्ड साबित हुए।

**09** विकेट सिर्फ ***तीन मैचों में हासिल किए***

### राहुल को फिनिशर की भूमिका

**5** टीम इंडिया ने तमाम आलोचनाओं के बावजूद लोकेश राहुल पर भरोसा कायम रखा और उन्हें फिनिशर की भूमिका सौंपी। टीम में ऋषभ पंत भी थे, जो विस्फोटक बल्लेबाजी कर सकते हैं ***लेकिन टीम प्रबंधन छठे नंबर पर लोकेश राहुल जैसा तकनीकी रूप से मजबूत बल्लेबाज चाहती थी।***


**140** रन पांच मैचों में बनाए और ***3 बार नॉटआउट रहे***

### शमी ने की बुमराह की भरपाई

**6** जसप्रीत बुमराह के चोटिल होने के बाद टीम प्रबंधन ने मोहम्मद शमी पर भरोसा जताया। शमी चोट से उबरकर लंबे समय बाद वापसी कर रहे थे, लेकिन ***टूर्नामेंट से पहले ही उन्हें चैंपियंस ट्रॉफी में उनकी भूमिका के बारे में समझाया गया और उन्हें मानसिक रूप से तैयार किया गया।***

**09** विकेट तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने ***पांच मैचों में झटके***

### घर लौटे कोच गंभीर और कप्तान रोहित शर्मा का फीका रहा स्वागत



**आइसीसी** टी-20 विश्व कप जीतकर जब भारतीय टीम घर लौटी थी तो उसका जोरदार स्वागत हुआ था। लेकिन चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद घर लौटे भारतीय खिलाड़ियों का फीका स्वागत रहा। हालांकि खिलाड़ी भी अलग-अलग ग्रुप में अपने शहरों के लिए रवाना हुए।



**शानदार:** 2011 में वनडे विश्व कप से हुई शुरुआत

## आइसीसी टूर्नामेंट में विराट के नाम सर्वाधिक जीत का रेकॉर्ड

**17** आइसीसी टूर्नामेंट सर्वाधिक रोहित ने, ***16 विराट ने खेले***



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** भारतीय टीम के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली आइसीसी टूर्नामेंट में सर्वाधिक जीत हासिल करने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। विराट के नाम कप्तान रोहित शर्मा के साथ सर्वाधिक चार आइसीसी खिताब हैं। इस दौरान विराट और रोहित ने आइसीसी टूर्नामेंट में कुल 90-90 मैच खेले हैं। इस दौरान विराट ने 72 और रोहित ने 70 मैच जीते हैं। इन टूर्नामेंट में वनडे विश्व कप, टी-20 विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी शामिल हैं।

### चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के टॉप स्कोरर

**विराट** कोहली आइसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में सर्वाधिक रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं। उनके नाम 18 मैचों में एक शतक और छह अर्धशतकों के साथ 747 रन हैं। इस सूची में शीर्ष पर वेस्टइंडीज के क्रिस गेल हैं, जिनके नाम 17 मैचों में 791 रन हैं। इसमें तीन शतक और एक अर्धशतक शामिल है। रोहित के नाम 15 मैचों में एक शतक और पांच अर्धशतक के साथ 661 रन हैं।

### इन तीन के नाम आइसीसी में सर्वाधिक मैच

| बल्लेबाज | देश | मैच | जीते |
|---|---|---|---|
| विराट कोहली | भारत | 90 | 72 |
| रोहित शर्मा | भारत | 90 | 70 |
| माहेला जयवर्धने | श्रीलंका | 93 | 57 |

### हमारे पास ऐसी टीम, जो अगले 8 साल तक राज कर सके: विराट

**विराट कोहली** ने चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद कहा कि भारतीय क्रिकेट का भविष्य सुरक्षित हाथों में है। विराट ने कहा, जब आप जाते हैं तो सोचते हैं कि एक बेहतर टीम छोड़कर जाएं। मेरा मानना है कि हमारे पास एक ऐसी टीम है, जो अगले आठ वर्षों तक राज कर सके। विराट ने कहा, ड्रेसिंगरूम में काफी प्रतिभावान खिलाड़ी हैं। वे अपने खेल को उच्च स्तर पर ले जाना चाहते हैं। उनके साथ मुझे अपने अनुभव साझा करने और उनकी मदद करने में खुशी होती है।

***ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद वापसी करना चाहते थे:*** विराट ने कहा कि हम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में मिली हार को भुलाकर वापसी करना चाहते थे। उन्होंने कहा, ऑस्ट्रेलिया के कड़े दौरे के बाद हम वापसी करना और बड़ा टूर्नामेंट जीतना चाहते थे। आखिर में हम ऐसा करने में सफल रहे।

### आज का पोल

**क्या आइपीएल में हैरी ब्रूक के खेलने पर दो साल का प्रतिबंध लगाना सही है?**

YES | NO

हमारे एक्स/फेसबुक पेज पर जाएं और विस्तार से अपनी राय रखें। @PatrikaNews

**सोमवार का जवाब**

हां 15% नहीं 85%

***पिछला सवाल:*** क्या नोवाक जोकोविच को टेनिस से संन्यास ले लेना चाहिए?

**हेल्थ मिनिस्ट्री की मांग**

### शराब और तंबाकू के विज्ञापन हों बंद

**नई दिल्ली@ पत्रिका.** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने पत्र लिखकर आइपीएल और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड से स्टेडियमों के साथ-राष्ट्रीय टेलीविजन पर ब्रॉडकास्ट सत्रों के दौरान, सरोगेट विज्ञापनों सहित, सभी तरह के तंबाकू और शराब के विज्ञापनों पर प्रतिबंध लगाने को कहा है। आइपीएल के अध्यक्ष अरुण सिंह धूमल को लिखे पत्र में, स्वास्थ्य सेवाओं के महानिदेशक अतुल गोयल ने सभी आयोजनों में इन उत्पादों की बिक्री को खत्म करने की भी मांग की है।

**आइपीएल-2025:** बीसीसीआइ नियमों के अनुसार इंग्लिश खिलाड़ी को झेलना होगा 2 साल का प्रतिबंध

## हैरी ब्रूक ने दिल्ली कैपिटल्स से तोड़ा अनुबंध

### 6.25 करोड़ रुपए में खरीदा था दिल्ली ने

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**लंदन.** इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रूक आइपीएल-2025 से हट गए हैं। उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के साथ अपना अनुबंध समाप्त कर दिया है। दिल्ली ने ब्रूक को 6.25 करोड़ रुपए की राशि में खरीदा था। लेकिन अब ब्रूक ने इस टीम फ्रेंचाइजी का साथ छोड़ दिया है, जिसके लिए उन्हें 2 साल का प्रतिबंध झेलना पड़ेगा।



### विदेशी खिलाड़ियों के लिए ये नियम

**भारतीय** क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के आइपीएल से जुड़े नियमों के अनुसार अगर कोई विदेशी खिलाड़ी नीलामी में चुने जाने के बाद इस टूर्नामेंट में नहीं खेलता है तो उस पर आइपीएल में खेलने पर दो साल का प्रतिबंध लगाया जा सकता है। हालांकि अगर खिलाड़ी चोटिल है तो उसे इस नियम में छूट दी जा सकती है। पिछले सीजन हैरी ब्रूक अपनी दादी के निधन के कारण लीग से हट गए थे।

***टीम और प्रशंसकों से माफी मांगता हूं:*** मैंने आइपीएल से नाम वापस लेने का बहुत कठिन फैसला लिया है। मैं दिल्ली कैपिटल्स और उनके समर्थकों से बिना शर्त माफी मांगता हूं। यह इंग्लैंड क्रिकेट के लिए वास्तव में महत्वपूर्ण समय है और मैं आगामी सीरीज की तैयारी के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध होना चाहता हूं मुझे पता है कि हर कोई इसे नहीं समझेगा, और मैं उनसे इसकी उम्मीद भी नहीं करता।

**महिला क्रिकेट**

### मुंबई ने गुजरात को नौ रन से दी शिकस्त



हरमनप्रीत, कप्तान, मुंबई।

**ब्रेबोन@ पत्रिका.** मेजबान मुंबई इंडियंस ने सोमवार को यहां खेले गए महिला प्रीमियर लीग टी-20 में गुजरात जायंट्स को नौ रन से शिकस्त दी। मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 179 रन बनाए। जवाब में गुजरात की टीम निर्धारित 20 ओवर में 170 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। मुंबई की टीम सात मैचों में पांचवीं जीत से तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई। मुंबई की कप्तान हरमनप्रीत ने 33 गेंदों में 54 रन की पारी खेली। प्लेयर ऑफ द मैच बनीं हरमन ने नौ चौके लगाए।

**राष्ट्रमंडल खेल**

### महासंघ का नाम बदला गया

**लंदन @ पत्रिका.** राष्ट्रमंडल खेल महासंघ (सीजीएफ) ने सोमवार को अपना नाम बदलकर राष्ट्रमंडल खेल कर लिया और कहा कि यह संचालन संस्था से एक 'आंदोलन' बनने का बदलाव है। नाम बदलने के फैसले की घोषणा 10 मार्च को राष्ट्रमंडल दिवस के मौके पर की गई। राष्ट्रमंडल खेल नाम ज्यादा दर्शकों को इससे सीधे जोड़ेगा।

**हॉकी इंडिया अवॉर्ड:** श्रीजेश, सविता व हरमन नामित

## इस बार 12 करोड़ रुपए की रेकॉर्ड पुरस्कार राशि

**नई दिल्ली@ पत्रिका.** हॉकी इंडिया ने सातवें वार्षिक पुरस्कारों के लिए 12 करोड़ रुपए की रेकॉर्ड पुरस्कार राशि की घोषणा की, जिसके लिए आठ श्रेणियों में 32 खिलाड़ियों को नामित किया है। यह समारोह शनिवार को होगा, जिसमें 2024 सत्र में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। इनमें पीआर श्रीजेश, सविता व हरमनप्रीत सिंह को भी नामित किया गया है।



***100 वर्ष पूरे होने का जश्न:*** इस वर्ष के पुरस्कार उसी दिन दिए जाएंगे जिस दिन 50 साल पहले 1975 में भारतीय पुरुष टीम ने विश्व कप जीता था।

**स्पेनिश ला लीगा:** रियाल मैड्रिड ने रायो वालेकानो को हराया

## 25 मैचों में एम्बापे ने किए 18 गोल

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**मैड्रिड.** किलियन एम्बापे और विंसियस जूनियर के चार मिनट के भीतर किए गए दो गोल की बदौलत रियाल मैड्रिड ने स्पेनिश ला लीगा मुकाबले में रायो वालेकानो को 2-1 से हरा दिया। इस जीत के साथ ही रियाल ने ला लीगा की तालिका में शीर्ष पर मौजूद बार्सिलोना की बराबरी कर ली है। दोनों के एक समान 57-57 अंक हैं। एम्बापे ने मैच के 30वें व विंसियस ने 34वें मिनट में गोल किया। एम्बापे ने रियाल के लिए अपने 25 मैचों में 18 गोल किए हैं, जिससे वे दूसरे सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बने। क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने स्पेनिश क्लब के लिए पहले 25 मैचों में 20 गोल किए थे।




**04 मिनट** में दागे दो गोल

***2-1 से जीता*** रियाल मैड्रिड

विंसियस व एम्बापे जश्न मनाते हुए।

**टेनिस** // दिग्गज सर्बियाई खिलाड़ी नोवाक जोकोविच के पिता सर्जान ने स्विस स्टार पर लगाया आरोप

## नोवाक के पिता बोले, फेडरर ने मेरे बेटे संग कई बार बुरा बर्ताव किया



रोजर फेडरर

### 'हम आगे बढ़ गए हैं'

**2006** की घटना के बारे में फेडरर ने एक बार कहा था कि उस समय में नोवाक से गुस्सा जरूर हुआ था, लेकिन अब हम आगे बढ़ गए हैं। मेरे और नोवाक के बीच एक स्वस्थ प्रतिद्वंद्विता है।

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**बेलग्रेड.** टेनिस जगत के दो दिग्गज खिलाड़ी रोजर फेडरर और नोवाक जोकोविच जब भी आमने-सामने होते थे तो एक रोमांचक टक्कर देखने को मिलती थी। दोनों ही खिलाड़ियों ने कभी एक-दूसरे को लेकर कोई विवादित टिप्पणी नहीं की, लेकिन सर्बियाई खिलाड़ी जोकोविच के पिता सर्जान ने दावा किया है कि फेडरर ने उनके बेटे को नीचा दिखाने की हरसंभव कोशिश की। सर्जान ने एक इंटरव्यू में कहा कि फेडरर ने अपने करियर के दौरान कई मौकों पर नोवाक के साथ बुरा बर्ताव किया।

**20 ग्रैंड स्लैम** जीते हैं ***फेडरर ने अपने करियर में***

**24 ग्रैंड स्लैम** जीतने का रेकॉर्ड है ***जोकोविच के नाम***

**50 मैच** खेले दोनों ने फेडरर के रिटायर होने से पहले, ***27 जोकोविच ने जीते, जबकि 23 मैच फेडरर ने जीते***



जोकोविक अपने पिता के साथ

### हमारा भी अपमान किया

सर्जान ने 2008 की एक और घटना का हवाला दिया कि मोंटे कार्लो मास्टर्स के सेमीफाइनल में फेडरर और जोकोविच के बीच टक्कर थी। तब मैच में पिछड़ने से बौखलाए फेडरर ने हमारी ओर चुप रहने का इशारा किया था।

### 2006 के डेविस कप मैच में किया अपमान

**सर्जान** ने बताया कि 2006 में स्विट्जरलैंड और सर्बिया के बीच डेविस कप मैच था। उस मुकाबले में जोकोविच ने स्विस खिलाड़ी स्टेनिस्लास वावरिंका को पांच सेटों तक चले कड़े संघर्ष में हराया था। तब 19 साल के रहे नोवाक ने मैच के दौरान लगातार मेडिकल टाइमआउट लिए, जिससे फेडरर चिढ़ गए थे।

***दिखाई असंवेदनशीलता:*** सर्जान ने कहा, फेडरर भले ही महान खिलाड़ी हैं, लेकिन उन्होंने उस समय असंवेदनशीलता दिखाई। उन्होंने स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे 19 वर्षीय युवा खिलाड़ी नोवाक पर आरोप लगाए। भले ही फेडरर खुद को दुनिया का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी दिखाते हैं, लेकिन वे एक अच्छे इंसान तक नहीं हैं।

### CROSSWORD (वर्ग पहेली) 7280...



**बाएं से दाएं...** 1. विरोध, प्रतिकूलता (4), 4. विद्रोह, विप्लव (4), 7. लक्ष्मण (3), 8. वक्त, बेला, अवधि (3), 9. भयभीत, अधीर (3), 10. अदालत आदि में दिया गया वक्तव्य (3), 12. मैं का बहुवचन (2), 15. लती, स्वभावत: (4), 18. दुराचरण (4), 19. दानी, सदावर्ती, दाता (4), 21. मूल्य, विचार, ख्याल (2), 22. पचाने की क्रिया (3), 24. सीधा, आसान (3), 27. छल, फरेब (2), 28. अश्रु, आंसू (3-2)

**ऊपर से नीचे...** 1. खेल, मन बहलाव (4), 2. सौ हजार (2), 3. हुनरमंद, कलाकार (4), 4. शिव को प्रसन्न करने के लिए उच्चारित शब्द (2), 5. लुप्त, नदारद (3), 6. गर्मी, आंच (3), 8. देश/राज्य की सीमा (4), 11. रात्रि, निशा (2), 13. वोट देना (4), 14. चयन, चुनने की क्रिया (3), 15. इस सिरे से उस सिरे तक (2-2), 16. ईसाई सेविका (2), 17. पीड़ा, दर्द (2), 18. भाग्यहीन, हतभाग्य (3), 20. बहादुर, शूर (2), 23. रीति-रिवाज, चाल (3), 24. मित्र, दोस्त (2), 25. ज्ञान, इल्म, आभास (2), 26. मकान, गृह (2)

**हल 7279**




### SUDOKU 7015...

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | 8 | | 6 | | |
| 6 | 3 | | | 5 | 1 | | | |
| | | 4 | | | | | | |
| 2 | 8 | | 4 | 9 | | 1 | 3 | |
| | | | | 7 | 3 | 4 | 2 | 5 |
| | | | | | 2 | | | |
| | 2 | | 5 | | | 7 | | |
| 1 | 7 | | | | 8 | | | |
| 4 | | | 7 | | 6 | 2 | 9 | 3 |

**हल 7014**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 8 | 7 | 2 | 6 | 9 | 3 | 4 | 1 |
| 1 | 6 | 3 | 4 | 8 | 7 | 2 | 9 | 5 |
| 4 | 2 | 9 | 3 | 1 | 5 | 8 | 7 | 6 |
| 7 | 1 | 2 | 5 | 4 | 8 | 9 | 6 | 3 |
| 8 | 4 | 6 | 9 | 2 | 3 | 1 | 5 | 7 |
| 3 | 9 | 5 | 1 | 7 | 6 | 4 | 2 | 8 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 5 | 4 | 6 | 1 | 2 |
| 6 | 5 | 1 | 8 | 9 | 2 | 7 | 3 | 4 |
| 2 | 7 | 4 | 6 | 3 | 1 | 5 | 8 | 9 |

**कैसे खेलें:** वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। कोई अंक दुबारा नहीं आए।




## काशी विश्वनाथ में होली की धूम, उड़े रंग-गुलाल

**वाराणसी.** रंगों और भक्ति से सराबोर रंगभरी एकादशी के अवसर पर काशी विश्वनाथ मंदिर में भक्तों ने हर्षोल्लास के साथ होली महोत्सव मनाया। भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह उपरांत काशी आगमन की इस परंपरा में श्रद्धालुओं ने अबीर-गुलाल उड़ाकर उत्सव मनाया। हर हर महादेव के जयकारों के बीच मंदिर प्रांगण भक्ति, रंग और उल्लास से सराबोर हो उठा।

## यूपी: रास्ता काटा तो बिल्ली को जिंदा जलाया

**मुरादाबाद @ पत्रिका.** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में एक बिल्ली के रास्ते में आने के बाद उसे पकड़ कर जिंदा जलाने के आरोप में एक महिला और उसके दोस्तों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बिल्ली को जलाते हुए वीडियो भी बनाया। घटना भोजपुर थाना क्षेत्र में हुई। एक वीडियो के साथ ईमेल से शिकायत मिलने पर कार्रवाई की गई। जिस बाइक पर वे सवार थे, उसके रजिस्ट्रेशन नंबर से भोजपुर की प्रिया नाम की महिला का पता चला। आरोपियों पर वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। दोषी पाए जाने पर तीन साल की जेल और 1 लाख रुपए का जुर्माना हो सकता है।

## एक्स: एक दिन में तीन बार ठप हुआ

**नई दिल्ली @ पत्रिका.** एलन मस्क के स्वामित्व वाला माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म 'एक्स' सोमवार को दोपहर 3.30 बजे से रात 9 बजे के बीच 3 बार वैश्विक आउटेज का शिकार हो गया। भारत समेत कई देशों में कुछ यूजर इसे एक्सेस नहीं कर सके। 40,000 से ज्यादा यूजर ने रुकावट की शिकायत की।


**बजट सत्र 2.0:** डीएमके के विरोध के बाद लोकसभा आधा घंटे के लिए स्थगित

# वोटर लिस्ट-भाषा विवाद पर संसद में हंगामा, विपक्ष ने किया वॉकआउट

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**नई दिल्ली.** संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण का पहला दिन ही दोनों सदनों में खासा हंगामेदार रहा। राज्यसभा और लोकसभा में कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों ने वोटर लिस्ट में गड़बड़ी का मुद्दा उठाया। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने इस पर विशेष चर्चा की मांग की। जबकि राज्यसभा में विशेष चर्चा की मांग को लेकर संयुक्त विपक्ष ने वॉकआउट किया। लोकसभा में डीएमके ने नई शिक्षा नीति में त्रिभाषा फार्मूले के नाम पर हिंदी थोपने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया जिससे सदन की कार्यवाही आधा घंटे के लिए स्थगित करनी पड़ी।

दरअसल, शून्यकाल में टीएमसी सांसद सौगत राय ने पश्चिम बंगाल के कुछ मतदाताओं की वोटर आइडी की हरियाणा में डुप्लीकेसी का मामला उठाया। राय ने कहा कि सरकार की बनाई वोटर लिस्ट पर कार्रवाई होनी चाहिए। इस पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि सरकार वोटर लिस्ट नहीं बनाती है। इस पर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि यह सही बात है लेकिन पूरे देश में वोटर लिस्ट पर सवाल उठ रहे हैं। पूरा विपक्ष चाहता है कि इस पर सदन में चर्चा होनी चाहिए। इस दौरान थोड़ी देर सदन में हंगामे के हालात बने। राज्यसभा में भी डीएमके, सीपीआइ, टीएमसी, आम आदमी पार्टी ने यह मुद्दा उठाया। नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सभी काम रोककर वोटर लिस्ट पर चर्चा की मांग की। उपसभापति हरिवंश ने स्थगन प्रस्ताव खारिज किया तो सदन में हंगामा हो गया। संयुक्त विपक्ष के सदस्य नारेबाजी करते हुए वॉक आउट कर गए। बाद में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक्स पोस्ट में कहा कि लोकतंत्र और संविधान के मूल्यों की रक्षा के लिए वोटर लिस्ट पर चर्चा जरूरी है।


ओम बिरला


दयानिधि मारन

### मंत्री की टिप्पणी पर विवाद, खेद जताया

**लोकसभा** में डीएमके सदस्यों ने नई शिक्षा नीति में त्रिभाषा फार्मूले का विरोध करते हुए कहा कि यह तमिलनाडु को स्वीकार्य नहीं है। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इस मुद्दे पर डीएमके पर राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कुछ कड़ी टिप्पणी कर दी जिससे डीएमके सदस्य उत्तेजित हो गए। कनिमोझी ने इसका जोरदार विरोध किया। हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही आधा घंटे के लिए स्थगित करनी पड़ी। बाद में शिक्षा मंत्री ने खेद प्रकट करते हुए शब्द वापस ले लिए। उनकी टिप्पणियों को रिकॉर्ड से निकाल दिया गया।

### स्पीकर बिरला बोले
### आसन को धमकी दी तो कार्रवाई करूंगा

**भाषा** विवाद पर गर्मागर्मी के बीच डीएमके के दयानिधि मारन ने लोकसभा अध्यक्ष की कार्यशैली पर टिप्पणी कर दी। इस पर बिरला ने कहा कि मारन आसन को धमकी दे रहे हैं, कोई भी सदन की मर्यादा का उल्लंघन करेगा, तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। बिरला ने कहा, कनिमोझी को मौका दिया है, मंत्री के शब्द वापस लेने के साथ इसे कार्यवाही से हटा दिया है। इसके बावजूद ऐसी टिप्पणी स्वीकार्य नहीं है।

***विपक्ष को चाहिए री-फ्रेशर कोर्स: नड्डा...*** राज्यसभा में सदन के नेता जेपी नड्डा ने कहा कि विपक्ष गैर जिम्मेदाराना रवैया अपना रहा है, संसद की गरिमा को ठेस पहुंचा रहा है। सरकार नियम के तहत किसी भी मुद्दे पर चर्चा को तैयार है। नेता विपक्ष सहित सभी विपक्षी नेताओं के लिए री-फ्रेशर कोर्स चलाना चाहिए।

### पत्रिका पोल

Q अदालती आदेशों की पालना न होने पर क्या अफसरों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई होनी चाहिए?

कल का सवाल था
क्या AI पर ज्यादा निर्भरता से बौद्धिक क्षमता में कमी आ रही है?

जवाब
94% हां | 6% नहीं

क्यूआर कोड स्कैन करें...

**तेजस्वी यादव होंगे महागठबंधन के सीएम फेस? पप्पू यादव बोले- ये हमारी परिपाटी नहीं**

बिहार की प्रमुख खबरें पढ़ने के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें

**बस्ती में एनएच 28 पर दर्दनाक सड़क हादसा, कार कंटेनर से टकराई, 5 मरे**

उत्तर प्रदेश की प्रमुख खबरें पढ़ने के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें

### वर्ल्ड @ शॉर्ट रीड

**रूस** दो ब्रिटिश राजनयिकों को निकाला

**मॉस्को @ पत्रिका.** रूस ने सोमवार को दो ब्रिटिश राजनयिकों पर जासूसी का आरोप लगाकर उन्हें दो सप्ताह के भीतर देश छोड़ने का आदेश दिया। ब्रिटेन ने आरोपों को निराधार बताया। रिपोर्ट के अनुसार, यूक्रेन को ब्रिटिश सैन्य समर्थन व प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर की शांति सेना भेजने की योजना से रूस नाराज है। यह निष्कासन तब हुआ है जब लंदन में तीन बुल्गारियनों को रूस के लिए जासूसी का दोषी पाया गया है।

### अजब गजब

#### एक मिनट में खाई 313 ग्राम स्ट्रॉबेरी



**लंदन @ पत्रिका.** ब्रिटेन की लिआ शुटकेवर ने 60 सेकंड में 313 ग्राम स्ट्रॉबेरी खाकर नया गिनीज वर्ल्ड रेकॉर्ड बनाया। गिनीज वर्ल्ड रेकॉर्ड्स ने उनका वीडियो शेयर कर यह जानकारी दी। शुटकेवर अपनी तेज खाने की क्षमता के लिए जानी जाती हैं और इससे पहले भी कई फूड चैलेंज रिकॉर्ड अपने नाम कर चुकी हैं।

#### किड्ज बॉप बना मेन परफॉर्मर



**लंदन @ पत्रिका.** बच्चों के मशहूर म्यूजिक ग्रुप 'किड्ज बॉप' ने एरिना शो में मेन परफॉर्मर बनकर नया गिनीज वर्ल्ड रेकॉर्ड बनाया है। 14 साल की औसत उम्र वाले इस समूह ने लंदन में प्रस्तुति देकर जस्टिन बीबर का रेकॉर्ड तोड़ा है, जिन्होंने 16 साल की उम्र में वेम्बली स्टेज पर परफॉर्म किया था।

**सीएजी विरोधी प्रदर्शन**

## आरोप तय: शरजील हिंसा की साजिश का सरगना

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** दिल्ली की एक अदालत ने शहर के जामिया नगर इलाके में 2019 के सीएए विरोधी प्रदर्शनों के दौरान हिंसा के मामले में शरजील इमाम, आसिफ इकबाल तन्हा और 9 अन्य के खिलाफ आरोप तय किए हैं।

साकेत कोर्ट के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश विशाल सिंह ने कहा कि शरजील इमाम हिंसा भड़काने के साथ इस बड़ी साजिश का सरगना भी था। कोर्ट ने कहा कि पीएचडी डिग्रीधारी शरजील ने चालाकी से लोगों को उकसाया। उसके भाषण एक-दूसरे के धर्म के प्रति गुस्सा और घृणा भड़काने वाला था जिससे लोग स्वाभाविक रूप से सड़कों पर गैरकानूनी रूप से एकत्रित हो गए। यह लोग व्यापक हिंसा को अंजाम दे सकते थे। कोर्ट ने कहा कि भले ही भीड़ चक्का जाम करते समय हिंसा और आगजनी में लिप्त न हो, फिर भी यह समाज के एक वर्ग द्वारा दूसरे वर्ग के खिलाफ हिंसक कृत्य माना जाएगा। कोर्ट ने 14 लोगों पर चार्ज फ्रेम नहीं कर उन्हें आरोपमुक्त कर दिया।

**गुजरात:** इंडिया की जीत के जश्न में हिंसा, 11 गिरफ्तार

**गांधीनगर. महू @ पत्रिका.** गुजरात के गांधीनगर में भारत के आइसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के जश्न में बाइक रैली के बाद हिंसा भड़क गई। रविवार रात देहगाम में रैली के दौरान मस्जिद के पास तेज हॉर्न बजाने पर विवाद हुआ। झड़प में लाठी-डंडे चले। पुलिस ने 11 लोगों को हिरासत में लिया है। वहीं, मध्य प्रदेश के महू में जश्न वाली रैली पर पथराव में 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। घटना रविवार देर रात हुई थी, जिसमें 4 लोग घायल हो गए।

**महिला साक्षरता:** देश में औसत 74.6% महिलाएं साक्षर

## राजस्थान बॉटम पर, एमपी की भी हालत बुरी

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**नई दिल्ली.** देश में महिला दिवस दो दिन पहले ही मनाया गया है। सरकारों के प्रयास के बावजूद महिला साक्षरता दर अब भी चिंताजनक बनी हुई है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक देश में महिलाओं की औसत साक्षरता दर 74.6% है। जबकि राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ समेत देश के 9 राज्यों की महिलाओं की साक्षरता देश की औसत से काफी कम है। महिला साक्षरता में राजस्थान (65.8%) सबसे पिछड़ा प्रदेश है। सूची में एमपी नीचे से चौथे और छत्तीसगढ़ छठे नंबर पर है। शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) 2023-24 के तहत तैयार महिला साक्षरता के आंकड़ों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महिला साक्षरता दर में सुधार के लिए केंद्र अप्रेल 2022 से नव भारत साक्षरता कार्यक्रम चला रहा है।

| टॉप 4 राज्य | | बॉटम 3 राज्य | |
|---|---|---|---|
| प्रदेश | साक्षरता | प्रदेश | साक्षरता |
| मिजोरम | 97.0% | मध्यप्रदेश | 67.0% |
| नगालैंड | 94.1% | आंध्र | 66.8% |
| केरल | 94.0% | बिहार | 66.1% |
| मेघालय | 93.5% | राजस्थान | 65.8% |

**तस्करी मामला:** 24 तक न्यायिक हिरासत में भेजा

## अदालत में रो पड़ीं रन्या, एजेंसी पर लगाया बदतमीजी का आरोप

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**बेंगलूरु.** सोने की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार कन्नड़ अभिनेत्री रन्या राव (33) को सोमवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। डीआरआइ ने सोमवार को रन्या को आर्थिक अपराधों के लिए विशेष अदालत के समक्ष पेश किया। डीआरआइ के और हिरासत नहीं मांगने पर अदालत ने रन्या को 24 मार्च तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। रन्या ने डीआरआइ की हिरासत में शारीरिक यातना से इनकार किया, पर रोते हुए बदतमीजी का आरोप लगाया। डीआरआइ ने कहा कि पूरी प्रक्रिया रिकॉर्ड की गई है।

***पुलिस की भूमिका की कराएंगे जांच: गृहमंत्री...*** रन्या राव व तस्करी का मुद्दा विधानसभा में भी उठा। भाजपा विधायकों ने मांग की कि कथित तौर पर मामले में शामिल मंत्रियों के नाम उजागर किए जाएं। सरकार को राज्य पुलिस विभाग के रन्या राव को एस्कॉर्ट देने पर जवाब देना चाहिए। इस पर गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने कहा कि पुलिस विभाग की ओर से कोई चूक हुई है, तो जांच की जाएगी।

**इलाहाबाद हाईकोर्ट**

### बलात्कार की झूठी शिकायतों पर सीबीआइ जांच के आदेश

**प्रयागराज @ पत्रिका.** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बलात्कार सहित गंभीर अपराधों के आरोप लगाकर पैसे ऐंठने की मंशा से कई पुरुषों के खिलाफ 'झूठी' एफआइआर दर्ज करने के मामले में आरोपों की गंभीरता को देखते हुए सीबीआइ को महिला व उसके वकील की जांच करने और 10 अप्रेल तक अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया है। अदालत के समक्ष याचिकाकर्ताओं के वकील ने कहा कि महिला की यह 12वीं एफआइआर है और सभी एक ही वकील के माध्यम से कराई गई।

**जम्मू-कश्मीर:** उमर बोले - ऐसे कार्यक्रमों को रमजान क्या, कभी भी इजाजत नहीं

## रमजान में फैशन शो पर विधानसभा में हंगामा

**श्रीनगर @ पत्रिका.** जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में रमजान के दौरान शुक्रवार को हुए फैशन शो की तस्वीरें सामने आने पर पैदा हुआ विवाद सोमवार को विधानसभा में छाया रहा। विधायकों ने कड़ी आपत्ति जताई और हंगामा किया। शुरुआत में मामले की जानकारी न होने की बात कहने वाले सीएम उमर अब्दुल्ला ने बाद में कहा कि ऐसे कार्यक्रमों को रमजान क्या किसी भी महीने में इजाजत नहीं दी जा सकती। सीएमओ ऑफिस ने कहा, 24 घंटे में रिपोर्ट मांगी गई है। उधर, फैशन शो आयोजकों ने माफी मांगी है।



**बदलाव:** 86% वोटों के साथ बने पार्टी के नेता

## कनाडा में ट्रूडो का दौर खत्म, कमान अब कार्नी के हाथ में

**ओटावा @ पत्रिका.** बैंक ऑफ कनाडा के पूर्व गवर्नर मार्क कार्नी कनाडा की सत्तारूढ़ लिबरल पार्टी के प्रमुख चुन लिए गए। वह नए प्रधानमंत्री होंगे। वह जस्टिन ट्रूडो की जगह लेंगे, जिन्होंने इस साल के शुरू में पद से इस्तीफा दे दिया था। ट्रूडो के खालिस्तान समर्थित रुख के कारण भारत और कनाडा के बीच दूरियां बढ़ीं। कार्नी को लिबरल पार्टी के 86 फीसदी सदस्यों ने वोट देकर नेता चुना।

कार्नी के एजेंडे में अमरीकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के टैरिफ सबसे ऊपर होंगे। कार्नी ने वादा किया कि व्यापार में, 'हॉकी की तरह, कनाडा जीतेगा।'

### भारत के साथ बेहतर रिश्तों के हिमायती

**कार्नी** न केवल भारत और कनाडा के रिश्तों में तनाव को खत्म करना चाहते हैं, बल्कि भारत से अच्छे रिश्तों के हिमायती भी हैं। हाल ही उन्होंने कहा था कि अगर वह कनाडा के प्रधानमंत्री बनते हैं तो भारत के साथ व्यापारिक रिश्तों को बहाल करेंगे। उन्होंने दोनों देशों के रिश्तों में तनाव को स्वीकार किया और कहा कि आपसी मूल्यों और विश्वास पर आधारित मजबूत आर्थिक साझेदारी की आवश्यकता है।

## फाइनेंस के जादूगर ने ट्रंप को बताया था 'वोल्डेमॉर्ट'

*वैश्विक वित्तीय जगत के दिग्गज लेकिन कम राजनीतिक अनुभव वाले मार्क कार्नी ने कनाडा में सत्तारूढ़ लिबरल पार्टी की कमान संभाल ली है और जल्द ही वे जस्टिन ट्रूडो की जगह पीएम पद की शपथ लेंगे। यह उलटफेर ऐसे समय में हुआ है जब अमरीका व कनाडा के बीच व्यापार युद्ध की आशंका गहराती जा रही है।*

चर्चा में चेहरा


**मार्क कार्नी,** कनाडा के अगले पीएम

### कौन हैं मार्क कार्नी?


**मार्क** कार्नी का जन्म फोर्ट स्मिथ में हुआ और बचपन एडमॉन्टन में बीता। अर्थशास्त्र की ललक हार्वर्ड विश्वविद्यालय ले गई, जहां से उन्होंने स्नातक किया। ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से उन्होंने मास्टर और पीएचडी (1995) की डिग्री हासिल की। कार्नी की पत्नी डायना फॉक्स एक ब्रिटिश अर्थशास्त्री हैं, जिनसे वे ऑक्सफोर्ड में मिले थे। दोनों के चार बच्चे हैं।

***बैंकिंग की दुनिया से राजनीति तक..*** साल 2008 की वैश्विक वित्तीय मंदी में कार्नी बैंक ऑफ कनाडा के गवर्नर बने व अर्थव्यवस्था को स्थिर किया। वर्ष 2013 में जब ब्रिटेन ने उन्हें बैंक ऑफ इंग्लैंड का गवर्नर बनाया, तो वे इस पद पर पहले गैर-ब्रिटिश नागरिक थे। ब्रेग्जिट के दौर में कमान संभालने के बाद 2020 में कनाडा लौटे और राजनीति में उतरे। वह यूएन के जलवायु वित्त मामलों के विशेष दूत भी रहे।

***ट्रंप टैरिफ पर बोले, हम झुकने वाले नहीं हैं..*** मार्च 4 से लागू हुए अमरीकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के भारी टैरिफ के चलते कनाडा में राष्ट्रवाद और स्थिर नेतृत्व की मांग बढ़ गई है। कार्नी ने कहा है, 'हम किसी दबंग के आगे नहीं झुकेंगे।' कनाडा को अमरीका का 51वां राज्य बताने पर कार्नी ट्रंप को 'वोल्डेमॉर्ट' (हैरी पॉटर सीरीज का कुख्यात विलेन) भी कह चुके हैं।

-प्रस्तुति: ***अमित पुरोहित***

### ट्रेंडिंग न्यूज



**महिला अपराध, यूनुस सरकार जिम्मेदार**
**बीएनपी** के वरिष्ठ संयुक्त महासचिव रूहुल कबीर रिजवी ने कहा है कि देश में महिलाओं से बलात्कार-हिंसा की घटनाओं में इजाफे के लिए मुहम्मद यूनुस सरकार जिम्मेदार है।

**राजशाही का समर्थन, ओली विरोधी नारे**
**नेपाल** के पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र शाह पोखरा में एक महीने के प्रवास के बाद रविवार को काठमांडू लौटे। हवाईअड्डे पर समर्थकों का बड़ा जमावड़ा रहा, जिन्होंने प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के खिलाफ नारेबाजी भी की। वहीं, पीएम ओली ने पूर्व नरेश को चुनौती दी कि वह चुनाव लड़कर दिखाएं।



**विदेश मंत्री को तुच्छ बताकर चुप कराया**
**यूक्रेन** को स्टारलिंक के इंटरनेट की सुविधा बंद किए जाने की धमकियों पर हुई बहस में पौलेंड के विदेश मंत्री रैडोस्लाव सिकोरस्की को अरबपति कारोबारी एलन मस्क ने कहा, तुच्छ आदमी, चुप रहो। बहस स्टारलिंक की लागत पर थी।



**इको-फ्रेंडली** | बांस शिल्पी धर्मेंद्र की पहल, लागत 50 रुपए

# बांस से बना डाली अनूठी पिचकारी

दक्षा वैदकर
patrika.com

**भोपाल.** बांस शिल्पी धर्मेंद्र रोहर ने प्लास्टिक फ्री पिचकारी तैयार की है। बांस से बनी यह पिचकारी महंगी प्लास्टिक की पिचकारियों से न सिर्फ किफायती है बल्कि पर्यावरण सुरक्षा में भी अहम साबित होगी। आमतौर पर प्लास्टिक की पिचकारियां 250 से एक हजार रुपए तक की होती हैं। इससे प्लास्टिक वेस्ट बढ़ता है और पर्यावरण को नुकसान भी पहुंचता है। वहीं बांस की पिचकारी 50 रुपए में बन सकती है और यह पूरी तरह इको-फ्रेंडली है। इसे 1 घंटे में घर पर ही तैयार किया जा सकता है।

***ऐसे करते हैं तैयार..*** पहले पिचकारी के आकार के अनुसार ऐसा बांस काटना है जिसमें एक तरफ गांठ हो। गांठ वाले हिस्से पर छोटा-सा छेद करें, ताकि पानी फोर्स के साथ बाहर आ सके। इसके बाद बांस की दूसरी लकड़ी को गोलाकार में छिलते हैं। यह इतना मोटा हो कि बांस की पिचकारी के अंदर और बाहर आ-जा सके और उसे खींचने पर वैक्यूम बने।



***वर्कशॉप ...*** अब तक 100 से ज्यादा लोग पिचकारी खरीद चुके हैं। कई संस्थाएं वंचित बच्चों को बांटने के लिए बनवा रही हैं। धर्मेंद्र वर्कशॉप दे रहे हैं, जिसमें कोई भी बांस लाकर खुद पिचकारी बनाकर ले जा सकता है।

**अवसर** | 2027 तक होगी 23 लाख एआइ पेशवरों की मांग

# 10 लाख एआइ पेशेवरों का होगा टोटा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** आर्टिफिशियल (एआइ) से जुड़े विशिष्ट कौशल की बढ़ती जरूरतों के बीच भारत को आने वाले समय में एआइ पेशेवरों की भारी संकट का सामना करना पड़ सकता है। एक अध्ययन में वर्ष 2027 तक देश में एआइ क्षेत्र में 10 लाख से अधिक कुशल पेशेवरों की कमी होने का अनुमान जताया गया है। बैन एंड कंपनी की इस स्टडी में एआइ विशेषज्ञता की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए भारत में वर्क फोर्स को नए सिरे से प्रशिक्षित करने की तत्काल जरूरत है।

भारत के एआइ क्षेत्र में 2027 तक उपलब्ध नौकरियों के अवसर डेढ़ से दोगुना बढ़कर 23 लाख से ज्यादा होंगे।



***21 फीसदी बढ़ रहे एआइ जॉब्स ...*** भारत में बैन एंड कंपनी के पार्टनर (एआइ, इनसाइट्स और सॉल्यूशन प्रैक्टिस) सैकत बनर्जी ने दावा किया है कि भारत के पास खुद को वैश्विक एआइ प्रतिभा केंद्र के रूप में स्थापित करने का एक अनूठा अवसर है। बैनर्जी के अनुसार, वर्ष 2019 से ही एआइ से संबंधित नौकरियों में उछाल है, जो सालाना 21 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है।

## गूगल बेच दे क्रोम, अदालत में दलील

**वाशिंगटन @ पत्रिका.** अमरीका के न्याय विभाग ने एक बार जोर देते हुए अदालत से कहा है कि गूगल अपना क्रोम वेब ब्राउजर बेचे, क्योंकि इसके जरिए गूगल को ऑनलाइन सर्च इंजन बाजार में एकाधिकार में मदद मिलती है। बाइडन प्रशासन की ही तरह ट्रम्प प्रशासन ने न्यायालय में दाखिल याचिका में न्यायाधीश अमित पी. मेहता के सामने अपना पक्ष रखते हुए कहा है कि अदालत गूगल को क्रोम बेचने के लिए बाध्य करते हुए वे कार्यप्रणालियां समाप्त करे जो गूगल को सर्च इंजन बाजार में अवैध एकाधिकार रखने में मदद देती हैं।

## जेलेंस्की नहीं, टीम होगी शामिल

**कीव @ पत्रिका.** कीव. यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा है कि वह इस सप्ताह सऊदी अरब में यूक्रेनी और अमरीकी वार्ताकारों के बीच होने वाली उच्च स्तरीय वार्ता में शामिल नहीं होंगे। सोमवार को सऊदी अरब पहुंचे यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा कि वह क्राउन प्रिंस के साथ वार्ता के बाद अमरीकी सरकार के प्रतिनिधियों से मिलने के लिए वहां नहीं रुकेंगे। बल्कि इस वार्ता के लिए अपने सहयोगियों को वहां छोड़ देंगे। यूक्रेन से राष्ट्रपति के चीफ ऑफ स्टाफ एंड्री यरमक, विदेश मंत्री एंड्री सिबिहा, रक्षा मंत्री रुस्तम वार्ता में शामिल होंगे।

''स्वत्वाधिकारी राजस्थान पत्रिका प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक गजराज भण्डारी द्वारा 2/3 आई एन एस बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं राजस्थान पत्रिका प्रा. लि. भूखण्ड संख्या 68-69, फेज VII , सैक्टर-35, गुरुग्राम (हरियाणा) एवं मैसर्स विभा पब्लिकेशन प्राईवेट लिमिटेड, डी-160 बी, सैक्टर 7, गौतमबुद्ध नगर (यू.पी.) से मुद्रित। आर.एन.आई. नं. डेलहिन/2005/15156, सम्पादक: भुवनेश जैन।